# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

गुरुवार, 23 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 109, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 757 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी थम गई और सेंसेक्स में करीब 757 अंकों की गिरावट रही जबकि निफ्टी 198 अंक टूट गया। } 10

## असम में कांग्रेस को मिलेगी सबसे बड़ी हार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पायेगी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस पार्टी से जुड़ाव उन्हें राजनीतिक रूप से और कमजोर करेगा। } 12



# वैदिक मंत्रों के बीच खुले केदारनाथ के कपाट

### पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं, श्रद्धालुओं से पांच संकल्प अपनाने का किया आह्वान

प्रमुख संवाददाता



केदारनाथ धाम (उत्तराखंड)। हिमालय की दिव्य पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य स्थित विश्वप्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज पारंपरिक रीति-रिवाजों, वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाटोद्घाटन के इस पावन अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी धर्मपत्नी गीता धामी के साथ मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ के समक्ष देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चारधाम यात्रा के शुभारंभ और बाबा केदारनाथ के कपाट खुलने पर देशवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा भारत की सनातन चेतना का भव्य पर्व है और हिमालय में स्थित ये धाम हमारी आस्था के अमर केंद्र हैं। पीएम ने श्रद्धालुओं से पांच संकल्प अपनाने की अपील भी की है। मंदिर परिसर में सिख रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय प्रस्तुतियों ने वातावरण को और अधिक अलौकिक बना दिया। हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने और भक्ति भाव में डूबे नजर आए। कपाट खुलने के अवसर पर मंदिर को 51 क्विंटल से अधिक पुष्पों से सजाया गया था। कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, जिससे पूरा धाम दिव्यता से सराबोर हो उठा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि श्री केदारनाथ धाम केवल करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत का गौरवशाली प्रतीक भी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष की चारधाम यात्रा नए रिकॉर्ड स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर वायुसेना का दमखम

### सुखोई-मिराज की गर्जना, हवा में दिखाए करतब, रात में भी युद्धाभ्यास

जिला संवाददाता



सुलतानपुर (उप्र)। वायुसेना का लड़ाकू विमानों का दो दिवसीय अभ्यास बुधवार को सुलतानपुर जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक आपातकालीन हवाई पट्टी पर शुरू हुआ, जिसके मद्देनजर अधिकारियों ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के साथ ही यातायात प्रतिबंध लगाए हैं।

अधिकारियों के अनुसार, यह अभ्यास अरवल-किरी करवत हवाई पट्टी पर किया जा रहा है, जहां आपात स्थिति के दौरान एक्सप्रेस-वे का उपयोग वैकल्पिक रनवे के रूप में करने की तैयारी के तहत लड़ाकू विमान टच-एंड-गो ऑपरेशन संचालित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान विमानों की आवाजाही के प्रबंधन के लिए एक्सप्रेस-वे के पास एक हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली भी स्थापित की गई है। स्थानीय प्रशासन ने इससे पहले हवाई पट्टी के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी थी और निवासियों से इससे सुरक्षित दूरी बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान देने से बचने की अपील की थी। इस अभ्यास से क्षेत्र में उत्साह भी पैदा हुआ है क्योंकि लोगों को लड़ाकू विमानों को करीब से देखने का मौका मिल रहा है। अधिकारियों ने कहा कि एहतियात के तौर पर एक्सप्रेस-वे के 12 किलोमीटर लंबे हिस्से पर यातायात का मार्ग एक मई तक बदल दिया गया है और अभ्यास समाप्त होने के बाद 2 मई से फिर से शुरू किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### आज घोषित होगा यूपी बोर्ड का रिजल्ट

प्रयागराज/लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के सचिव भगवती सिंह ने जानकारी दी है कि वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं का परिणाम 23 अप्रैल को अपराह्न 4:00 बजे परिषद मुख्यालय, प्रयागराज के सभागार में घोषित किया जाएगा। परीक्षाफल परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। यूपी बोर्ड के सचिव ने बताया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच प्रदेश के 8033 परीक्षा केंद्रों पर 15 कार्यदिवसों में सकुशल संपन्न हुईं। हाईस्कूल में 26.02 लाख तथा इंटरमीडिएट में 24.91 लाख परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इसके बाद 254 मूल्यांकन केंद्रों पर लगभग 2.75 करोड़ उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से 04 अप्रैल तक 15 कार्यदिवसों में पूर्ण किया गया। त्रुटिहीन परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्रधानाचार्यों एवं वरिष्ठ प्रवक्ताओं को अंकेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।

### ऑनलाइन गेमिंग के नियम अधिसूचित

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित ऑनलाइन गेमिंग नियमों को अधिसूचित कर दिया। ये नियम ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन अधिनियम को संचालित करने के लिए प्रक्रियात्मक ढांचा मुहैया कराते हैं और इनके आधार पर ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण का गठन भी हो सकेगा। आईटी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि ज्यादातर ऑनलाइन गेम-अगर वे रियल मनी गेम नहीं हैं (पैसे का लेनदेन शामिल नहीं है), को अनिवार्य रूप से पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। निगरानी केवल कुछ विशेष परिस्थितियों में ही शुरू की जाएगी। हालांकि, ईस्पोर्ट्स के लिए अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता होगी।

# भाजपा ही लौटा सकती है बंगाल का वैभव

### चार मई को बंगाल में लहराएगा भगवा, शुरू होगी टीएमसी के गुंडों की उल्टी गिनती : सीएम योगी

विशेष संवाददाता



कोलकाता/नदिया/हावड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ममता बनर्जी को ललकारते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में 4 मई को भगवा लहराएगा। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गुंडों की उल्टी गिनती शुरू होगी। उन्होंने इशारों में ममता व अभिषेक बनर्जी पर प्रहार करते हुए कहा कि बुआ-भतीजा बंगाल का अस्तित्व मिटाना चाहते हैं। कोलकाता का मेयर कहता है कि यहां ऊर्दू चलेगी। कोई माई का लाल बंगाली अस्मिता से खिलवाड़ नहीं कर सकता। टीएमसी के लोग जान लें कि बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है। सीएम योगी बुधवार को पश्चिम बंगाल के जोरासांको, चकदहा व उदयनारायणपुर विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। बंगाल में उनका जादू लगातार सिर चढ़कर बोल रहा है। टीएमसी के गुंडों की अराजकता व धमकी के बावजूद हजारों की भीड़ चिलचिलाती धूप में सिर पर गमछा और छाता लिए सीएम योगी को देखने-सुनने के लिए उमड़ पड़ी। जनसभाओं में आए अधिसंख्य लोग हाथ में पोस्टर लिए हुए थे, जिन पर लिखा था- योगी जी बुलडोजर लाओ, हम तुम्हारे साथ हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है। इसमें 80 फीसदी सीटें भाजपा जीतने जा रही हैं। जब 4 मई को परिणाम आएंगे तो बंगाल में भगवा ध्वज लहराया जाएगा। बंगाल फिर से सोनार बांग्ला बनकर अपनी पहचान स्थापित करेगा। हमें बंगाल की अस्मिता को बचाना और कठमुल्लापन को बढ़ावा देने वालों को हर हाल में रोकना है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि लोकतंत्र ने आपको जो ताकत दी है, अपने वोट के जरिए उसका सही इस्तेमाल कीजिए। बंगाल अब बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। उत्तर प्रदेश की तरह डबल इंजन सरकार बनने पर बंगाल में भी विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का नया दौर शुरू होगा। सीएम योगी ने कहा कि ममता दीदी कहती है कि खेला होबे, मैं कहता हूं कि ममता दीदी ए बार खेला शेष, उन्नयन शुरू (इस बार खेल खत्म और विकास शुरू)। मोदी जी द्वारा विकास के लिए भेजे गए पैसे में बंगाल सरकार की डकैती बंद होगी। रामनवमी व दुगार्पूजा के कार्यक्रम हर्षोल्लास से होंगे। कोई इसमें बाधा बनेगा तो उसका खेला शुरू हो जाएगा। मतदाताओं की ताकत बंगाल को गुंडागर्दी से निजात दिलाएगी। आमार सोनार बांग्ला, टीएमसी मुक्त बांग्ला बनेगा। अब ऑन्धकार हटबे, सूरोज उठेबे, कोमोल खिलबे (अंधकार हटेगा, सूरज ...शेष पृष्ठ 10 पर

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा की शुचिता सर्वोपरि : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार देर शाम होमगार्ड स्वयंसेवक भर्ती परीक्षा, स्मार्ट मीटर से जुड़ी व्यवस्थाओं, पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता तथा प्रदेश की कानून-व्यवस्था सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने 25, 26 एवं 27 अप्रैल को प्रस्तावित होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियों, जनसुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती परीक्षा पहली बार पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के माध्यम से आयोजित की जा रही है, अतः सभी संबंधित अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें। जिन जनपदों में हाल ही में नए जिलाधिकारी तैनात हुए हैं, वे संबंधित मंडलायुक्त तथा एडीजी/आईजी स्तर के अधिकारियों के साथ समुचित समन्वय सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि परीक्षा ...शेष पृष्ठ 10 पर

**○ स्मार्ट मीटर शिकायतों के समाधान के लिए सभी जिलों में हर फीडर पर लगेगा शिविर**

## मिर्जापुर में बड़ा सड़क हादसा, आठ जिंदा जले

मिर्जापुर। रीवा-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ड्रमंडगंज घाटी में ढलान पर बुधवार की रात नौ बजे मध्य प्रदेश की ओर से चना लादकर आ रहे ट्रकका ब्रेक फेल हो गया जिससे वह आगे चल रहे कंटेनर से टकरा गया। कंटेनर ने बोलेरो व स्विफ्ट डिजायर कार में टक्कर मार दी। इससे बोलेरो असंतुलित होकर डिवाइर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। इससे उसमें आठ लोगों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में चार पुरुष, दो महिला व दो बच्चे हैं। वहीं कार चालक की मौत हो गई। ट्रक का चालक भी घायल हो गया। घटना के दो घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग को बुझाई। एसपी अपर्णा रजत कौशिक, सीओ लालगंज अमर बहादुर व ड्रमंडगंज, हलिया व लालगंज थाने की फोर्स पहुंच गई। बताया गया कि बोलेरो सवार मध्य प्रदेश के मैहर से दर्शन-पूजन करके लोट रहे थे। बोलेरो जिगना के रामपुर हंसवार श्रीनिवासधाम की थी। वह पूरी तरह से जल गई है। कार भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। बताया गया कि स्विफ्ट डिजायर कार में चालक जय प्रकाश पुत्र मुन्नर प्रसाद निवासी मझिगवां पोस्ट परसी जनपद सोनभद्र का है।

# अयोध्या में भूमि अधिग्रहण पर हाईकोर्ट की रोक

### भू स्वामियों व किसानों को कम कीमत देकर जमीनें लेने का कोई औचित्य नहीं

विधि संवाददाता



लखनऊ इलाहाबाद हाईकोर्ट लखनऊ बेंच ने अयोध्या में उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की विभिन्न योजनाओं के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पर बुधवार को अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि जिन योजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण करने को चुनौती दी गयी है उन सभी में राज्य सरकार सहित सभी पक्षकार मौके पर यथास्थिति बनाए रखेगें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवायी गुरुवार को नियत किया है। यह आदेश जस्टिस राजन राय एवं जस्टिस मंजीव शुक्ला की पीठ ने बुधवार को ग्याहर याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई के दौरान पारित किया। कोर्ट के सामने लंबे समय से सुनवायी चल रही है और बुधवार को विभिन्न याची पक्षों के अधिवक्ताओं की ओर से बहस पूरी कर ली गयी । वहीं, जब कोर्ट ने राज्य सरकार के आवास एवं शहरी विकास विभाग, जिलाधिकारी अयोध्या और आवास एवं विकास परिषद के अधिवक्ताओं से बहस करने को कहा तो उनकी ओर से पेष हो रहे ...शेष पृष्ठ 10 पर

# राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ बढ़ाया युद्धविराम

एजेंसी



वाशिंगटन/इस्लामाबाद। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यस्थ देश पाकिस्तान के अनुरोध पर ईरान के साथ युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया है। ट्रंप ने कहा कि यह कदम तेहरान के आंतरिक मतभेदों से जूझ रहे नेतृत्व को सात सप्ताह से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करने का समय देने के उद्देश्य से उठाया गया है। नाटकीय रूप से यह घोषणा तब की गई, जब आठ अप्रैल को घोषित दो सप्ताह का युद्धविराम कुछ ही घंटों में समाप्त होने वाला था।

इसके साथ ही उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की इस्लामाबाद यात्रा भी टल गई, जहां ईरानी प्रतिनिधियों के साथ शांति वार्ता प्रस्तावित थी। वेंस और विशेष अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ तथा जेरेड कुशनर मंगलवार को इस्लामाबाद जाने वाले थे, लेकिन व्हाइट हाउस ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल की पाकिस्तान यात्रा आज (मंगलवार को) नहीं होगी। ट्रंप ने मंगलवार को एक बयान में कहा इस तथ्य के आधार पर कि ईरान की सरकार गंभीर रूप से आंतरिक मतभेदों से जूझ रही है और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर तथा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के अनुरोध पर हमसे कहा गया है कि हम ईरान पर अपने हमले को तब तक रोकें, जब तक उसके नेता और प्रतिनिधि समेकित प्रस्ताव तैयार नहीं कर लेते। हालांकि, ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका ईरान पर अपने हमले को तब तक ही रोकेगा, जब तक उसके नेता और प्रतिनिधि समेकित प्रस्ताव तैयार नहीं कर लेते। उन्होंने कहा कि ईरान के बंदरगाहों पर आर्थिक नाकेबंदी जारी रहेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने इसलिए अपनी सेना को नाकेबंदी जारी रखने तथा अन्य सभी मामलों में पूरी तरह तैयार और सक्षम रहने का निर्देश दिया है और युद्धविराम को तब तक बढ़ाया जाएगा, जब तक उनका प्रस्ताव पेश नहीं हो जाता और बातचीत किसी न किसी नतीजे पर नहीं पहुंच जाती। अमेरिका की आलोचना करते हुए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी युद्ध की कार्वाई है और युद्धविराम का उल्लंघन है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, किसी वाणिज्यिक जहाज पर हमला करना और ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 42.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 25.00 डिसे. |


**भीतर पढ़ें**

- जोनल कान्फ्रेन्स में जुटेंगे कई राज्यों के कृषि मंत्री (पृष्ठ-02)
- हज यात्रियों की पहली उड़ान, 427 यात्री हुए रवाना (पृष्ठ-02)
- रुपया 39 पैसे टूटकर 93.83 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- अटल पेंशन योजना के सदस्यों की संख्या हुई नौ करोड़ (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** क्वांटम कंप्यूटर भारत में लाने का प्रयास कर रही योगी सरकार : आलोक

# एआई, चिप्स से लड़े जायेंगे भविष्य के युद्ध : चौधरी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। योगी सरकार के निर्देशन में यूपी पुलिस फॉरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (यूपीएसआईएफएस) लखनऊ में बुधवार को क्वांटम कम्प्यूटिंग पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने कहा कि क्वांटम कम्प्यूटिंग नवीन युग की शुरूआत है। उद्घाटन सत्र में प्रमुख अतिथि एवं नेशनल क्वांटम मिशन (एनक्यूएम) के चेयरमैन व एचसीएल के सह-संस्थापक डॉ. अजय चौधरी ने कहा कि दुनिया अब यूनिपोलर (एकध्रुवीय) हो गई है, जहां हर देश अपनी तकनीक पर निर्भर है। ऐसे में भारत के लिए स्वदेशी तकनीक पर नियंत्रण अनिवार्य है। डॉ. अजय चौधरी ने कहा कि अमेरिका के सॉफ्टवेयर और चीन के हार्डवेयर प्रभुत्व का उदाहरण देते हुए चेताया कि भारत का डिजिटल ढांचा भी स्वदेश विकसित होना चाहिए। उन्होंने तकनीक को दोधारी तलवार बताते हुए कहा कि भविष्य के युद्ध ...शेष पृष्ठ 10 पर

**○ आज से यूपीएसआईएफएस की क्वांटम यात्रा शुरू : डॉ. जीके गोस्वामी**

# शिक्षा सुधारों का असर, यूपी से निकल रहे टॉप टैलेंट

### कई जिलों से चमके अभ्यर्थी, मेरठ से कौशांबी तक सफलता की लहर

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश अब केवल जनसंख्या का सबसे बड़ा राज्य नहीं, बल्कि शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में देश का उभरता हुआ टैलेंट पावरहाउस बन चुका है। स्कूलों की मजबूत होती बुनियाद से लेकर यूपीएससी, एनईईटी और जेईई जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं में लगातार बढ़ती सफलता यह दर्शा रही है कि प्रदेश में शिक्षा अब पढ़ाई के साथ-साथ परिणाम और प्रतिस्पर्धा केंद्रित मॉडल में बदल चुकी है। वर्ष 2017 के बाद योगी सरकार के संरचनात्मक सुधारों, डिजिटल हस्तक्षेप और अवसरों के विस्तार ने इस परिवर्तन को गति दी है। स्कूलों के आधारभूत ढांचे, शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल संसाधनों, छात्रवृत्ति और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन जैसे क्षेत्रों में हुए ठोस सुधारों ने शिक्षा व्यवस्था को जमीनी स्तर से बदल दिया है। वर्ष 2017 से 2026 के बीच उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन एक सतत और योजनाबद्ध प्रक्रिया के रूप में उभरकर सामने आया है। 2017 में अनुशासन और पारदर्शिता को केंद्र में रखकर सुधारों की नींव रखी गई, जिसे 2018 में इंफ्रास्ट्रक्चर ...शेष पृष्ठ 10 पर

# महिला विरोधी हैं कांग्रेस व सपा के कारनामे : मुख्यमंत्री

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में विपक्षी दलों पर गरजे सीएम योगी

- महिलाओं को नेतृत्व का अधिकार नहीं देना चाहती हैं विपक्षी पार्टियां

जिला संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को पारित न होने देने वाली कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) सहित सभी विपक्षी दलों पर एक बार फिर जमकर निशाना साधा है। गोरखपुर में विपक्षी दलों पर गरजते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये पार्टियां महिलाओं को नेतृत्व का अधिकार नहीं देना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा का इतिहास और उनके कारनामे महिला विरोधी हैं।

सीएम योगी बुधवार शाम योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं का अधिकार बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में जब नया संसद भवन बना तो पीएम ने नए संसद भवन में सबसे पहला अधिनियम नारी शक्ति वंदन का ही पारित कराया। उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक के जरिये 2029 के लोकसभा चुनाव से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को कानून बनाने और उसके क्रियान्वयन में भागीदारी का अधिकार देना चाहते हैं लेकिन विधेयक के गिरने पर जश्न मनाने वाले महिला विरोधी विपक्ष को यह मंजूर नहीं है। उन्होंने इसके लिए मुख्य रूप से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके को जिम्मेदार ठहराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा के कारनामे शुरू से ही महिला विरोधी रहे हैं। कांग्रेस ने महिलाओं, दलितों, वंचितों, पिछड़ो के अधिकार में हमेशा बाधा डालने का काम किया। जबकि सपा तो घोषित रूप से नारी विरोधी है। सपा के बारे में यह कहा भी जाता है, देख सपाई, बिटिया घबराई। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले सपा सरकार में मध्य और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों ने बेटियों को स्कूल भेजना बंद कर दिया था। जबकि आज बेटियां बिना रोकटोक के स्कूल जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 1947 से लेकर 2017 तक यूपी पुलिस में सिर्फ 10 हजार



महिलाओं की भर्ती हुई थी, जबकि 2017 के बाद यह संख्या 44 से 45 हजार है। प्रदेश में पुलिस भर्ती होने पर 20 प्रतिशत महिलाओं की भर्ती को अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद से नौ लाख से अधिक सरकारी नौकरियों में भर्ती हुई हैं और इनमें पौने दो लाख महिलाएं भर्ती हुई हैं। प्रदेश में 21 हजार से अधिक स्टार्टअप शुरू हुए हैं और इनमें आधी भागीदारी महिलाओं की है।

सीएम योगी ने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी आवश्यक है। पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं को सुनिश्चित प्रतिनिधित्व मिल गया है और उसके परिणाम भी सुखद हैं। राज्य में 54 प्रतिशत ब्लॉक प्रमुख महिलाएं ही हैं। इसी तरह ग्राम पंचायतों और जिला पंचायतों को देखें तो महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

सीएम ने कहा कि अब संसद और विधानसभाओं में भी महिलाओं 33 प्रतिशत आरक्षण देने का अभियान पीएम मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये शुरू किया तो सपा, कांग्रेस जैसे महिला विरोधी दल बहानेबाजी करने और लटकाने-भटकाने पर उतर आए। भीषण गर्मी में और उस पर भी कम समय की सूचना पर सम्मेलन में महिलाओं की बड़ी संख्या को देखकर प्रसन्न मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन में नारी शक्ति की हिस्सेदारी यह साफ संदेश है कि महिलाओं को उनके अधिकार से बहुत अधिक दिनों तक कोई वंचित नहीं रख सकता। यह नारी शक्ति के द्वारा भीख नहीं मांगी जा रही है, उसका यह स्वतः अधिकार है। जिसको आजादी के बाद से ही लटकाने का प्रयास हो रहा था।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधी आबादी के प्रति कृत ज्ञापित करते हुए अभियान प्रारंभ किया है। पीएम मोदी का मानना है कि जहां नारी सशक्त होती है तो वह परिवार अपने आप में समर्थ होता है। जब परिवार समर्थ होता है तो समाज की नींव सुदृढ़ होती है। और, जब समाज की नींव सुदृढ़ होती है तो राष्ट्र शक्तिशाली और समृद्ध होता है। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया का कोई भी देश हो, वह गाय को माता भले न माने लेकिन दूध वह गाय का ही पीता है। मुख्यमंत्री ने सवाल भी उठाया, जो लोग गाय खाते हैं, वे सुअर का दूध पीते हैं क्या? इसका जवाब भी उन्होंने खुद नहीं में दिया।

# यूपी बीज निगम कार्मिकों को भी मिलेगा सातवां वेतनमान

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में 40 करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा संभावित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य बीज विकास निगम के कार्मिकों को सातवां वेतनमान दिए जाने का निर्णय लिया है। एक निगम होने के कारण अभी तक इन कर्मियों को सरकारी विभागों की तरह वेतन का यह लाभ प्राप्त नहीं हो सका था। मुख्यमंत्री के इस संवेदनशील निर्णय से निगम के कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है, क्योंकि लंबे समय बाद उन्हें अन्य सरकारी कर्मचारियों की भांति सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ मिलेगा।

उत्तर प्रदेश राज्य बीज विकास निगम की वित्तीय स्थिति में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। निगम वित्तीय वर्ष 2017-18 के बाद से, विशेषकर वित्तीय वर्ष 2019-20 से निरंतर लाभ अर्जित कर रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में निगम द्वारा 40.00 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ अर्जित किया जाना संभावित है। निगम की इस सुदृढ़ वित्तीय स्थिति और कर्मियों के समर्पण को देखते हुए ही सातवें वेतनमान की फाइल को स्वीकृति प्रदान की गई है।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 तक निगम का कुल संचित लाभ 143.07 करोड़ रुपये हो चुका है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के विशेष प्रयासों ने निगम को घाटे से उबारकर लाभ की स्थिति में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी सफलता के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री जी ने कार्मिकों के हित में सातवां वेतनमान लागू करने का निर्णय लिया है, जिससे कर्मचारियों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित होगा।

# हज यात्रियों की पहली उड़ान, 427 यात्री हुए रवाना



- पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का किया गया प्रयोग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ, हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने हज में यात्रा पर जा रहे हज यात्रियों को स्वागत एवं अभिनन्दन कर उन्हें हरी झंडी दिखाकर हज के लिए रवाना किया। हज की पहली उड़ान से कुल 427 हज यात्री रवाना हुए, जिनमें 222 पुरूष एवं 205 महिलाएं शामिल हैं। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों का उन्होंने स्वागत एवं अभिनन्दन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिनकी शान में आज यह महफिल सजी है हज की आज पहली उड़ान की शुरूआत लखनऊ से हुई है।

मंत्री श्री अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बताया है कि जब आप हज पर जाएं, हज पूरा होने के बाद, हज के दौरान जब आप दुआओं के लिए हाथ उठाएं, तो उस दुआ में अपने प्रदेश और अपने मुल्क की तरक्की की दुआएं जरूर मांगे। ऐसी गुजारिश माननीय मुख्यमंत्री जी ने तमाम हाजियों से की है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू एवं हमने खुद हज की जो पूरी ये प्रक्रिया है, हज का जो पूरा सफर है, ये पूरे सुकून और इत्मीनान से आपको मिले, इसके लिए हमने पूरी ईमानदारी से काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से मुझे सऊदी भी भेजा गया था। मैं मक्का और मदीना खुद गया था और मैंने वहां जा के ग्राउंड जीरो के इंस्पेक्शन भी किये हैं। हमारी डबल इंजन की सरकार ने पूरी ईमानदारी एवं लगन से प्रयास किया है कि किसी हज यात्री को हज के दौरान कहीं कोई दिक्कत ना हो इसकी पूरी तैयारी की है। अच्छे होटल्स हमने सेलेक्ट किए हैं, रहने की अच्छी व्यवस्थाएं हमने बनाई हैं। ट्रांसपोर्टेशन के लिए भी अच्छी व्यवस्थाएं हमने बनाई है।

राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण व अध्यक्ष उप्र. राज्य हज समिति दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि जो आपको किट दी गई है उस किट में एक स्मार्ट वॉच आपको मिला होगा। ये पहला हज है जिसमें भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इसमें इस्तेमाल पहली बार कर रहा है।

# अपर मुख्य सचिव एवं निदेशक से मिला उप्र प्राथमिक शिक्षामित्र संघ



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा एवं निदेशक बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल से मुलाकात की और शिक्षामित्रों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा और स्थानांतरण (मूल विद्यालय वापसी) जैसी समस्याओं से अवगत कराया। शिक्षामित्रों को कैशलेस चिकित्सा का लाभ देने संबंधी समस्त औपचारिकताएं अभी लंबित हैं। संगठन ने मांग की कि इसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए ताकि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे शिक्षामित्रों को समय पर उपचार मिल सके। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के तिवारी गुट के अध्यक्ष एसपी तिवारी, प्रदेश संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह, विनोद वर्मा, अजीत कुमार यादव, सुशील तिवारी आदि उपस्थित रहे।

- शिक्षामित्रों की समस्याओं से कराया अवगत

# यूपी के हर जिले में सुरक्षित खून उपलब्ध प्रगति सराहनीयः डा. राकेश गुप्ता

- सभी संचालित ब्लड सेंटरों में 100 प्रतिशत कंपोनेंट सेपरेशन की सुविधा उपलब्ध
- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से देशभर में ब्लड बैंक और खून चढ़ाने की सेवाओं की समीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश में ब्लड बैंक और खून चढ़ाने की सेवाओं की समीक्षा में उप्र की उपलब्धियों को विशेष रूप से सराहा गया। राज्य में हर जिले में कम से कम एक लाइसेंस प्राप्त ब्लड सेंटर है, जिससे खून की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। राज्य के सभी संचालित ब्लड सेंटरों में 100 प्रतिशत कंपोनेंट सेपरेशन की सुविधा उपलब्ध है, जिससे एक यूनिट खून से कई मरीजों का इलाज संभव हो पाता है। लाइसेंस अनुपालन में भी राज्य का प्रदर्शन देश के बेहतर राज्यों में शामिल है।



-फोटो-मनोज जी

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बुधवार की सुबह 11 बजे राष्ट्रीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त सचिव (जन स्वास्थ्य) एवं नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (नाको) के महानिदेशक डॉ. राकेश गुप्ता ने की। समीक्षा में देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने मुख्यालयों से वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

बैठक में ब्लड बैंक और खून चढ़ाने की सेवाओं के पांच प्रमुख चरणों—लाइसेंसिंग एवं नवीनीकरण, रक्तदाता स्क्रीनिंग व रक्त संग्रह, खून से होने वाले संक्रमण (टीटीआई) की जांच और संक्रमित दाताओं का रेफरल, खून का प्रोसेसिंग, भंडारण व वितरण तथा रिपोर्टिंग एवं रिकॉर्ड-कीपिंग—की विस्तृत समीक्षा की गई।

अध्यक्षीय संबोधन में डा. राकेश गुप्ता ने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश के हर जिले में सुरक्षित खून की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके तहत दिसंबर 2026 तक हर जिले में कम से कम एक ब्लड बैंक स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से जुड़े बायोमेट्रिक डोनर पहचान प्रणाली को लागू किया जाएगा और प्रत्येक ब्लड सेंटर के लिए हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन आईडी बनाई जाएगी। इससे रक्तदान और वितरण की पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनेगी। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने और हर नागरिक को समय पर, सुरक्षित और सुलभ खून उपलब्ध कराने के साझा लक्ष्य को दोहराया।

# सीधे रोजगार से जोड़ा जाये कौशल विकास के कार्यक्रम

- मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने समीक्षा बैठक कर दिये निर्देश

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य की दिशा में स्किल डेवलपमेंट सेक्टर को और अधिक प्रभावी एवं परिणामपरक बनाने की कवायद तेज हो गई है। इसी क्रम में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कौशल विकास कार्यक्रमों को सीधे रोजगार से जोड़ा जाए, ताकि युवाओं को प्रशिक्षण के बाद तत्काल रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि योगी सरकार स्किल डेवलपमेंट को प्रदेश की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार मानते हुए इसे उद्योगों से जोड़ने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। आईटीआई सुधार, इंडस्ट्री पार्टनरशिप और आधुनिक कोर्सेज के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को रोजगार योग्य बनाकर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश में तेजी से बढ़ते औद्योगिक निवेश और एमएसएमई सेक्टर के विस्तार को देखते हुए स्किल्ड मैनपावर की मांग भी बढ़ रही है। ऐसे में कौशल विकास कार्यक्रमों को रोजगार से जोड़ने की यह पहल उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सचिवालय में बुधवार को आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विभागीय योजनाओं की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट केवल प्रमाण पत्र देने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसका अंतिम लक्ष्य युवाओं को रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ना होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जाए।

आईटीआई आधुनिकीकरण और इंडस्ट्री लिंकिंग पर जोर बैठक में आईटीआई के व्यापक आधुनिकीकरण पर विशेष चर्चा हुई। टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण को पूरी तरह इंडस्ट्री-ओरिएंटेड बनाया जाए, जिससे युवाओं को प्रशिक्षण के तुरंत बाद रोजगार मिल सके। इसके साथ ही डिलाइट इंडिया के साथ वर्चुअल प्रेजेंटेशन में नई तकनीकों के अनुरूप स्किलिंग को अपडेट करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने निर्देश दिये कि आईटीआई और कौशल विकास केंद्रों में आधुनिक उपकरण, अत्याधुनिक लैब और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो सके। मंत्री अग्रवाल ने कौशल विकास मिशन और आईटीआई में बढ़ते ड्रॉपआउट को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके मूल कारणों की पहचान कर प्रभावी समाधान लागू किए जाएं।

# सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी

- 28 तक ऑनलाइन ली जायेंगी आपत्तियां

**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सहायक आचार्य परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी कर दी गई है। आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://upessc.up.gov.in पर अभ्यर्थियों के अवलोकन हेतु अपलोड की है। आयोग अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि अभ्यर्थी संबंधित विषय की प्रोविजनल उत्तरकुंजी का सावधानीपूर्वक मिलान कर लें।

यदि किसी प्रश्न अथवा उत्तर के संबंध में आपत्ति हो तो अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन माध्यम से ही अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए आयोग ने "ttps://www.upessc.net/upesscqcapril2026/Login.aspx लिंक उपलब्ध कराया है। आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 22 अप्रैल से 28 अप्रैल की रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है।

# प्रदेश में संगठित ढांचे से तेज हुआ नशामुक्ति अभियान

- 7 क्षेत्रीय मुख्यालयों से 75 जिलों तक पहुंचा जनजागरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में मद्यनिषेध विभाग को अधिक संगठित, सक्रिय और जनकेंद्रित स्वरूप देने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए नशे की प्रवृत्ति, शराब सेवन और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों को चुनौती मानते हुए सरकार ने विभागीय ढांचे को मजबूत किया है। साथ ही जनजागरूकता अभियानों को गांव से शहर तक विस्तार दिया गया है। परिणामस्वरूप मद्यनिषेध विभाग केवल औपचारिक प्रशासनिक इकाई न रहकर समाज में चेतना जगाने वाला प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है।

युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण परिवारों को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, संवाद अभियान, रैलियां और सामाजिक सहभागिता आधारित गतिविधियां लगातार चलाई जा रही हैं, जिससे प्रदेश में नशामुक्त समाज की अवधारणा को मजबूती मिल रही है।

सरकार के कार्यकाल में विभाग की ओर से विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, युवा मंचों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं नुक्कड़ नाटक, रैली, शपथ अभियान, पोस्टर प्रतियोगिता, सेमिनार और जनसंवाद कार्यक्रमों के जरिए युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है।

सरकार का उद्देश्य समाज को नशे की बुराइयों से बचाकर स्वस्थ और सक्षम बनाना है। इसी कारण मद्यनिषेध विभाग को सामाजिक उत्थान से जोड़कर देखा जा रहा है। महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण परिवारों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मद्यनिषेध विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान समय में विभाग के 7 क्षेत्रीय मुख्यालय स्थापित हैं, जिनमें लखनऊ, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ और मुरादाबाद शामिल हैं। इन क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से 75 जनपदों में मद्यनिषेध संबंधी योजनाओं, जागरूकता कार्यक्रमों और प्रचार अभियानों का संचालन किया जा रहा है। यह सुव्यवस्थित नेटवर्क प्रदेश के हर हिस्से तक सरकार की नशामुक्ति नीति पहुंचाने में भूमिका निभा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि विभागीय कार्यों के संचालन के लिए 7 क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी, 6 उप क्षेत्रीय अधिकारी, 27 जिला मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी तथा 7 प्राविधिक पर्यवेक्षक तैनात हैं। इनके साथ कार्यालयी स्टाफ, वाहन चालक और सहायक कर्मचारियों की भी व्यवस्था की गई है, जिससे विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से हो सके। मुख्यालय स्तर पर भी राज्य मद्यनिषेध अधिकारी, उप राज्य मद्यनिषेध अधिकारी, लेखाकार, लिपिक वर्ग और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति कर प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत किया गया है। इससे योजनाओं की निगरानी, बजट प्रबंधन, समीक्षा और फील्ड स्तर तक निदेशों के प्रभावी पालन में मदद मिली है।

# जोनल कान्फ्रेन्स में आज जुटेंगे कई राज्यों के कृषि मंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित 'द सेंट्रम होटल' में आगामी 24 अप्रैल को 'जोनल कान्फ्रेन्स-2026' का आयोजन किया जाना है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री की ओर से की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करना और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

इस जोनल कान्फ्रेन्स में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखण्ड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के माननीय कृषि मंत्रीगण प्रतिभाग करेंगे। इसके अतिरिक्त केन्द्र शासित प्रदेश चण्डीगढ़ एवं लद्दाख के प्रशासक तथा भारत सरकार के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी इस सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे। यह कार्यक्रम 24 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे से प्रारम्भ होकर सायं 7:30 बजे तक प्रस्तावित है।

# विपक्ष ने महिलाओं की सामाजिक मजबूती को डिरेल किया : पंकज चौधरी

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने पर सपा-कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को घेरा

विशेष संवाददाता



**लखनऊ/नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बुधवार को नोएडा में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सपा व कांग्रेस द्वारा किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध तथा परिवारवाद के संरक्षण पर हमला करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस जैसी पार्टियां, जो परिवारवाद की अमर बेल पर फलफूल रही हैं, इस बिल का विरोध किया और इसके फेल होने का जश्न मनाया। इन पार्टियों ने इस बिल का विरोध नहीं किया बल्कि इसके पीछे इन्होंने महिलाओं के जीवन में आने वाले ऐतिहासिक बदलाव का विरोध किया है। महिलाओं की सामाजिक मजबूती को डिरेल किया है। मोदी से नफरत करते ये लोग इतने बदहवास हो चुके हैं कि महिलाओं को उनके हक से वंचित करने का उत्सव मनाने पर उतारू हो गए। इन लोगों को पता है कि महिलाएं संभालेंगी जिम्मेदारी, तो खत्म होगी पारिवारिक यारी।

पंकज चौधरी ने कहा कि नोएडा सिर्फ उत्तर प्रदेश का नहीं बल्कि देश का सबसे तेज प्रगति करने वाला शहर है। इस औद्योगिक नगरी में हजारों कंपनियां, उद्योग-धंधे मौजूद हैं। राज्य की तरक्की का रास्ता इस शहर से होकर गुजरता है। ये तरक्की सिर्फ पुरुषों की बदौलत नहीं है। इस तरक्की में आधी भागीदारी महिलाओं की भी है। चौधरी ने जोर देते हुए कहा, 2017 से पहले के हाल से हम सब वाकिफ हैं, शहरों में खुलेआम छेड़खानी आम बात थी। बहन- बेटियां बाहर निकलती थीं, तो परिवार वाले तब तक चिंतित रहते थे, जबतक वह सकुशल वापस न आ जाएं। गुंडे, माफिया, अपराधियों को लाल टोपी वालों का नैतिक समर्थन हासिल था, गुंडों के सामने प्रशासन नतमस्तक रहता था।

पंकज चौधरी ने उत्तर प्रदेश में आए बदलाव पर बोलते हुए कहा कि प्रदेश में 2017 में हमारी सरकार बनी, तब बदलाव दिखना शुरू हुआ। शहरों में बहन- बेटियों और कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए गए, प्रशासनिक जवाबदेही और सतत निगरानी बढ़ी तो शहरों का रंगरूप बदल गया।

उन्होंने कहा, अब नोएडा को देखिए, यहां की आईटी कंपनियों, स्टार्टअप, उद्योगों में बड़ी संख्या में बहन- बेटियां और महिलाएं काम करती हैं। डबल इंजन सरकार के प्रयासों से बीते नौ साल में राज्य में कामकाजी महिलाओं की संख्या 36-37 प्रतिशत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प पर बोलते हुए चौधरी ने कहा कि देश में राज्य में महिलाएं खूब आगे बढ़ें, सामान्य परिवार की महिलाएं भी विधायक-सांसद बन सकें, इसके लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार महिला आरक्षण संशोधन विधेयक लेकर आई क्योंकि हमारा संकल्प है कि सशक्त नारी, समृद्ध समाज,

**महिला आरक्षण से नया आगाजः** तीन तलाक कानून का जिक्र करते हुए उन्होंने सपा समेत विपक्ष के अन्य दलों को आइना दिखाते हुए कहा कि ये लोग मुस्लिम महिलाओं के फर्जी पैरोकार बन रहे है तब मुस्लिम महिलाओं के प्रति इनकी संवदेना कहां गई थी जब इन लोगों ने तीन तलाक कानून का विरोध किया।

# महिला आरक्षण पर भ्रम फैला रही है भाजपा : अखिलेश यादव

- सपा अध्यक्ष ने अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए सुरक्षित सीटों के पूर्व प्रत्याशियों और नेताओं की बैठक को किया सम्बोधित

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा संगठित गिरोह है। नफरत फैलाना और समाज में दूरी बनाना ही भाजपा का प्रिय एजेंडा है। भाजपा का आचरण निम्न स्तरीय है। वह सपा कार्यकर्ताओं के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार करती हैं।

पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए सुरक्षित सीटों के पूर्व प्रत्याशियों और नेताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र के साथ छल कर रही है। वह महिला आरक्षण को लेकर भ्रम फैला रही है। देश में महिला आरक्षण कानून लागू हो गया है। महिला आरक्षण बिल को 2023 में संसद से सर्व सहमति से पास कर दिया है लेकिन भाजपा के नेता झूठ बोलने से नहीं बाज आ रहे है। देश की जनता भाजपा के झूठ और भ्रामक प्रचार को समझ रही है। पीडीए की एकता से घबराई भाजपा जनता के बीच इसी तरह का प्रोपेगण्डा चलाती है। भाजपा भ्रष्टाचार, लूट, महंगाई, बेरोजगारी से ध्यान हटाने के लिए झूठ का सहारा लेती है।

अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं को भाजपा से



सावधान करते हुए कहा कि 2027 के चुनाव में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। भाजपा से जनता का भरोसा खत्म हो चुका है। विधानसभा चुनाव भाजपा का हारना तय है। भाजपा अभी से विपक्ष की भूमिका में है। भाजपा की यह स्थिति स्थायी और स्थिर है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हथियार चालाकी भरा है। जनता उसकी चालाकी को समझती है। इस बार भाजपा को सत्ता से बाहर जाना ही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 के लिए आज से ही काम शुरू करना है। बूथ स्तर पर विशेष ध्यान देना हैं, चुनाव जमीन पर ही होगा। दूसरों पर भरोसा नहीं करना है। अपनी ताकत पर निर्भर रहना है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ खिलवाड़ किया था। लोकतंत्र को बचाना है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

## अयोग्य मतदाता को अपील करने का बढ़ायें समय : सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि नो-मैपिंग तथा लॉजिकल एरर के 3 लाख 50 हजार 436 मतदाता जिनको सुनवाई आधिकारी (हियरिंग ऑफिसर) ने अपने फैसले में अयोग्य मतदाता घोषित कर दिया है, ऐसे मतदाताओं की सूची जनपद वार, विधान सभा वार, पोलिंग बूथ वार राजनैतिक दलों को अविलम्ब उपलब्ध कराई जाये तथा अयोग्य मतदाता को डीएम के यहां अपील करने की अंतिम समय सीमा 25 अप्रैल से 15 दिन और आगे तक बढ़ायी जाये ताकि अपील के माध्यम से योग्य व पात्र मतदाता बन कर विधान सभा सामान्य निर्वाचन- 2027 में मतदान कर सके। ज्ञापन में कहा गया है कि 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित मतदाता सूची में अयोग्य मतदाता के नाम में डिलीटेड क्यू प्रिंट है। नो-मैपिंग तथा लॉजिकल एरर के मतदाताओं को सुनवाई में अयोग्य मतदाता घोषित करने के फैसले की जानकारी कारण सहित मतदाताओं को उपलब्ध नहीं कराई गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह और राधेश्याम सिंह ने यह ज्ञापन सौपते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# सियासी जंग का अखाड़ा बनेगा नगर निगम

## विशेष सदन आज, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ में गुरुवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में विशेष सदन आयोजित किया जाएगा। यह बैठक सुबह 11 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ हॉल में होगी। बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े विषयों पर चर्चा करने की तैयारी की गई है। वहीं, विशेष सदन को लेकर नगर निगम की राजनीति में भी हलचल तेज हो गई है और सत्ता पक्ष व विपक्ष आमने-सामने नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, महापौर सुषमा खर्कवाल की ओर से बुलाई गई इस विशेष बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में प्रस्ताव पारित कराने की योजना है। बैठक में महिला सशक्तीकरण और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। वहीं, विपक्षी दलों ने विशेष सदन बुलाने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि बैठक राजनीतिक उद्देश्य से बुलाई गई है, जबकि सत्ता पक्ष की ओर से कहा जा रहा है कि यह महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। विशेष सदन के दौरान हंगामे की भी आशंका जताई जा रही है। नगर निगम



के पार्षदों के बीच इस मुद्दे को लेकर तीखी बहस हो सकती है। हालांकि, सत्ता पक्ष इस बैठक को ऐतिहासिक बताते हुए प्रस्ताव पारित कराने के लिए संख्या बल पर भरोसा जता रहा है। दूसरी ओर से नगर निगम प्रशासन ने बैठक की तैयारियां पूरी कर ली हैं और सभी पार्षदों को उपस्थित रहने के लिए सूचना जारी की गई है। यह विशेष सदन गुरुवार को आयोजित होगा। महापौर ने निर्देश दिए हैं कि बैठक में किसी अन्य व्यक्ति की उपस्थिति की अनुमति नहीं होगी, ताकि बैठक शांतिपूर्वक और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

**कांग्रेस पार्षद ने सदन में कई प्रस्ताव रखने की मेयर से की मांग :** नगर निगम में प्रस्तावित विशेष सदन को लेकर कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने महापौर सुषमा खर्कवाल को पत्र लिखकर कई मांगें उठाई हैं। इस्माइलगंज प्रथम वार्ड के पार्षद चौहान ने डिलिमिटेशन बिल और नारी शक्ति वंदन के मुद्दे पर बुलाई गई बैठक के संदर्भ में प्रस्ताव पारित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनता के करों से संचालित सदन में विकास योजनाओं पर समीक्षा होनी चाहिए, न कि दल विशेष के एजेंडे को आगे बढ़ाने का प्रयास। चौहान ने महापौर से विशेष सदन में जिन प्रस्तावों को पेश कर पारित कराने की मांग की है उनमें संसद से पारित महिला आरक्षण कानून 2023 को तत्काल लागू किया जाए।

आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू किया जाए। पंचायतों और स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव लाया जाए। परिसीमन विधेयक को नामंजूर कर देश की एकता-अखंडता बनाए रखने के लिए संसद के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया जाए। इस पत्र के बाद विशेष सदन को लेकर नगर निगम की राजनीति और तेज होने के आसार हैं।

## ऊर्जा कर्मियों ने की प्रदेश व्यापी कार्य बहिष्कार की घोषणा

**लखनऊ।** विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र द्वारा ऊर्जा मंत्री श्री ऐ के शर्मा को दी गई नोटिस के संदर्भ में आज पूरे प्रदेश में संविदा कर्मियों द्वारा सत्याग्रह किया गया जिसकी प्रमुख मांग है कि राज्य सरकार द्वारा गठित आउटसोर्स निगम में ऊर्जा निगमो के संविदा कर्मियों को भी शामिल किया जाए।

वरिष्ठ मजदूर नेता एवं महासंघ के अध्यक्ष आर एस राय ने माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश के संविदा कर्मियों को विचौलिया हटकर विभाग द्वारा सीधे वेतन का भुगतान किए जाने वेतन बढ़ाए जाने इपीएफ का सीधे विभाग द्वारा भुगतान किए जाने की घोषणा किंतु पावर कार्पोरेशन प्रबंधन आउटसोर्स निगम से ऊर्जा निगमो के संविदा कर्मचारियों को अलग रखना चाहता है जो सरासर अन्याय है। महासंघ के प्रदेश प्रभारी पुनीत राय ने कहा संविदा कर्मियों को आउटसोर्स निगम में शामिल किया जाये।

# जनगणना में अनुपस्थित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये : मुख्य सचिव

- मुख्य सचिव (जनगरना) ने तैयारियों की समीक्षा की, 22 मई से शुरू होगा पहला चरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनगणना-2027 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रथम चरण के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस 22 मई से 20 जून के मध्य कराया जाएगा। इससे पहले एनुमरेटर्स और सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण हर हाल में पूर्ण कराया जाए तथा अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

मुख्य सचिव ने बताया कि 7 मई से 21 मई 2026 के बीच नागरिक ऑनलाइन स्व-गणना (सेल्फ एनुमरेशन) फार्म भर सकेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को स्व-गणना किया जाए। जनगणना संचालन की प्रभावी निगरानी के लिए सीएमएमएस पोर्टल का उपयोग करने और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय करने को कहा गया।

बैठक में गो-आश्रय स्थलों के सुदृढ़ संचालन पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अभियान चलाकर दान एवं क्रय के माध्यम से भूसा संग्रहित किया जाए और स्थायी भूसा बैंक स्थापित किए जाएं। गर्मी को देखते हुए गो-आश्रय स्थलों पर स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त छाया और शीतलन के उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्य सचिव ने हीटवेव को राज्य आपदा बताते हुए सभी जिलाधिकारियों को शीघ्र ही जिला स्तर पर हीट एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ स्थापित करने और जनजागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया।

उन्होंने किसानों से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि गेहूं क्रय के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य नहीं होगी, लेकिन भविष्य की योजनाओं का लाभ पाने के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाए।

### अनुपस्थित 21 कर्मियों पर एफआईआर के निर्देश

**लखनऊ।** नगर निगम जोन-3 में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले सुपरवाइजर और प्रगणकों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## हेरिटेज पेड़ों की होगी मैपिंग

**लखनऊ।** शहर में 100 साल की उम्र पार कर चुके हेरिटेज पेड़ों की मैपिंग होगी। इसके अंतर्गत पेड़ों की प्रजाति व लोकेशन के साथ ही एक पूरा कैटलॉग तैयार होगा। जिसे लखनऊ म्यूजियम ऑफ हेरिटेज एंड आर्ट में प्रदर्शित किया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को वर्ल्ड अर्थ-डे पर इस बाबत आदेश जारी किये हैं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि कैंट स्थित दिलकुशा गार्डेन में बरगद का एक पुराना पेड़ है। लोगों की मान्यता है यह पेड़ लगभग 400 वर्ष पुराना है। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार के सलाहकार केशव वर्मा ने इस पेड़ का मुआयना किया। पेड़ के चारों तरफ आर0सी0सी0 का चबूतरा बना था। उन्होंने बताया कि पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों में एक उम्र के बाद टाइलोसिस की प्रक्रिया होती है, जिससे पेड़ का तना अंदर से खोखला होने लगता है। कैम्बियम में टाइलोसिस उत्पन्न होने से तने के मध्य भाग में भोजन/पोषक तत्व जाना अवरुद्ध हो जाता है। ऐसी परिस्थिति आने पर पेड़ अपनी बाहरी सतह से आवश्यक पोषक तत्व खींचकर पनपता है। लेकिन, लोग पेड़ों के चारों तरफ आर0सी0सी0 के चबूतरे बना देते हैं। जिससे पेड़ अपनी बाहरी सतह से पोषक तत्व नहीं ले पाता है और धीरे-धीरे खत्म हो जाता है। उन्होंने सलाह दी कि लोगों को इस तरह के पुराने पेड़ों के संरक्षण को लेकर जागरूक किया जाए। इसे ध्यान में रखते हुए अब लखनऊ के हेरिटेज पेड़ों की मैपिंग का कार्य कराया जाएगा। पेड़ कहां है, किस प्रजाति का है, कितना पुराना है, उसका क्या इतिहास है, इसका पूरा रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। लोग पेड़ों की तस्वीर के साथ उसका पूरा ब्योरा लखनऊ म्यूजियम ऑफ हेरिटेज एंड आर्ट में देख सकेंगे।

## हवाई अड्डों पर ईवी कोच चलाएगा एआईसैट्स

**लखनऊ।** एयर इंडिया सैट्स एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने टाटा मोटर्स के साथ साझेदारी कर इलेक्ट्रिक पैसेंजर कोच शामिल किए जाने की घोषणा की है। इसकी शुरूआत करते हुए बीते 15 अप्रैल को लखनऊ संयंत्र में दो कोच सौंपे गए। 21 वाहनों का ऑर्डर दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और तिरुवनंतपुरम में तैनाती के लिए दिया गया। शुरूआती वाहन इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर लगाए जाएंगे।

## आरटीई के अंतर्गत शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में आवंटित गरीब बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने के लिए योगी सरकार अब एक्शन मोड में आ गई है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा मोनिका रानी ने सभी जिलाधिकारियों और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 25 अप्रैल तक हर हाल में सभी पात्र बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं की जाए।

आरटीई के अंतर्गत 1,95,740 आवंटनों के सापेक्ष अब तक मात्र 1,08,866 बच्चों का ही प्रवेश कराया जा सका है, जिस पर सरकार ने कड़ा संज्ञान लिया है। शेष बच्चों के नामांकन को लेकर अब फील्ड स्तर पर तेज और निर्णायक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि जिन बच्चों का अब तक प्रवेश नहीं हुआ है, उनकी सूची तैयार कर तत्काल प्रभाव से नामांकन कराया जाए। संबंधित विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी न होने दी जाए। इस पूरे अभियान की सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश देते हुए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करने को कहा है। समयबद्ध लक्ष्य हासिल करने के लिए अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करना होगा।

## शकुन्तला विवि के 50 छात्रों का प्लेसमेंट

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन पाकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। विवि के प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि हालिया प्लेसमेंट ड्राइव में अलग-अलग पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को प्रमुख कंपनियों में अवसर प्राप्त हुए हैं। प्लेसमेंट डायरेक्टर बिराग दीक्षित ने बताया कि पांच विद्यार्थियों को 8.50 लाख रुपए तक का ऑफर मिला। विवि के 50 से अधिक विद्यार्थियों को प्लेसमेंट मिला। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। प्लेसमेंट डायरेक्टर बिराग दीक्षित ने बताया कि वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए के पांच छात्रों का चयन टेस्ट ऑफ मोम बिहार में 8.50 रुपए प्रतिवर्ष वेतन पर मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर हुआ।

## भरवारा एसटीपी में पौधरोपण: हरियाली बढ़ाने को सुएज का संकल्प

**लखनऊ।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर भरवारा स्थित 345 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में ह्यवन सिटी, वन ऑपरेटर पहल के अंतर्गत कार्य कर रही संस्था सुएज ने आइवा के साथ मिलकर पौधरोपण किया। इस दौरान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विश्व पृथ्वी दिवस हर वर्ष 22 अप्रैल को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह दिन लोगों को यह संदेश देता है कि प्लास्टिक के उपयोग को कम करें और अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पृथ्वी को सुरक्षित बनाएं।



इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए सुएज द्वारा यह पहल की गई। सुएज भरवारा एसटीपी परिसर को हरा-भरा बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत है। कंपनी द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाता है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने कहा, पृथ्वी दिवस हमें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराता है। सुएज सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। पौधरोपण जैसे छोटे प्रयास भी आने वाले समय में बड़े सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। हमारा उद्देश्य केवल संचालन तक सीमित नहीं, बल्कि प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी करना भी है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण की दिशा में छोटे-छोटे कदम उठाए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।

## सीएमएस कैम्पसों को सीबीएसई और आईएससी से मिली मान्यता

**लखनऊ।** सीएमएस के शॉलीमार वनवर्ल्ड कैम्पस अब दसवीं कक्षा तक सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त हो गया है जबकि सीएमएस के अयोध्या रोड एवं गोल्फसिटी कैम्पसों को काउन्सिल फॉर द इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) द्वारा आधिकारिक रूप से आईएससी (कक्षा-12) तक की कक्षायें चलाने के लिए अधिकृत किया गया है। ये दोनों कैम्पसों को अभी तक 10वीं कक्षा तक मान्यता प्राप्त थी। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

उन्होंने बताया कि सीएमएस शॉलीमार वनवर्ल्ड कैम्पस को अभी दसवीं कक्षा तक सीबीएसई बोर्ड से मान्यता मिली है और जल्दी ही इसे 12वीं कक्षा तक बढ़ाया जायेगा। अब लखनऊ के छात्रों को सीएमएस में दोनों प्रकार के विकल्प उपलब्ध हैं और छात्र अपनी रूचि के अनुसार आईएससी बोर्ड अथवा सीबीएसई बोर्ड से सम्बद्ध सीएमएस कैम्पसों में दाखिला ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि सीएमएस अपने 22 कैम्पसों के माध्यम से 66,000 से अधिक छात्रों को न सिर्फ अत्यन्त उच्च स्तरीय शिक्षा उपलब्ध करा रहा है अपितु चारित्रिक व नैतिक विकास के साथ भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है।

## हिन्दू जनजागृति समिति ने की जांच की मांग

**लखनऊ।** हिंदू जनजागृति समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय महिला आयोग को ज्ञापन देकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कथित धार्मिक भेदभाव और महिलाओं पर अत्याचार के मामलों की जांच की मांग की है। समिति का आरोप है कि महाराष्ट्र के नासिक स्थित एक कंपनी में हिंदू महिला कर्मचारियों के साथ उत्पीड़न, धर्मांतरण के दबाव और धार्मिक गतिविधियों के लिए मजबूर करने जैसी घटनाएं सामने आई हैं। इस आधार पर राज्य की सभी आईटी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों का विशेष सुरक्षा ऑडिट कराने की मांग की गई।

## डा. स्वास्तिका को प्रतिष्ठित फैलोशिप मिली



**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के त्वचा विज्ञान विभाग की प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डा. स्वास्तिका सुविरिया को ऊटी में आयोजित 10वें क्लिनिकॉन में एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल डमेटोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया की प्रतिष्ठित फैलोशिप से सम्मानित किया गया। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह के अनुसार डा. सुविरिया त्वचाविज्ञान, चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए व्यापक रूप से जानी जाती हैं। अपने व्यापक शोध कार्य और विद्वतापूर्ण प्रकाशनों के माध्यम से उन्होंने क्लिनिकल त्वचाविज्ञान के क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाया है। उनके नेतृत्व में, केजीएमयू के त्वचाविज्ञान विभाग ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और रोगी देखभाल सेवाओं दोनों में उल्लेखनीय प्रगति देखी है। यह फैलोशिप अनुसंधान, नवाचार और नैदानिक अभ्यास में उनके निरंतर योगदान की मान्यता का प्रतीक है। उन्हें यह सम्मान देश के प्रख्यात त्वचा रोग विशेषज्ञों के साथ प्राप्त हुआ।

## केजीएमयू के डीन के खिलाफ लिखा गया लेटर निकला फर्जी

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में डीन के खिलाफ जांच करने की मांग को लेकर शासन को लिखा गया। केजीएमयू में डीन के खिलाफ शासन को जांच के लिए लिखा गया पत्र फर्जी निकला है। इस मामले में विधायक की तरफ से मुख्यमंत्री और केजीएमयू कुलपति को पत्र लिखकर लेटर हेड के दुरुपयोग होने की बात कही गई है। इस घटनाक्रम की शासन के स्तर से जांच करने की मांग भी की गई है।

मामला झांसी से भाजपा की एमएलसी रमा निरंजन से जुड़ा है। कहा गया था कि उनके द्वारा राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर डॉ. केके सिंह की शिकायत करके जांच करने की मांग की गई थी। लेटर में पिछले साल के अगस्त की डेट मेंशन थी। लेटर पर सोशल मिडिया में भी कमेंट सामने आ रहे थे। जिसके बाद विधायक रमा निरंजन की तरफ से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लेटर हेड के दुरुपयोग होने की बात कही गई है। 12 अप्रैल को लिखे गए पत्र में इस प्रकरण की जांच की मांग भी मुख्यमंत्री से की गई है। केजीएमयू की कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद को भी पत्र लिखकर विधायक रमा निरंजन की तरफ से लेटर हेड के दुरुपयोग की बात कही गई। कुलपति को अपने स्तर से मामला शासन को अवगत कराने को कहा गया था। डा. केके सिंह ने बताया कि विधायक के फर्जी पैड से जांच की मांग करते हुए शासन को लिखा पत्र सामने आया है।

## अवध कॉलेजिएट में मना पृथ्वी दिवस



**लखनऊ।** अवध कॉलेजिएट के सभी शाखाओं में बुधवार को विद्यार्थियों के लिए एक उत्साहपूर्ण एवं सार्थक पृथ्वी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। यह दिन ऊर्जा, जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण से परिपूर्ण रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने हमारे ग्रह की रक्षा के महत्व को समझा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विशेष प्रस्तुतियां एवं विविध गतिविधियां रहीं, जिनके माध्यम से पृथ्वी संरक्षण के उपायों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने मदर अर्थ को समर्पित गीत एवं कविताओं के माध्यम से पर्यावरण के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण विषयक रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक चार्ट भी तैयार किए गए, जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। प्रबंधक सर्वजीत सिंह विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ सहभागिता की, जिससे यह आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक एवं सफल रहा।

विद्यालय की निर्देशिका जंतिंदर वालिया ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संसाधनों के संरक्षण, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर विशेष बल दिया। यह समारोह विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने एवं उन्हें जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

## राजीव अध्यक्ष तो मंत्री बने अजय

**लखनऊ।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का अधिवेशन और चुनाव बुधवार को बलरामपुर अस्पताल स्थित प्रांतीय कार्यालय में सम्पन्न हो गया, इसमें अध्यक्ष पद पर राजीव कनौजिया तो मंत्री अजय कश्यप चुने गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद शाखा के अध्यक्ष बीपी चौधरी ने की। इस दौरान प्रांतीय महामंत्री प्रद्युम्न सिंह, मंडलीय सचिव जीसी दुबे और प्रांतीय अध्यक्ष जेके सचान की मौजूदगी में सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। खास बात यह रही कि सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ, जिससे संगठन की एकजुटता साफ नजर आयी। नए पदाधिकारियों में एमजेड सिद्दीकी वरिष्ठ उपाध्यक्ष और एपी मिश्रा उपाध्यक्ष बने। राकेश मोहन कुशवाहा को संगठन मंत्री, राजेश बौद्ध को संयुक्त मंत्री, प्रतिभा को कोषाध्यक्ष और शैलेंद्र प्रकाश को संप्रेक्षक चुना गया। कार्यक्रम के दौरान बीपी चौधरी को जनपद शाखा का संरक्षक भी मनोनीत किया गया। अधिवेशन में मौजूद प्रांतीय नेतृत्व ने नवनिर्वाचित टीम पर भरोसा जताते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मोहम्मदी खीरी**

पत्रांक 57/न.पा.प.मो./ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस/निर्माण कार्य/2026-27 दिनांक 22/04/2026

**निविदा आमन्त्रण सूचना / ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस**

समस्त पंजीकृत/अनुभवी ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, मोहम्मदी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना एवं राज्य वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न वर्णित कार्यों के निमित्त ई-निविदा बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.04.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 30.05.2026 को पूर्वान्ह 11.30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा की समस्त निविदाओं को दिनांक 30.05.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे गठित निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।

**अवर अभियन्ता** **अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

# मिनटों में ओरल कैंसर की जांच करेगी ऑन्कोकॉन्टिस डिवाइस

- एकेटीयू में ऑनबोर्ड हुए 16 स्टार्टअप, विभिन्न क्षेत्रों में कर रहे काम
- एक स्टार्टअप तेजी से पांव पसार रहे ओरल कैंसर के जांच के लिए बना रहा खास तरह का डिवाइस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के अंतर्गत स्थापित कलाम इन्क्युबेशन सेंटर में बुधवार को 16 स्टार्टअप (इन्क्युबेटेड) जुड़े। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में इनक्युबेटेड ये स्टार्टअप्स विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। कलाम इन्क्युबेशन सेंटर की ओर से कई चक्रों के परीक्षण के बाद इन स्टार्टअप को इन्क्युबेटेड किया गया है। कलाम इन्क्यबेशन सेंटर के निदेशक प्रो राजीव कुमार एवं डॉ अनुज कुमार शर्मा द्वारा स्टार्टअप को आगे की दिशा एवं शुभकामनाएं प्रदान की गई। इनोवैशन हब के सीईओ महीप सिंह द्वारा स्टार्टअप्स को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किये जाने वाले अनुदान के बारे में विस्तरत जानकारी प्रदान की गई।

**आगे बढ़ने में मिलेगी मदद :** विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब के नेतृत्व में काफी संख्या में स्टार्टअप सफलता की ओर बढ़ रहे हैं। स्टार्टअप को आगे बढ़ाने के लिए एक इको सिस्टम तैयार किया है। उन्हें न केवल वर्किंग स्पेश दिया जाएगा बल्कि एक्सपर्ट से मार्गदर्शन भी मिलेगा। साथ ही स्टार्टअप के लिए सरकार की ओर से चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं, फंड्स की भी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा इनोवेशन हब की ओर से समय समय पर इंटनेशनल ट्रेड शो में प्रतिभाग करने का अवसर भी दिया जाएगा।

डिवाइस बतायेगी ओरल कैंसर है या नहीं यदि समय रहते कैंसर का पता चल जाये तो काफी लोग इस गंभीर बीमारी से बच सकते हैं। लेकिन इसका पता चलने में काफी देर हो जाती है। साथ ही बीमारी की जांच और रिपार्ट आने में भी टाइम लगता है। इस समस्या का हल निकाला है इनोवेशन हब में इन्क्युबेट हुई डॉ. पवन कुमार राय एवं आमान आरिफ की कंपनी अनविद रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रा. लिमिटेड ने। कंपनी ने ऐसी डिवाइस बनायी है जो ओरल कैंसर और टीबी, किडनी और लीवर की जांच मिनटों में करेगा। अभी यह प्रोडक्ट प्रोटोटाइप स्तर पर है। कंपनी ने ओरल कैंसर के लिए ऑनकोकॉन्टिस डिवाइस बनाया है। इस डिवाइस को मुंह में लगाना होगा। इसमें लगा हाई डिफिनेशन कैमरा मुंह की 360 डिग्री इमेज लेगा। जो स्क्रीन पर दिखेगी। साथ ही सांसों के जरिये कैंसर के लक्षणों का पता लगायेगा। एआई आधारित यह डिवाइस कुछ ही मिनटों में प्राथमिक तौर पर जांच कर परिणाम दे देगी। हालांकि यह अभी प्रोटोटाइप स्तर पर है। इसी तरह कंपनी ने प्राणा एक्सपर्ट डिवाइस भी बनाया है। यह डिवाइस मुंह में लगानी पड़ी है। इसके जरिये टीबी, किडनी और लीवर की जांच की जा सकती है। यह डिवाइस सांसों में बैक्टिरिया की पहचान कर तुरंत जांच करेगा।

इसी तरह इन्क्युबेटेड हुए आयुष सिंह और शिवम पासवान की कंपनी ट्रेड वर्ष ट्रेडर्स की मदद के लिए एआई मेंटॉर ला रही है। यह सॉफ्टवेयर पैसा लगाने वालों की एक्सपर्ट के रूप में मदद करेगा ताकि लोगों को बाजार की सही जानकारी मिले ताकि उनका पैसा डूबने से बच सके। यह स्टार्टअप अभी पायलट टेस्टिंग के दौर में है।

## लॉरी में खुलेगा एक और आईआरएफ सेंटर, सस्ती दरों में मिलेगी दवा

**लखनऊ।** केजीएमयू में करीब तीन माह में मरीजों को लाभ पहुंचाने वाले इंफ्रास्ट्रच्चर में बढ़ोतरी हुई है। पहले एचआरएफ के चार से छह आउटलेट थे, जो अब 25 हो चुके हैं। लारी कार्डियोलॉजी में अगले माह तक एचआरएफ सेंटर खुल जायेगा, जिससे दवाओं की कीमत करीब-करीब 80 प्रतिशत कम हो जायेगी। यह जानकारी किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के प्रवक्ता डा. केके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कम खर्च पर जांचों के लिए आईआरएफ सेंटर की स्थापना की जायेगी। डा. सिंह ने बताया कि केजीएमयू में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने के लिए चीफ सिक्योरिटी ऑफीसर की नियुक्ति की जायेगी, जिस पर आर्मी के कर्नल रैंक से रिटायर्ड अधिकारी की नियुक्ति की जायेगी। उन्हीं के सुपरविजन में पूरी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि एआई युक्त सीसीटीवी प्रोजेक्ट जो बना था, यह दो से तीन माह में प्रारम्भ हो जायेगा।

- केजीएमयू में एआई युक्त सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

डा. शांतनु ने बताया कि ऑर्थोपैडिक विभाग में रोबोटिक सर्जरी अगले माह से शुरू होने की संभावना है। इसी प्रकार ट्रॉमा सेंटर में दो पोर्टेबल सीटी स्कैन मशीन, आईसीयू में बेड की संख्या बढ़ाने, गंभीर हृदय रोगों में लेजर से एंजियोप्लास्टी की सुविधा के बारे में जानकारी दी। डॉ सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में सरकारी क्षेत्र में यह पहली मशीन है। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा है कि प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 167 से घटकर 140 आ गयी है, इसमें नेशनल हेल्थ मिशन यूपी, यूपी टेक्निकल सपोर्ट यूनिट और केजीएमयू के संयुक्त प्रयासों से 2017 से किये जा रहे मिशन की बड़ी भूमिका है। ज्ञात हो केजीएमयू क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग, ऑब्स्टेट्रिक क्रिटिकल केयर और पॉइंट-ऑफ-केयर अल्ट्रासाउंड के माध्यम से डॉक्टरों को प्रशिक्षित कर रहा है, ताकि प्रसव के दौरान अचानक जटिलताओं को प्रबंधित किया जा सके।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप–मुख्य अभियंता/नि0–अयोध्या/उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बंद ई–निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर उप–मुख्य अभियंता/नि0–अयोध्या/के अधीन, बी.एस.बी.–पी.बी.एल.–एल.के.ओ. खंड पर एल.सी. संख्या 118/C (954.447), 129/C (970.635), 136/C (979.702) तथा 140/C (948.670) के स्थान पर आर.यू.बी का प्रावधान। |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2407.64 लाख |
| धरोहर राशि | रु. 48,15,300.00 |
| ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक **15.05.2026** को 15.00 बजे तक आईआरईपीएस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती हैं। तथा दिनांक **15.05.2026** को समय 15:00 बजे खोली जाएगी। |
| विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 24.04.2026 से आईआरईपीएस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनांक 01.05.2026 से 15.05.2026 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 255–टेण्डर/उप–मुख्य अभियंता/नि0–अयोध्या/लखनऊ
दिनांक: 22.04.2026 1341/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

## प्रसूता ने परिसर में ही बच्चे को दिया जन्म

लखनऊ। एक गांव से गरीब प्रसूता माल सीएचसी पहुंची, जहां महिला डाक्टर ने प्रसूता की गरीबी के चलते प्रसव कराने के बजाय उसको बच्चा उल्टा बताकर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। प्रसूता जैसे ही सीएचसी भवन से बाहर निकली परिसर में ही बच्चे को जन्म दे दिया। यह देख सीएचसी में हड़कंप मच गया। आनन फानन महिला स्टाफ प्रसूता को अंदर लाने का दबाव बनाने पहुंच गया। इस पर मिलीजानकारी के अनुसार प्रसूता की सास बिगड़ गयी और कहा कि जब तुमने बच्चा उल्टा बताकर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया तो अंदर क्या करने चलें।प्रसूता रुची पत्नी रिंकू निवासी मसीढा रतन को रिंकू की माता, गांव की दाई( धनुकुन )और प्रसूता का ससुर लेकर माल सीएचसी पहुंचे थे।जब महिला डा0 रबीता श्रीवास्तव ने बच्चा उल्टा बताकर लखनऊ रेफर किया था और प्रसूता ने परिसर में पेड़ के नीचे बच्चे को जन्म दे दिया तो प्रसूता की सास और गांव की दाई ने उसी की धोती खोलकर घेरा बनाया।प्रसूता नग्नावस्था में पड़ी रही।यह दृश्य देखकर लोगों ने प्रसूता की मदद की पति रिंकू लखनऊ ले जाने के लिए ऑटो लेने कस्बे में गया था।सीएचसी स्टाफ के बहुत समझने पर प्रसूता अंदर जाने को तैयार हुई।इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि अगर ऐसा महिला डाक्टर ने किया तो यह शर्मनाक है। आपने पैसों की वजह से गरीब को रेफर करने की बात कही है जो मेरी जानकारी में ऐसा कोई मामला अभी तक मेरी जानकारी में नहीं है आयेगा तो कार्यवाही की जायेगी।

### सूचना

सूचित हो कि मेरा सही नाम नरसिंह यादव पुत्र मुखलाल नि.- ग्राम करनपुरा, पोस्ट करौता थाना रूद्रपुर तहसील रूद्रपुर जिला देवरिया है, मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है।

### सूचना

मेरी पुत्री के स्कूली अभिलेखों में त्रुटिवश अंग्रेजी में उसका नाम PRTYUSHA VERMA दर्ज है, जबकि उसके नाम की सही स्पेलिंग PRATYUSHA VERMA है। मेरी पुत्री का सही नाम ही स्कूली अभिलेखों में दर्ज किया जाये। **प्रदीप कुमार नि.- 97, बी.सी. बाजार, नियर भैरव मंदिर, दिलकुशा कैण्ट, लखनऊ।**

### न्यायालय सूचना

**नोटिस निस्वत वजह से (आम तौर पर)**
**न्यायालय श्रीमान अपर सत्र न्यायाधीश (कोर्ट सं.-24) महोदय आगरा**
**फौजदारी नि. सं.-675/2025**
**अं०धारा-406 आई.पी.सी.**
**थाना - शाहगंज, आगरा**
**तारीख पेशी -30.04.2026**

अंजू वर्मा पुत्र स्व. श्री जगराम सिंह निवासी-बी-8 पुलिस लाइन, शाहगंज, जिला आगरा ...**प्रार्थी**

**बनाम**

1. उ.प्र. सरकार
2. रीतेश मोहन पुत्र रंजीत सिंह
3. रंजीत सिंह पुत्र बनावटी
4. तारा देवी पत्नी रंजीत सिंह

समस्त निवासीगण- म0नं0-ई-19, मयूर रेजीडेन्सी फरीद नगर, इन्दिरा नगर, इण्टरनेशनल रोड, चन्दनपुर, इन्दिरा नगर, लखनऊ उ.प्र.
....**विपक्षीगण**

प्रार्थी ने उक्त फौजदारी संख्या- 675/2025 आप विपक्षी के खिलाफ दायर की है जो इस अदालत में गुजरानी है कि लिहाजा आपको इतिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो व तारीख-30.04.2026 व 10:00 बजे इस अदालत हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखाये। अगर ऐसा न करेगें तो दरख्वास्त मजकूर को गैर हाजिरी में एक तरफा समाप्त होगी।

आज व तारीख 18 माह 04 सन 2026 ई० को मेरे दरख्वास्त मोहर अदालत से जारी किया गया।
**मुन्सरिफ**

### न्यायालय सूचना

**नोटिस निस्वत वजह से (आम तौर पर)**
**न्यायालय श्रीमान अपर सत्र न्यायाधीश (कोर्ट सं.-24) महोदय आगरा**
**फौजदारी नि. सं.-676/2025**
**अं०धारा-498ए आई.पी.सी. व 3/4**
**द.प्र.अधि. थाना - शाहगंज, आगरा**
**तारीख पेशी -30.04.2026**

अंजू वर्मा पुत्र स्व. श्री जगराम सिंह निवासी-बी-8 पुलिस लाइन, शाहगंज, जिला आगरा ...**प्रार्थी**

**बनाम**

1. उ.प्र. सरकार
2. रीतेश मोहन पुत्र रंजीत सिंह
3. रंजीत सिंह पुत्र बनावटी
4. तारा देवी पत्नी रंजीत सिंह

समस्त निवासीगण- म0नं0-ई-19, मयूर रेजीडेन्सी फरीद नगर, इन्दिरा नगर, इण्टरनेशनल रोड, चन्दनपुर, इन्दिरा नगर, लखनऊ उ.प्र.
....**विपक्षीगण**

प्रार्थी ने उक्त फौजदारी संख्या- 676/2025 आप विपक्षी के खिलाफ दायर की है जो इस अदालत में गुजरानी है कि लिहाजा आपको इतिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो व तारीख-30.04.2026 व 10:00 बजे इस अदालत हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखाये। अगर ऐसा न करेगें तो दरख्वास्त मजकूर को गैर हाजिरी में एक तरफा समाप्त होगी।

आज व तारीख 18 माह 04 सन 2026 ई० को मेरे दरख्वास्त मोहर अदालत से जारी किया गया।
**मुन्सरिफ**

# केजीएमयू : दिल्ली एम्स और विदेश में प्रशिक्षण की देते थे लालच

## आठ डॉक्टर पुलिस के रडार पर, नेटवर्क तलाश रही टीम, हस्साम से मिले कई अहम सुराग, मरीजों के साथ करता था ठगी

- हस्साम से की चार घंटे पूछताछ, कई अहम सुराग मिले, भेजा जेल

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**



**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ( केजीएमयू ) से पकडे गये कथित फर्जी डॉक्टर हस्साम अहमद से पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। बुधवार को खुफिया एजेंसियों के अफसरों ने उससे चार घंटे तक पूछ ताछ की गयी तो पता चला है कि शहर के साथ ही कई जनपदों से मेडिकल संस्थानों से जुड़े डॉक्टर भी ठगी के इस गिरोह में शामिल थे। पूछताछ के बाद आरोपी हस्साम को बुधवार देर शाम चौक पुलिस ने जेल भेज दिया। पूछताछ में पता चला है कि गिरोह तीमारदारों को बरगला कर मरीजों का अच्छा इलाज कराने के नाम पर उन्हें फंसाते थे।फिर उनसे रुपयों की उगाही करते थे।सस्ते इलाज के नाम पर मरीजों और खासकर हिंदू लड़कियों को धर्मांतरण के लिए भी प्रेरित किया जाता था। चौक पुलिस ने एजेंसियांऔर फर्जी डॉक्टर और उसका नेटवर्क खंगाल रही हैं। इसके साथ ही एजेंसियां कार्डियो सेवा संस्थान से जुड़े डॉक्टरों का ब्योरा जुटा रही हैं। खासकर यह पता लगा रही हैं कि यह सेवा संस्था कितने समय से चल रही थी।किन किन मेडिकल संस्थानों के मुस्लिम डॉक्टर इससे जुड़े थे।उनके मंसूबे क्या थे।हस्साम मड़ियांव के अजीजनगर सेमरा गोड़ी का रहने वाला है।आठ डॉक्टर पुलिस की रडार की तफ्तीश में पता चला है कि कार्डियो सेवा संस्थान के बैनर तले फर्जी डॉक्टर हस्साम इलाज के नाम पर घंटाघर, पीर बुखारा और अन्य मुस्लिम इलाकों में कैम्प लगाता था।कैम्प में शहर के कई प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थानों के मुस्लिम डॉक्टर आते थे।पुलिस को आठ डॉक्टरों के बारे में जानकारी मिली है।पुलिस टीमें उन पर नजर रखे हैं।कैम्प में मरीजों और तीमारदारों को अच्छे इलाज का झांसा देते थे। उनका इलाज और सेवा के नाम पर हस्साम और उसके गिरोह से जुड़े डॉक्टर, केजीएमयू के मेडिकल छात्रछात्राओं को बरगलाते थे।कहा जाता था कि यहांअगर आप अच्छा काम करेंगे तो हम संस्थान की ओर से दिल्ली एम्स और विदेश प्रशिक्षण के लिए भेजेंगे। काल डिटेल्स और सोशल मीडिया अकाउंट की पड़ताल पुलिस टीम फर्जी डॉक्टर हस्साम और उससे जुड़े लोगों की काल डिटेल्स व सोशल मीडिया अकाउंट खंगाल रही है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम कमलेश कुमार दीक्षित के अनुसा पूछताछ में पता चला है कि गिरोह के लोग सोशल मीडिया के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े थे।गिरोह से जुड़े लोगों को भीड़ जुटाने का टारगेट दिया जाता था। कोट फर्जी डॉक्टर हस्साम को जेल भेज दिया गया है।उससे गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पता लगाया जा रहा है।पूछताछ में कई अहम जानकारियां पुलिस को मिली हैं।उल्लेखनीय है कि मंगलवार को केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह ने बताया था कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद कुलपति के निर्देश पर जांच टीम गठित की गई थी। निगरानी के दौरान यह सामने आया कि कुछ लोगों द्वारा छात्रों को कथित कार्यक्रमों के नाम पर जोड़ने और बाहर ले जाने की योजना बनाई जा रही थी।इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा गया और बाद में पुलिस को सौंप दिया गया। फर्जी डाक्टर हस्साम अहमद के पास से भारतीय गौरव प्रतिभा सम्मान 2026 का प्रशंसा प्रमाणपत्र, 02 मार्च 2026 का होली अवकाश नोटिस तथा 13 अप्रैल 2026 का एमबीबीएस 2023 बैच के चयन से संबंधित नोटिस शामिल हैं।इन सभी दस्तावेजों पर केजीएमयू का नाम, मोहर और डीन के हस्ताक्षर दर्शाए गए हैं, जिन्हें विश्वविद्यालय ने प्रथम दृष्टया फर्जी बताया है। प्रशासन का कहना है कि आरोपी स्वयं को डॉक्टर बताकर मेडिकल कैंप आयोजित करता था और डॉक्टर की वेशभूषा में विभिन्न विभागों में आने-जाने का प्रयास करता था। 20 अप्रैल को एक ऐसे ही कैंप में गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने के बाद टीम ने निगरानी बढ़ाई और बाद में सर्जरी विभाग के पास उसे पकड़ लिया गया था।

## आशियाना में कॉल सेन्टर कर्मी से सरेराह मोबाइल लूट, केस दर्ज

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में दो दिन पूर्व बाइक सवार बदमाशों ने सरेराह एक कॉल सेंटर कर्मी का मोबाइल फोन छीन फरार हो गए। संडीला हरदोई निवासी रोहित कुमार जगरिया ने बताया कि वह बरिगवां में किराए के मकान में रहकर आशियाना में संचालित 102 कॉल सेंटर मैं नौकरी करता है। बीते 19 अप्रैल की रात्रि करीब 12.15 वह ड्यूटी खत्म करके घर जा रहा था उस दौरान आशियाना थाना इलाके में संचालित बीएसएनएल आफिस के पास बाइक सवार दो बदमाश झपटा मार कर उसका मोबाइल छीन फरार हो गए बदमाशों की बाइक पर नंबर प्लेट भी नहीं था। जिसकी शिकायत उसने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से की है ?आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार को केस दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों में बदमाशों की फुटेज खंगाल तलाश की जा रही है।

**पच्चीस हजार रुपये झूठ बोलकर ठगा वापस मांगने पर दी गालियां:** सुशान्त गोल्फ सिटी के बगियामऊ की रहने वाली एक महिला ने एक फर्म में काम करने वाले कर्मचारी पर झूठ बोलकर पच्चीस हजार की ठगी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता मधु सिंह निवासी बगियामऊ थाना सुशान्त गोल्फ सिटी का आरोप है कि प्रॉपर्टी फर्म मातृभूमि में काम करने वाले एक इमरान नाम के कर्मचारी ने मुझसे झूठ बोलकर 25 हजार रुपये ठग लिए। वापस मांगने पर गाली गलौज के साथ अपशब्द बोलता है। पीड़िता की तहरीर पर सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## यदि मरीज के लिए वेंटिलेटर उपलब्ध नहीं तो आंकड़े किस काम के : हाईकोर्ट

- हाईकोर्ट ने दी नसीहत- न्यूनतम मानकों को पूरा कर संतुष्ट न हों
- पूछा, प्राइवेट अस्पतालों की फीस पर नियंत्रण के लिए क्या कोई नियामक व्यवस्थाहै

**विधि संवाददाता (vol)**



**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई केदौरान अस्पतालों में वेंटिलेटर की उपलब्धता को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। न्यायालयने कहा है कि यदि मरीजों को आवश्यकता पड़ने पर वेंटिलेटर उपलब्ध ही नहीं हो पा रहेहैं, तोवेंटिलेटरों की संख्या के संबंध में प्रस्तुत आंकड़ों का कोई औचित्य नहीं रह जाता।इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने राज्य सरकार से पूछा है कि चिकित्सा सुविधाओं केलिए कुल बजट का कितना हिस्सा आवंटित किया गया है और अस्पतालों में सुविधाओं कीस्थिति क्या है। मामले की अगली सुनवायी 25 मई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय वन्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने वी द पीपल संस्था की ओर से दाखिल याचिका परदिया है। न्यायालय ने कहा कि प्रश्न यह है कि क्या कोई भी अस्पताल इस स्थिति में है कि वहशपथपत्र पर यह कह सके कि जब भी किसी मरीज को वेंटिलेटर की आवश्यकता होती है, तो अस्पताल उसे उचित समय के भीतर वेंटिलेटर उपलब्ध करा देगाऔर यदि ऐसा नहीं है, तो शपथपत्र में दिए गएआंकड़ों का कोई अर्थ नहीं रह जाता, प्रयास यह होना चाहिए कि पर्याप्त संख्या मेंवेंटिलेटर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वेंटिलेटर कीअनुपलब्धता के कारण किसी की मृत्यु न हो। न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा किप्रस्तुत आंकड़े इस पहलू पर संतोषजनक नहीं हैं, वस्तुतः ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य में यह निर्धारित करनेकी कोई व्यवस्था ही नहीं है कि अस्पताल में वेंटिलेटर की मांग क्या है और जीवनबचाने हेतु कितने वेंटिलेटर उपलब्ध होने चाहिए, जब तक यह व्यवस्था विकसित नहीं कीजाती, तब तक इस प्रकार के आंकड़ेदेना निरर्थक होगा। न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार इस पूरे विषय पर पुनर्विचारकरे और सिर्फ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानकों जैसे किअस्पतालों में कुल बेड का 10 से 15 प्रतिशत वेंटिलेटर की उपलब्धता से संतुष्ट न रहे।

न्यायालय ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोगऔर केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। न्यायालयने निजी अस्पतालों व क्लीनिकों के नियमन तथा उनकी फीस और सेवाओं की निगरानीव्यवस्था की जानकारी भी मांगी। न्यायालय ने कहा कि सरकार यह भी स्पष्ट करे कि क्याकिसी कानून, नियम या अन्य किसी प्रावधानके तहत निजी अस्पतालों और क्लीनिकों के संचालन को नियंत्रित करने के लिए कोईनियामक व्यवस्था है, विशेषकर मरीजों के उपचार केलिए वसूले जाने वाले शुल्क के संबंध में। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल केवल लखनऊ तक सीमित न रहें, बल्कि अन्य जिलों में भी विकसित किए जाएं। सरकारी डॉक्टरों के कम वेतन के कारणउनके निजी क्षेत्र में जाने की प्रवृत्ति पर भी कोर्ट ने चिंता जताई। कहा कि सरकारी डॉक्टरों को दिए जा रहे वेतन कीपर्याप्तता का प्रश्न भी विचारणीय है, विशेषकर निजी अस्पतालों मेंकार्यरत डॉक्टरों को दिए जा रहे वेतन की तुलना में। यह पहलू इसलिए भी महत्वपूर्णहै क्योंकि सरकारी अस्पतालों में कम वेतन के कारण अनेक डॉक्टर निजी अस्पतालों कीओर पलायन कर जाते हैं, जिससे आम नागरिक उनके अनुभवऔर सेवाओं से वंचित रह जाते हैं।

## छात्र की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** सरोजनी नगर क्षेत्र में एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने इसे आत्महत्या नहीं बल्कि उत्पीड़न और मानसिक दबाव का परिणाम बताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार, छात्र शहर में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। आरोप है कि बीते दिनों कुछ लोगों ने उसे रास्ते में रोककर न केवल जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया, बल्कि मारपीट और जान से मारने की धमकी भी दी। इतना ही नहीं, आरोपियों द्वारा फोन पर भी लगातार धमकियां दी जा रही थीं। परिवार का कहना है कि घटना के बाद छात्र गहरे मानसिक तनाव में था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। इस मामले में पुलिस को पूर्व में सूचना भी दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।मृतक के परिजनों ने बताया कि उन्होंने न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उनका आरोप है कि अब तक दोषियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे परिवार में रोष व्याप्त है।

**पुलिस की भूमिका पर सवाल:** घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। परिजनों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई होती तो शायद छात्र की जान बचाई जा सकती थी।

**न्याय की मांग:** परिवार ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की अपील की है। फिलहाल, मामला न्यायालय में विचाराधीन है और आगे की कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।

## महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

- घटना के बाद चालक फरार, टीएस मिश्रा अस्पताल में चल रहा इलाज, पुलिस से एफआईआर दर्ज करने की मांग

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**




लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आगरा एक्सप्रेस-वे के पास हुए सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मोहनलालगंज क्षेत्र के हरी खेड़ा गांव निवासी सरवन देवी पत्नी अशोक यादव अपने भाई भानु प्रताप सिंह के साथ 21 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 10:30 बजे परसादी खेड़ा से अपनी ससुराल जा रही थीं। इसी दौरान सुबह लगभग 10:45 से 11:00 बजे के बीच आगरा एक्सप्रेस-वे के पास गहरू पिपरसंड क्षेत्र में एक अज्ञात सफेद रंग के चार पहिया वाहन ने उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सरवन देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए टीएस मिश्रा अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़िता पक्ष ने सरोजनी नगर थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

## नॉनवेज दुकान में खाने मे मच्छर, विरोध पर दुकानदार साथियों संग ग्राहक पर हुआ हमलावर

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**




**लखनऊ।** आशियाना इलाके में पांच दिन पूर्व एक नॉनवेज दुकानदार ने खाने के ऑर्डर में मच्छर निकलने का विरोध करने पर ग्राहक सहित उसके दोस्तों पर जानलेवा हथियार से हमलावर कर दिया और मौके से फरार हो गया।

आशियाना थाना इलाके स्थित सेक्टर एच निवासी सूर्यमणि शुक्ला के अनुसार वह बीते 16 अप्रैल की रात अपने मित्रों ? अनुरागमणि त्रिपाठी, सूर्यकरण शुक्ला, अंकित शुक्ला और मनोज जोशी के साथ रात्रि करीब 10 बजे आशियाना थाना इलाके स्थित पकरीपुल स्थित पाल चिकन कॉर्नर खाना खाने गया था। जब खाने के ऑर्डर में मक्खी-मच्छर मिलने का विरोध किया तो नानवेज दुकानदार खाना बदलने से इंकार करते हुए पीड़ित सहित उसके दोस्तों संग अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए खाना बदलने से इंकार कर दिया। आरोप है कि जब उसने नॉनवेज दुकानदार से फूड विभाग से शिकायत करने की बात कही तो नानवेज दुकानदार भड़ककर अपने अन्य साथियों को बुलाकर पीड़ित सहित उसके दोस्तों पर रखे तवा, चाकू आदि प्राणघाती हथियारों से हमलावर हो फरार हो गया। वहीं पीड़ित का कहना था जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे और उसके साथियों को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां से उपचार उपरांत डाक्टरों ने उसे पीजीआई अस्पताल भेज दिया। जहां से उपचार कराने के बाद उसे जानकारी हुई कि सिर में लगभग 12 और कान में 4 टांके लगे हैं, तथा उसके मित्र अनुराग मणि त्रिपाठी के सिर में भी लगभग 6 टांके लगे हैं। जिसके चलते उसने उपचार कराने के बाद स्थानीय आशियाना थाने में उक्त नानवेज दुकानदार सहित उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार को केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## घर मे घुसकर पीटा

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के सठवारा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक घर में घुसकर मारपीट की।जिसमें वृद्धा सहित दो लोग घायल हो गए।घटना के बाद दबंग मौके से भाग निकले लेकिन उनकी बाइक वहीं छूट गई। पीड़ित अर्पित कुमार के अनुसार 19 अप्रैल की शाम गांव के ही हरिराम राहुल व दिवाकर पुत्रगण गुरू प्रसाद रवि पुत्र गया प्रसाद अमर सिंह पुत्र मनोज तथा शेरा पुत्र अज्ञात अपने कुछ अन्य साथियों के साथ लाठी डंडे हॉकी और ईंट लेकर उसके घर आ धमके।घर में घुसते ही दबंगो ने गाली गलौज शुरू कर दी जिसका विरोध करने पर अर्पित व उसकी दादी पराना पर लात घूसों व डंडों से हमला कर दिया।जिससे दोनों घायल हो गए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-आक्शन सूचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।
**एडमिन यूनिट/जोन:** लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं०:** Catg-LJND-06-26, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:** 17-04-2026 समय 19:29 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 04-05-2025 समय 12:00 बजे। **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 04-05-2026 समय 14:40 बजे। **नीलामी का प्रकार:** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of ***www.ireps.gov.in***
सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य-15 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।

## ससुराल पहुंची महिला से मारपीट दूसरी महिला संग रहने का आरोप

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** मानक नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पति सहित ससुरालियों पर मारपीट कर उसे घर से निकालने का आरोप लगा पति पर तलाक से पहले ही दूसरी महिला के साथ रहने का आरोप लगाया है। मानक नगर थाना क्षेत्र स्थित चित्रगुप्तनगर निवासी प्रतीक्षा श्रीवास्तव के अनुसार वह बीते 13 अप्रैल को अपनी सास के निधन की सूचना मिलने पर ससुराल पहुँची थीं। आरोप है कि घर पहुँचते ही पति, ससुराल पक्ष के अन्य लोगों और एक महिला ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का कहना है कि मारपीट के बाद उन्हें जबरन घर से बाहर निकाल दिया गया और उनके साथ आए परिजनों को भी भगा दिया गया। इसके बाद मकान में ताला लगा दिया गया। वहीं पीड़ित का आरोप है कि उसका वैवाहिक विवाद न्यायालय में विचाराधीन है और अभी तलाक नहीं हुआ है। जिसके चलते उसका ससुराल में रहने का उनका अधिकार है। लेकिन पति उसी घर में दूसरी महिला के साथ रह रहा है। जिसके चलते उसने पति सहित ससुरालियों के खिलाफ स्थानीय मानक नगर थाने में पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## अलमारी में रखी नकदी ,ज्वैलरी चोरी



**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक कारोबारी के घर हुई चोरी का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है ।जहां बंद मकान का ताला टूटा नहीं आलमारी पर कोई निशान नहीं और लॉकर से नगदी व गहने चोरी हो गए। मूलरूप से जनपद जालौन निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र रामकेश पेशे से सीएनजी गैस सर्विस का खुद का काम करते हैं और कृष्णा नगर इलाके के मानस नगर में आर एन वर्मा के मकान में पत्नी वंदना और दो बेटे रोहन व प्रिंस के साथ रहते हैं। वहीं पीड़ित का कहना था वह बीते 20 अप्रैल को परिवार संग जालौन साली की शादी में शामिल होने गए थे। अगले दिन शाम समय घर वापस लौटने पर घर में रखा सारा सामान अस्त-व्यस्त बिखरा पड़ा हुआ है और कमरे में रखी अलमारी का लॉकर खुला हुआ था और उसमें रखे करीब 70 हजार रुपये नकद व लाखों रुपयों की ज्वैलरी गायब थी। जिसकी जानकारी होने पर बुधवार रात्रि पीड़ित परिवार ने पुलिस को कंट्रोल नंबर पर जानकारी दे स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया में चोरी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। चोरों ने न तो बंद मकान का ताला तोड़ा और न ही किसी प्रकार का बल प्रयोग किया फिलहाल पीड़ित की शिकायत पर मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज खंगाल चोरों की तलाश की जा रही है जांच के बाद ही रिपोर्ट दर्ज किया जाएगा।

**कार्यालय नगर पंचायत बंकी, बाराबंकी**
**पत्रांक: 46/न.पं. बं.-ई.नि.सू./2026-27** **दिनांक : 21 अप्रैल 2026**
**ई-निविदा सूचना**
एतद् द्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत बंकी के पत्र संख्या 33/न.पं.बं.-ई.नि.सू./2026-27 दिनांक 16 अप्रैल 2026 द्वारा नगर पंचायत बंकी में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत सी.सी. सड़क मय नाला/नाली निर्माण सम्बंधित 05 कार्यों हेतु निविदाएं, ई-निविदा पोर्टल के माध्यम से दिनांक 18-04-2026 में आमंत्रित की गई हैं, प्राप्त निविदाएं दिनांक 11-05-2026 को निर्धारित समय पर खोली जाएंगी, यदि किन्ही कारणों से निविदा खुलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो (उसकी अगली तिथि) अर्थात अगले कार्य दिवस को मानी जाएगी, ई-निविदा प्रपत्र/एनआईटी www. etender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड करते हुए प्राप्त किया जा सकता है, उक्त के सम्बंध में किसी भी प्रकार की अधिक जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में की जा सकती है।
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बंकी**
**बाराबंकी**

# मिट्टी की बनी बोतलें और घड़े कर रहे देशी फ्रिज का काम





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मवैय्या क्षेत्र में इन दिनों लोगों की अच्छी भीड़ नजर आ रही है। वजह यह है कि यहां पर एक मिनट के अंदर ही पानी को ठंडा कर देने वाली बोतलें और घड़े मिल रहे हैं। इस भीड़ को लखनऊ की सरजमीं पर पहली बार गुजरात की लाल मिट्टी की बनी बोतलें और घड़े बेचे जा रहे हैं।

माटी हाउस के नाम से इस दुकान को चला रहे कृष्णा ने बताया कि यह दुकान करीब 50 साल पुरानी है। लेकिन पहली बार उन्होंने गुजरात की लाल मिट्टी की बनी हुई बोतलें और घड़े को नया लुक देकर और डिजाइनिंग अंदाज में बाजार में उतारा है। जो देखने में लोगों को बेहद आकर्षित भी लग रहे हैं और इनकी खास बात यह है कि सिर्फ एक मिनट के अंदर ही गर्म पानी भी इन बोतलों और घड़ों में रखने से ठंडा हो जाएगा। फ्रिज से भी जल्दी ठंडा पानी यह बोतले या घड़े कर देते हैं, इसलिए लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिन भर में 100 से ज्यादा पीस बिक रहे हैं। उन्होंने बताया कि इनको धोने से कोई खराबी नहीं आयेगी। लाल मिट्टी के इन घड़ों और बोतलों में पानी पीने से सेहत भी अच्छी होती है।

**बाजार में मिट्टी से बने मटके की अच्छी डिमांड:** बाजार में मिट्टी से बने मटके की अच्छी डिमांड देखी जा रही है। मिट्टी से बने मटके के अंदर हल्के हल्के छेद होते हैं, जिससे पानी हल्का-हल्का बाहर आता रहता है और वह मटकी को गीला रखता है। इससे हवा के संपर्क में आने से मटके का पानी फ्रिज की तरह ठंडा रहता है। एक्सपर्ट बताते हैं कि मटके का पानी शरीर के पीएच लेवल को भी मेंटेन रखता है। मटके के पानी से शरीर में मिनरल्स की कमी भी पूरी हो जाती है। गर्मी में फ्रिज से बेहतर मटके का पानी पीना माना जाता है। गर्मी के साथ-साथ तापमान में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है।

**इतनी है कीमत:** कृष्णा प्रजापति ने बताया कि उनके पास छोटी मिट्टी की बोतले 150 रुपए की हैं जबकि फिल्टर वाले घड़े 500 रूपए के हैं। डिजाइनिंग घड़े भी 500 रुपए के ही हैं। इनसे कम की कीमतों पर भी लोगों को घड़े और बोतलें मिल जाएंगी। रवि ने बताया कि इस व्यापार को उनकी मां ने शुरू किया था। उनके निधन के बाद उन्होंने इस व्यापार को आगे बढ़ाने का जिम्मा उठाया है। वह बताते हैं कि उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से 2011 में बीएससी कंप्यूटर साइंस में किया था। इसके बाद रेलवे की तैयारी भी की थी लेकिन उसमें उनका सिलेक्शन नहीं हो पाया था, जिसके बाद उन्होंने अपनी मां का ही व्यापार संभाला। चारबाग रेलवे स्टेशन और आलमबाग के बीच में मवैय्या क्षेत्र पड़ता है, इसकी प्रमुख रोड पर ही आपको माटी हाउस की दुकान दिख जाएगी।

## रंग-बिरंगी मिट्टी की बोतलें कर रहीं आकर्षित

**लखनऊ।** माटी हाउस में आपको लाल मिट्टी की बनी हुई छोटी और बड़ी बोतलें दोनों मिलेंगी। दोनों पर खूबसूरत सी डिजाइन बनी हुई है। बोतलों की साइज के अनुसार ही उनके अंदर पानी भी आता है, किसी में सवा लीटर पानी आता है तो किसी में दो लीटर तक पानी आप भर कर रख सकते हैं। यही नहीं घड़े भी डिजाइनिंग है। इसके अलावा कार्टून के बने हुए घड़े भी यहां पर मिल रहे हैं, जिनके अंदर नल लगा हुआ है और देखने में वे किसी टेडी बियर से कम नहीं लग रहे।

**सेहत के लिए अच्छा है मटके का पानी:** आमतौर देखा जाता है कि लोग गर्मी के दिनों में अपनी प्यास बुझाने के लिए कोल्ड ड्रिंक्स या फ्रिज का बेहद ठंडा पानी पीते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक ऐसा करना सही नहीं है। अत्यधिक ठंडा पानी सेहत को नुकसान पहुंचाता है। इससे सर्दी-जुकाम का अंदेशा रहता है। अक्सर लोग गर्मी के दिनों में धूप से आकर सीधे फ्रिज में रखा ठंडा पानी पी लेते हैं। इससे उनकी सेहत पर काफी असर पड़ता है। मिट्टी की बोतल में भरा हुआ पानी गर्मियों के दिनों में एक अलग ही मजा देता है. मानो फ्रिज आप के साथ हो, पानी अच्छे से ठंडा रहता है. और चूंकि ये मिट्टी की बोतल का ठंडा पानी रहता है इस लिए कोई नुकसान भी नही होता. जबकि मौसम में बदलाव के कारण फ्रिज का ठंडा पानी पीने से बीमार बच्चों की संख्या में इजाफा हो रहा है. गर्मी में फ्रिज से निकला ठंडा पानी पीने से बच्चे बीमार हो रहे है, ऐसे में नार्मल या घड़े का पानी पीना चाहिए।

**फ्रीज का पानी करता है नुकसान:** लोगों का कहना है फ्रिज का ठंडा पानी नुकसान करता है, हमें आज इस दौर में प्राकृतिक देसी चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। मिट्टी से बने बर्तनों में पानी पीना चाहिए और खाना खाना चाहिए। पहले के लोग मिट्टी के बर्तन में खाना बनाते, खाते व पीते थे और वह अधिक समय तक स्वस्थ रहते थे. पहले के लोग बीमार भी जल्दी नहीं पढ़ते थे लेकिन जब से मार्केट में प्लास्टिक की बनी बोतल व बर्तन उपलब्ध हो गए हैं. तब से बीमारियां भी बढ़ती जा रही हैं बच्चों से लेकर व्यस्त व बुजुर्गों में प्लास्टिक की बोतलों में पानी पीने से बीमारियां उत्पन्न हो रही है।

**गर्मी बढ़ने के साथ पानी ठंडा रखने के लिए मिट्टी के बर्तनों की मांग बढ़ी:** गर्मी के प्रकोप के साथ मिट्टी के बर्तनों घड़े, सुराही, बोतल, गिलास इत्यादि की मांग में कई प्रतिशत का उछाल आया है। लोग स्वस्थ और प्राकृतिक ठंडक के लिए फ्रिज के बजाय मिट्टी के बर्तनों (देसी फ्रिज) को पसंद कर रहे हैं। स्टाइलिश और नई डिजाइन के कारण भी इनकी मांग में तेजी देखी जा रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 41.5 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस हो गया है। यानी दिन का तापमान सामान्य से 2.7 और रात का 2.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। गर्मी में शरीर के लिए सबसे बड़ी जरूरत पानी है। लेकिन इसे गलत तरीके से पिया जाए तो यह शरीर के लिए नुकसान भी पंहुचा सकता है। डॉक्टर सुझाव देते हैं कि गर्मी से आने के बाद तत्काल बहुत ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए। वैसे भी फ्रिज के पानी को पीने से बहुत लोग बचते हैं। वह मिट्टी के बर्तनों को वरीयता देते हैं। जानकार बताते हैं की मिट्टी के छिद्रों से पानी के वाष्पीकरण के कारण पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा रहता है। फ्रिज के पानी के मुकाबले मटके का पानी गले के लिए भी अच्छा माना गया है। कुम्हार दीपक प्रजापति बताते हैं कि पिछले पांच वर्षों से मिट्टी के बने बर्तनों की मांग बढ़ी है। इसलिए गर्मी आने के पहले ही बर्तनों को बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाता है। बर्तनों में अब



नया-नया प्रयोग होने लगा है। जैसे सुराही और घड़े में अब प्लास्टिक की टोटी लगा दी जाती है जिससे लोगों को पानी निकालने में दिक्कत का सामना न करना पड़े और पानी बर्बाद भी ना हो। उन्होंने बताया इसी के साथ मिट्टी के गिलास, दही जमाने के लिए बर्तन यानी किचन में उपयोग करने वाले ज्यादातर बर्तनों को अब मिट्टी का आकार दिया जा रहा है। बर्तनों में खूबसूरती दिखने के कारण यह बाजार में अच्छे दाम पर बिक जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष अब इसकी मांग बढ़ते क्रम में है। जिससे कुम्हारों को अपने व्यवसाय के प्रति एक नया उत्साह जागृत हुआ है।

## मिट्टी से बनी बॉटल बैग में रखकर दिनभर लें शीतल जल का आनंद

**लखनऊ।** गर्मी की शुरूआत हो चुकी है। सूरज की तेज तपिश से लोगों का हाल बेहाल है. ऐसे में गला तर करने के लिए मिट्टी के मटके के पानी से बेहतर साधन कुछ और नहीं हो सकता. लोगों की पसंद आजकल चंदिया की मिट्टी से बने मटके हैं। चंदिया का मटका एक प्रकार से ब्रांड बन गया है। पूरे जिले आसपास चंदिया की मिट्टी से बने मटके की डिमांड हर साल रहती है।

चंदिया के मटकों की दुकान जगह-जगह सजने लगी हैं। अब चंदिया के मटका व्यापारी अपने मटकों पर भी चंदिया लिखने लगे हैं। हर मटके पर चंदिया लिखा मिलेगा. चंदिया की मिट्टी से बने मटकों की डिमांड इतनी क्यों है, इसे जानने के लिए मटका खरीदने आए कुछ लोगों से ईटीवी भारत ने बात की। इनका कहना है कि चंदिया की मिट्टी से जो मटके बनाए जाते हैं, वह काफी मजबूत होते हैं. आसानी से टूटते-फूटते नहीं हैं। अन्य मटकों की अपेक्षा इन मटकों में पानी ज्यादा ठंडा होता है। साथ ही पानी स्वादिष्ट भी हो जाता है. इसलिए वो चंदिया के ही मटके खरीदते हैं. चंदिया के मटका व्यापारी राकेश प्रजापति बताते हैं कि



इस मिट्टी की बात ही अलग है। चंदिया के मिट्टी से बने मटके पानी को अच्छी तरह से ठंडा करते हैं। इसलिए इसकी इतनी डिमांड है।

**आधुनिक तरीके से बनने लगे हैं मटके :** प्रशांत सिंह कहते हैं कि बदलते वक्त के साथ मटका व्यापारियों ने भी काफी कुछ बदलाव किया है। जैसे घड़े पर टोंटी लगाना आदि. मिट्टी की ये बॉटल कामकाजी लोगों के लिए काफी सहूलियतभरी हैं. बढ़ती महंगाई के बाद भी इन मटकों के रेट नहीं बढ़े हैं. मटका व्यापारी राकेश प्रजापति बताते हैं कि दाम नहीं बढ़ाए. पिछले साल भी 100 में एक मटका दे रहे थे, मौजूदा साल भी 100 रुपये में एक मटका दे रहे हैं, साथ ही जो टोंटी लगे हुए मटके हैं, उनका रेट थोड़ा बढ़ाकर रखा गया है. क्योंकि उसमें थोड़ी एक्स्ट्रा वर्क किया गया है. इसलिए वह मटके 150 रुपए के करीब बेच रहे हैं. राकेश प्रजापति बताते हैं कि मिट्टी से बनी बॉटल 80 में दे रहे हैं।

# भौम प्रदोष व्रत 28 को, भक्त करेंगे शिवजी की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदोष व्रत का हिंदू धर्म में विशेष महत्व बताया गया है। यह व्रत भगवान शिव को समर्पित है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा अर्चना की जाती है।

मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से व्यक्ति की सारी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। साथ ही साथ वैवाहिक जीवन में भी मधुरता बनी रहती है। साथ ही भगवान शिव का आशीर्वाद भी बना रहता है। इस दिन भगवान शिव की पूजा प्रदोष काल में करनी चाहिए। साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना करनी चाहिए। महीने में दो बार प्रदोष व्रत आता है एक शुक्ल पक्ष और दूसरा कृष्ण पक्ष में। आइए जानते हैं वैशाख मास का दूसरा प्रदोष व्रत कब है। साथ ही जानें पूजा के लिए प्रदोष काल का शुभ समय और प्रदोष व्रत की पूजा विधि। पंचांग की गणना और पंड़ित राकेश झा की गणना के अनुसार, त्रयोदशी तिथि का आरंभ 28 अप्रैल को शाम में 6 बजकर 51 मिनट पर होगा और 29 अप्रैल को शाम में 7 बजकर 51 मिनट पर तिथि समाप्त होगी। प्रदोष व्रत में प्रदोष काल में पूजा करने का महत्व है। ऐसे में 28 अप्रैल को ही प्रदोष व्रत रखना शास्त्र सम्मत है क्योंकि, 28 अप्रैल को प्रदोष काल के समय त्रयोदशी तिथि प्रदोष काल में व्याप्त है। इस दिन मंगलवार है इसलिए इसे भौम प्रदोष व्रत के नाम से जाना जाएगा। वैसे तो दोनों ही दिन प्रदोष काल व्याप्त हो रहा है।

**प्रदोष व्रत का महत्व:** ऐसी मान्यता है कि वेदों को जानने वाले भगवान भक्त महर्षि सूत ने इस व्रत के महत्व को बताया था। उन्होंने कहा था कि कलियुग में जब मनुष्य धर्म के आचरण से हटकर अधर्म की राह पर जा रहा होगा और हर तरफ अन्याय और अनाचार का बोलबाला होगा, उस समय प्रदोष व्रत ही ऐसा व्रत होगा जो मानव को शिव की कृपा का पात्र बनाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि मनुष्य के सभी प्रकार के कष्ट और पाप इस व्रत को करने से नष्ट हो जाएंगे। इसीलिए इस दिन भगवान शिव और पार्वती की पूजा की जाती है।

**भौम प्रदोष व्रत की पूजा विधि:** प्रदोष व्रत के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें। इसके बाद साफ वस्त्र धारण करके व्रत का संकल्प लें। इसके बाद सूर्य को जल अर्पित करके व्रत का संकल्प लें। शाम में प्रदोष काल में पूजा करें। इसके लिए सबसे पहले शिवलिंग का गंगाजल, जल, शहद, दूध से अभिषेक करें। अब शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, शहद, दूध, गंगाजल आदि से अभिषेक करें। अब भगवान शिव और माता पार्वती के सामने हाथ जोड़कर भगवान शिव के मंत्रों का जप करें। इसके बाद उन्हें भोग लगाएं और भौम प्रदोष व्रत कथा का पाठ करें। अंत में भगवान शिव और माता पार्वती की आरती करें।

### प्रदोष व्रत का शुभ मुहूर्त

वैशाख शुक्ल त्रयोदशी तिथि का आरंभ 28 अप्रैल को शाम में 6 बजकर 51 मिनट पर, वैशाख शुक्ल त्रयोदशी तिथि समाप्त 29 अप्रैल को शाम में 7 बजकर 51 मिनट पर, सूर्यास्त के समय से लेकर डेढ़ घंटे पहले तक के समय के बीच में आप पूजा कर सकते हैं।

## नारी शक्ति वंदन के तहत हुआ पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन



लखनऊ। बुधवार को नारी शक्ति वंदन के अंतर्गत बिरजू महाराज कथक संस्थान द्वारा महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व एवं नवाचार पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में संस्थान के विद्यार्थी अनन्या, स्वस्ति, अंशिका, जान्हवी, स्वेता, मन्नत, परी, पलक आकांक्षा, आरती, विकिशा, मायरा, इंद्राक्षी, नेहा, प्रियंका सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नारी शक्ति के विविध स्वरूपों को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। यह आयोजन विद्यार्थियों में जागरूकता एवं सृजनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ नारी सम्मान के प्रति सकारात्मक संदेश देता है।

## 'यूपी वाली, बिहार वाली' का ट्रेलर रिलीज

लखनऊ। भोजपुरी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस रानी चटर्जी और संजना पांडेय जल्द ही अपकमिंग फिल्म 'यूपी वाली, बिहार वाली' पोस्टर रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई हैं, लेकिन अब फिल्म का मजेदार ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। ट्रेलर में रानी चटर्जी और संजना पांडेय के बीच बिहार और यूपी राज्य को लेकर खींचतान जारी है। रानी चटर्जी जहां यूपी वाली हैं, तो संजना पांडेय बिहार वाली हैं। रानी अपने घर के लिए बिहार वाली देवरानी को पसंद करती हैं, लेकिन उन्हें उनकी बोलचाल औ? पहनावा नहीं पसंद औ? वो इन चीजों को लेकर देवरानी को बार-बार टोकती भी रहती है। शादी के बाद इसी नोंक-झोंक के बीच सास खुद दो दो राज्य वाली की सासु मां बताते हुए इठलाती हैं। दोनों बहुओं में यूपी-बिहार को लेकर लेकर दोनों के बीच जबरदस्त तकरार भी होती है। संजना सिंह यूपी की बुराई करती है तो रानी बिहार की, लेकिन संजना के मां बनने की खुशखबरी से घर में सब कुछ बदल जाता है। देवरानी-जेठानी के बीच प्यार पनपने लगता है, लेकिन एक हादसा पूरे घर की खुशियां छीन लेता है। संजना के बच्चे की मौत हो जाती है और वह मानसिक रूप से कमजोर हो जाती है। संजना को ठीक करने के लिए पूरा परिवार एक हो जाता है लेकिन आगे क्या होता है, उसके लिए फिल्म के रिलीज का इंतजार करना होगा।

# वैदिक काल से ही महिलाओं ने नेतृत्व की भूमिका निभाई है : प्रो. कुमकुम धर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज भारतीय न्याय संहिता एवं ई-एफआईआर तथा महिलाओं के नेतृत्व में विकास विषयों पर दो महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रमों का आयोजन जयशंकर प्रसाद सभागार में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इन कार्यक्रमों में शिक्षाविदों, विधि विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

प्रथम संवाद भारतीय न्याय संहिता एवं ई-एफआईआर विषय पर आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने की। मुख्य वक्ता के रूप में उच्च न्यायालय, लखनऊ की वरिष्ठ अधिवक्ता बुलबुल गोडियाल ने न्याय व्यवस्था में हो रहे आधुनिक परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ई-एफआईआर की उपयोगिता, पारदर्शिता एवं सुलभता को रेखांकित करते हुए बताया कि अब शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया अधिक सरल एवं सुलभ हो गई है। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता के प्रमुख प्रावधानों, साक्ष्य के रूप में डिजिटल माध्यमों (जैसे व्हाट्सएप आदि) की स्वीकार्यता, तथा महिलाओं से संबंधित मामलों में महिला पुलिस अधिकारी की नियुक्ति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं होती है, तो संबंधित अधिकारी (एसपी/एसएसपी) अथवा न्यायालय के माध्यम से न्याय प्राप्त किया जा सकता है। द्वितीय संवाद महिलाओं के नेतृत्व में विकास विषय पर केन्द्रित रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. कुमकुम धर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वैदिक काल से ही महिलाओं ने नेतृत्व की भूमिका निभाई है। उन्होंने वर्तमान समय में महिलाओं की भागीदारी कृषि, हस्तशिल्प, लघु उद्योग, कॉर्पोरेट क्षेत्र तथा नवाचार के क्षेत्र में निरंतर बढ़ने की बात कही। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि समाज एवं राष्ट्र के समग्र विकास हेतु महिलाओं की समान भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। विशिष्ट वक्ता प्रो० अमिता बाजपेयी (प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय) ने शिक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि नेतृत्व क्षमता का निर्धारण लिंग के आधार पर नहीं, बल्कि योग्यता के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सहभागिता नीति निर्धारण में बहुत कम है जबकि नेतृत्व का अवसर महिलाओं को जब भी मिला है उन्होंने बेहतर किया है अतः शीर्षस्थ स्थानों के नीति निर्धारण में उन्हें उचित अवसर मिलन आवश्यक है। महिलाओं को अपनी क्षमताओं के प्रदर्शन हेतु समान अवसर प्रदान किए जाने चाहिए, तभी वास्तविक समानता स्थापित हो सकेगी। कार्यक्रम के समापन में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि माननीय कुलाधिपति उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त मार्गदर्शन विश्वविद्यालय को निरंतर नई दिशा प्रदान करता है। उनकी दूरदर्शिता एवं विशेषकर महिलाओं तथा विद्यार्थियों के हित में लिए गए निर्णयों से हम सभी निरंतर लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. सृष्टि माथुर द्वारा किया गया।

# आज से सजेगा राष्ट्रचेतना का महापर्व 'रश्मिरथी'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी कालजयी कृति रश्मिरथी के 75 वर्ष पूरे होने पर राजधानी लखनऊ में भव्य रश्मिरथी पर्व का आयोजन किया जा रहा है।

24 से 26 अप्रैल तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (ज्यूपिटर हॉल) में होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन से साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रचेतना का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस संबंध में बुधवार को लोकभवन में मीडिया से बातचीत में कहा कि संस्कृति एवं पर्यटन विभाग और 'राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर न्यास, दिल्ली' के इस संयुक्त आयोजन में महान व्यक्तित्वों के जीवन और विचारों को मंच के माध्यम से जीवंत किया जाएगा। इसमें रश्मिरथी के साथ-साथ स्वामी विवेकानंद, बाल गंगाधर तिलक और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, संवाद और काव्य पर आधारित नाट्य मंचन एवं नृत्य नाटिकाएं प्रस्तुत की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस भव्य आयोजन में देश के ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। मुंबई के प्रख्यात रंगकर्मी मुजीब खान के निर्देशन में नाट्य मंचन किया जाएगा, जबकि शिमला की प्रसिद्ध कथक कलाकार पूनम शर्मा के निर्देशन में अटल स्वरांजलि नामक संगीतमय नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी, जो पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की चुनिंदा कविताओं पर आधारित होगी। इसके अलावा लखनऊ के महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के छात्रों को भी आमंत्रित किया जाएगा ताकि वह देश के साहित्य एवं महान साहित्यकारों को करीब से समझ सकें।

**राष्ट्रचेतना और स्वाभिमान को नई ऊर्जा देगा रश्मिरथी पर्व : जयवीर:** उन्होंने कहा राष्ट्रकवि दिनकर की रचनाएं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौर में जन-जन के मन में जोश और स्वाभिमान का संचार करती थीं। स्वतंत्रता के बाद भी उन्होंने अपनी लेखनी से राष्ट्र निर्माण की दिशा में समाज को नई ऊर्जा और सोच प्रदान की। पर्यटन मंत्री ने कहा दिनकर की प्रमुख कृतियों में रश्मिरथी, हुंकार, कुरुक्षेत्र, उर्वशी, परशुराम की प्रतीक्षा और संस्कृति के चार अध्याय जैसी अमर रचनाएं शामिल हैं। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने कहा कि यह कार्यक्रम बेहद रुचिकर और उपयोगी होगा। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और 'राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर न्यास, दिल्ली' के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे से गूंजा नटुकुर मैदान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से आयोजित भव्य धर्म उत्सव एवं भजन संध्या कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नटुकुर मैदान में आयोजित इस आयोजन में लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस में डूबकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रारंभ में किशोर चतुर्वेदी की प्रस्तुति ने वातावरण को ऊजार्वान बनाया। इसके उपरांत विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का आगमन हुआ, जिनका स्वागत पुष्प एवं अभिनंदन के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भजन सम्राट कन्हैया मित्तल के बाल्यकाल के संघर्षों और उनकी प्रेरणादायक जीवन यात्रा का उल्लेख



किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर कन्हैया मित्तल आज देश के प्रमुख भजन गायकों में स्थान रखते हैं। उन्होंने राम भक्तों पर गोली चलाने वालों और प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग राम द्रोही और राष्ट्र द्रोही विचारधारा के साथ हैं, उन्हें सरोजनीनगर की धरती पर स्थान नहीं मिलेगा। डॉ. राजेश्वर सिंह ने रामरथ श्रवण यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि सरोजनीनगर परिवार के हजारों लोगों को इस यात्रा के माध्यम से प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के दर्शन कराए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में अब तक 220 मंदिरों का सुंदरीकरण एवं जीर्णोद्धार किया जा चुका है। भजन सम्राट कन्हैया मित्तल जी के मंच पर आगमन के साथ ही पूरा वातावरण राम नाम और भक्ति के सुरों से गूंज उठा। उनके लोकप्रिय भजन जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए।

इस अवसर पर कन्हैया मित्तल जी ने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा रामरथ यात्रा के माध्यम से सरोजनीनगर के लोगों को अयोध्या के दर्शन कराए जा रहे हैं, उसी प्रकार लखनऊ से खाटू श्याम जी के लिए भी एक यात्रा का आयोजन किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने लखनऊ में खाटू श्याम दरबार स्थापित करने का भी आग्रह किया, जिन दोनों प्रस्तावों को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सहर्ष स्वीकार किया। उनके इस प्रस्ताव का उपस्थित श्रद्धालुओं ने जोरदार समर्थन किया।

संक्षेप

## रास्ते में चार पहिया गाड़ी खड़ी करने में हुआ विवाद

सलोन,रायबरेली। रास्ते में चार पहिया गाड़ी खड़ी करने के विवाद को लेकर विपक्षियो ने युवक की हॉकी से पिटाई कर दी।गम्भीर अवस्था मे घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट समेत बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाली अंतर्गत सूची चैकी क्षेत्र के ग्राम बाराडीह गांव निवासी अनुराग सरोज पुत्र संतोष सरोज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 19 अप्रैल को शाम साढ़े पांच बजे के करीब कुछ सामान लेकर अपने घर ज रहा था। आरोप लगाया कि विपक्षी ललित सिंह, आशुतोष सिंह,अरुण सिंह,पूरन सिंह ने रास्ते मे अपनी चार पहिया गाड़ी खड़ी कर रखी थी।आरोप है कि चार पहिया गाड़ी को रास्ते से हटाने को लेकर विपक्षियों का पारा सातवे आसमान पर चढ़ गया।युवक के मुताबिक आरोपी पक्ष के लोगो ने गाड़ी से हॉकी निकाल कर उसकी बेहरमी से पिटाई कर दी।कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि घटना की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## उत्साह पूर्वक मनाया गया पृथ्वी दिवस

रायबरेली। हम पृथ्वी को अपने पूर्वजों से विरासत में नहीं पाते, बल्कि अपने बच्चों से उधार लेते हैं। इस प्रेरणादायक विचार के साथ न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत पृथ्वी संरक्षण के महत्व पर आधारित नाट्य प्रस्तुति से हुई, जिसमें मानव की लापरवाही से प्रकृति पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। लघु नाटिका में खुशी ने ह्यपृथ्वीह्व की भूमिका निभाते हुए पर्यावरण की पीड़ा को भावपूर्ण तरीके से दर्शाया, वहीं तवी ने ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। आराध्या श्रीवास्तव ने ह्यकैरी बैगह्व के माध्यम से प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को उजागर किया। सत्यार्थ ने ह्यवृक्षह्व बनकर पेड़ों के महत्व को रेखांकित किया।जाह्नवी और मन्नत ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कविता प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।छात्र ध्रुव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए पृथ्वी की वर्तमान स्थिति और संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है और इसकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों के दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयासकृजैसे पानी और बिजली की बचत, प्लास्टिक का कम उपयोग तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपणकृको अपनाने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि यदि आज हम जागरूक नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।इस अवसर पर मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, अजय सिंह, रामदेव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक के मुकदमे को एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग

सुल्तानपुर (वीओएल)। आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामले में आरोपित जगदीशपुर के पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी ने ग्राम न्यायालय गौरीगंज में चल रहे मुकदमें को एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की है। पूर्व विधायक के अधिवक्ता विजय तिवारी ने बताया कि सीजेएम नवनीत सिंह ने ग्राम न्यायालय गौरीगंज से रिपोर्ट तलब की है।मामले में अगली सुनवाई दो मई को होगी। वर्ष 2017 में गौरीगंज थाने में पुलिस ने पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, मोहम्मद नईम समेत अन्य कांग्रेसियों के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का केस दर्ज किया था।

## बयान आठ को

सुल्तानपुर (वीओएल)। मोईन अहमद हत्याकांड में अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी हो गई है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने बताया कि जिला जज सुनील कुमार ने आरोपितों का बयान दर्ज करने के लिए आठ मई की तिथि तय की है। कोतवाली नगर के लोलेपुर निवासी मोईन अहमद की जमीन को रंजिश में छह अगस्त 2022 को पौशाला मस्जिद के पास घराहा खुर्द में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# सदर विधायक अदिति सिंह ने जेल रोड का किया शिलान्यास

## बोलीं मुख्यमंत्री जी के सहयोग से मिली क्षेत्र को बड़ी सौगात



रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने बुधवार को जेल रोड के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सड़क मुख्यमंत्री जी के आशीर्वाद और उनके निरंतर प्रयासों से क्षेत्रवासियों को मिली बड़ी सौगात है। उन्होंने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरूआत कराई और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक अदिति सिंह ने कहा, जेल रोड शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक है। इस मार्ग पर शहर के अधिकतर बड़े अस्पताल, नर्सिंग होम और जांच केंद्र स्थित हैं। सड़क की जर्जर हालत के कारण मरीजों, तीमारदारों और आम जनता को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से व्यक्तिगत रूप से मिलकर इस सड़क के निर्माण की मांग रखी थी। काफी प्रयासों के बाद मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी और आज इस सड़क का शिलान्यास हो रहा है। यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि मैं क्षेत्र की जनता को यह राहत दिला सकी। उल्लेखनीय है कि करीब 2.350 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर 9 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आने का अनुमान है। यह मार्ग लंबे समय से जर्जर अवस्था में था, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते थे, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। इससे शहर के मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, पार्टी कार्यकर्ता और अधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने विधायक अदिति सिंह का आभार जताते हुए कहा कि इस सड़क के बनने से वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा।

# साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता विषय पर कार्यशाला का आयोजन



लालगंज रायबरेली। जिले के प्रतिष्ठित एवं शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी, नैक द्वारा प्रत्यायित ग्रेड बी बैसवारा महाविद्यालय, लालगंज में महिला सशक्तिकरण के द्वितीय चरण फेज-5 के अंतर्गत प्राचार्य प्रोफेसर निरंजन राय के कुशल नेतृत्व में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता विषय पर कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम के अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो. निरंजन राय ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए। प्रोफेसर राय ने कहा कि किसी भी फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले उसकी फ्रेंड लिस्ट, फोटो अपलोड की टाइमिंग, पूरी प्रोफाइल की जानकारी तथा म्युचुअल फ्रेंड्स अवश्य जांचें। संदेह होने पर तुरंत उसे ब्लॉक कर शिकायत दर्ज कराये। प्राचार्य डॉ निरंजन राय ने यह भी बताया कि अनजान ऐप्स को अनुमति न दें तथा अपनी व्यक्तिगत जानकारी सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने से बचें। अज्ञात स्रोतों से प्राप्त ईमेल अटैचमेंट, लिंक या मैसेज पर क्लिक न करने की सलाह दी। कार्यक्रम संयोजक, प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल ने ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि त्योहारों के नाम पर कई वेबसाइटें असली ई-कॉमर्स साइट्स की नकल कर लोगों को ठगने का प्रयास करती हैं। फर्जी प्रोडक्ट फोटो और स्टॉक इमेज के माध्यम से इन्हें असली दिखाया जाता है। अत्यधिक कम दाम और आकर्षक ऑफर देकर लोगों को जल्दबाजी में खरीदारी के लिए उकसाया जाता है।उन्होंने व्हाट्सएप पर आने वाले ह्यघर बैठे रुपए 5000 से रुपए 10000 कमाइएह्व जैसे फर्जी संदेशों से सावधान रहने की अपील की। बताया कि शुरूआत में छोटे टास्क देकर 150 से 200 रुपए भेजकर विश्वास जीतने के बाद बड़ी रकम निवेश करने का झांसा दिया जाता है, जिससे लोगों का पैसा फंस जाता है।

# शादी रुकवाने दिल्ली से अमेठी पहुंची युवती, प्रेमी पर शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप



अमेठी। दिल्ली में काम करने वाली एक युवती अपने प्रेमी की तलाश में अमेठी पहुंच गई और उसकी होने वाली शादी रुकवाने की मांग करने लगी। मामला कोतवाली क्षेत्र के मोचवा गांव का बताया जा रहा है। युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर लंबे समय तक संबंध बनाने और धोखा देने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, युवती मूल रूप से बहराइच की रहने वाली है और दिल्ली के एक शॉपिंग मॉल में काम करती थी। वहीं उसकी मुलाकात अमेठी निवासी युवक से हुई। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और प्रेम संबंध स्थापित हो गया। युवती का आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर उसके साथ संबंध बनाए। इस दौरान वह दो बार गर्भवती हुई, लेकिन युवक ने गर्भपात की दवा खिला दी। युवती का यह भी कहना है कि युवक ने उसके आधार कार्ड में पति के नाम के रूप में अपना नाम दर्ज कराया। कुछ समय बाद युवक उसे दिल्ली में छोड़कर गांव लौट आया और अब 2 मई को दूसरी शादी करने जा रहा है। यह जानकारी मिलने पर युवती अमेठी पहुंची और युवक के घर पर तीन दिन तक रुकी रही। आरोप है कि बाद में युवक के परिजनों ने उसे वहां से भगा दिया। इसके बाद उसने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधिकारियों ने मामले में जांच का आश्वासन देते हुए युवती को दिल्ली लौटने की सलाह दी है। वहीं युवती अपनी मांग पर अड़ी है और उसका कहना है कि युवक उसके साथ संबंध बनाने के बाद दूसरी शादी नहीं कर सकता। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अमेठी-धम्मौर मार्ग पर बांस की कोठ में भीषण आग, हरे आम का पेड़ भी चपेट में आया

अमेठी। अमेठी-धम्मौर मार्ग स्थित नौगिरवा गांव में सोमवार को सड़क किनारे रखी बांस की कोठ में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बांसों के तेज धमाकों के साथ फटने से आग की लपटें दूर-दूर तक फैल गईं। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क किनारे बड़ी मात्रा में बांस रखा गया था। अचानक उसमें आग लगने से तेज लपटें उठने लगीं। बांस के फटने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। आग की चपेट में पास खड़ा हरा आम का पेड़ भी आ गया, जो धूं-धूं कर जलने लगा। पेड़ की हरी शाखाएं और पत्तियां भी आग की लपटों में घिर गईं। ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी और फायर ब्रिगेड को भी खबर दी गई, लेकिन आरोप है कि सूचना देने के लगभग एक घंटे बाद तक दमकल की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने बाल्टी, पाइप और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग लगातार फैलती रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते फायर ब्रिगेड पहुंच जाती तो नुकसान कम हो सकता था। आग की लपटें पास के खेतों और अन्य पेड़ों तक पहुंचने का भी खतरा बना रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अग्निशमन विभाग की लापरवाही की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो।

## मासूम छात्र की बस की चपेट में आने से मौत

अमेठी। अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पूरे काजिम अली गांव के पास बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में मासूम की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मासूम अपने स्कूल के पहले दिन घर से निकला था, तभी अनियंत्रित बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा करने वाली बस एक प्राइवेट स्कूल की बताई जा रही है। घटना के बाद चालक मौका पाकर बस छोड़कर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और आक्रोश फैल गया। स्थिति को देखते हुए क्षेत्राधिकारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर कानून-व्यवस्था संभालने और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्राइवेट स्कूलों के वाहनों द्वारा लगातार नियमों की अनदेखी की जाती है। कई वाहन बिना फिटनेस और परमिट के सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जबकि कुछ चालक शराब पीकर वाहन चलाते हैं।


## पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है, जिसकी सुरक्षा और संरक्षण हम सभी का कर्तव्य है: रमेश सिंह

सुलतानपुर (वीओएल)। पृथ्वी दिवस के अवसर पर श्री धनंजय सिंह मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हरित धरती, स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित भविष्य जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र प्रस्तुत किए। बच्चों की रचनात्मकता और जागरूकता देखने लायक रही। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया, जिसमें प्रबंधक रमेश सिंह टिन्नू, प्रधानाचार्य नीलम सिंह, उप-प्रधानाचार्य सुधा सिंह, डॉ. भारती सिंह एवं डॉ. संतोष सिंह अंश सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लेकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रबंधक रमेश सिंह टिन्नू ने कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है, जिसकी सुरक्षा और संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने पर जोर दिया। वहीं प्रधानाचार्य नीलम सिंह ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव विकसित करती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। विद्यालय परिसर हरित चेतना और उत्साह से सराबोर नजर आया।

## डीजे वाहन पलटने से युवक की मौत, तीन घायल

गोसाईगंज, सुल्ज्ञतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थानाक्षेत्र के लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर मंगलवार देर रात सैफुल्लागंज बाजार के पास डीजे वाहन पलटने से एक युवक की मौत हो गई, हादसे में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनपुर गांव में छोटेलाल प्रजापति के यहां मंगलवार को अहिमाने बाजार से बारात आई थी। कोतवाली देहात क्षेत्र के अहिमाने बाजार निवासी राजकुमार प्रजापति (20) पुत्र विजय कुमार भी बारात में शामिल था। द्वारचार व भोजन के बाद वह अन्य युवकों के साथ डीजे वाहन पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। रात करीब एक बजे सैफुल्लागंज बाजार के पास सामने से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में डीजे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में राज कुमार प्रजापति, अजय वर्मा, शिवम कुमार और सुनील कुमार घायल हो गए। पुलिस ने सभी को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राज कुमार को मृत घोषित कर दिया। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे पटरी करीब एक फीट गहरी होने के कारण वाहन असंतुलित हो गया। जिसके कारण यह हादसा हुआ। मृतक के पिता विजय कुमार ऑटो रिक्शा चालक हैं। युवक की मौत से मां केश कुमारी व भाई दीपक सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात कारणों से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम



चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। स्थानीय थाना क्षेत्र के कल्याणपुर रजवाड़े रामपुर निवासी लालचंद यादव उर्फ कल्लू (36) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी उषा, एक पुत्र अनुराग (16) और पुत्री अंशिका (14) को छोड़ गए हैं। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, क्योंकि घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य अब नहीं रहा।प्राप्त जानकारी के अनुसार लालचंद यादव मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। मंगलवार शाम उन्होंने कथित रूप से शराब का सेवन किया था, जिसके बाद रात में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बच्चों ने चार्ट बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



रायबरेली। पृथ्वी दिवस के अवसर पर डीह विकास क्षेत्र अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय डीह प्रथम में बुधवार को पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 4 एवं 5 के लगभग एक दर्जन छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला के माध्यम से पृथ्वी बचाने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न पर्यावरणीय थीम्स पर आकर्षक चार्ट तैयार किए। कक्षा 4 की छात्रा सौम्या ने ह्लसेव ट्री सेव अर्थह्व के स्लोगन पर बेहतरीन चार्ट बनाकर पेड़ों के महत्व पर जोर दिया। वहीं कक्षा 5 की छात्रा ने ह्लसेव अर्थ सेव फ्यूचरह्व के संदेश के साथ चार्ट प्रस्तुत कर भावी पीढ़ी के लिए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कक्षा 5 की छात्रा काजोल ने ह्लगो ग्रीन सेव वाटरह्व स्लोगन के माध्यम से जल संरक्षण और हरे-भरे पर्यावरण की अपील की। इसके अलावा नगमा, नर्गिस, स्वरागिनी और मांसी सहित अन्य बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और विभिन्न थीम्स जैसे वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण आदि पर सुंदर चार्ट बनाकर जजेस का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के शिक्षक सुषील सिंह व आरबी सिंह ने बताया कि पृथ्वी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चे न केवल अपनी रचनात्मक क्षमता विकसित करते हैं बल्कि समाज को भी संदेश देते हैं कि पृथ्वी को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# शिक्षकों के लिए मिसाल है प्रावि. दाऊदपुर गड़ई

## प्रावि. दाऊदपुर गड़ई में हुआ नॉलेज पार्क का उद् घाटन



रायबरेली। विकास खंड दीनशाह गौरा के प्राथमिक विद्यालय दाऊदपुर गड़ई में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह द्वारा विद्यालय में सामुदायिक सहयोग से नवनिर्मित लर्निंग एंड फन जोन (नॉलेज पार्क) का उद्घाटन किया गया।

स्वागत वक्तव्य देते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका दीपिका सिंह ने विद्यालय को मिल रहे समुदाय के प्रेम और सहयोग के बारे में जानकारी दी और अपना विजन बताया कि विद्यालय को देश का सबसे अच्छा विद्यालय बनाना है। आज का दिन विद्यालय के लिए बेहद खास रहा क्योंकि आज विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, डाइट मेंटर धर्मेंद्र सिंह, अभिवेक श्रीवास्तव, जिले के दो राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अजय सिंह एवं सविता सिंह, एसआरजी सुनील यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने अपने उद्बोधन में इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया कि विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका दीपिका सिंह एवं सहायक अध्यापक जनक प्रताप ने अपने बच्चों का नामांकन अपने ही विद्यालय में कराया है जो कि परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों के लिए एक नई मिसाल है। खंड शिक्षा अधिकारी एवं डायट मेंटर ने पूरी विद्यालय टीम को शुभकामनाएं दी और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार और समुदाय की सहभागिता और समर्पण की भूरिद्दभूरि प्रशंसा की। राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अजय सिंह ने विद्यालय को पूरे समाज के लिए एक तीर्थ स्थान घोषित किया जिससे यहां पर आने वाला हर एक व्यक्ति ऊर्जा प्राप्त करता रहेगा।

कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार एवं रमन सिंह ने किया। कार्यक्रम में अन्य ब्लॉकों से शिक्षक सुप्रीत शुक्ला, शिवशंकर वाजपेई, वंदना, दीपिका वाजपेई, सौरभ कुमार,श्याम शंकर त्रिवेदी,सुधीर शुक्ला, संतोष कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक दिनेश प्रताप सिंह, शिक्षक धर्मेंद्र बहादुर सिंह, अरुणेंद्र सिंह, हरकेश यादव, अखिलेश कुमार, ब्लॉक के अन्य शिक्षक,विद्यालय स्टाफ से पुष्पा सिंह,राजेंद्र बहादुर,फातिमा, मकरंद सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# विदाई के दिन पंचायत सहायिका की संदिग्धदशा में मौत

- पंचायत भवन में फंदे से लटकता मिला शव
- ससुराल पक्ष से विवाद के बीच हुई घटना जांच में जुटी पुलिस



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थानाक्षेत्र के वैदहा पंचायत भवन में बुधवार दोपहर को पंचायत सहायिका का शव संदिग्ध परिस्थितियों में दुप्पटे से लटकता पाया गया। घटना की सूचना मिलते हड़कंप मच गया और सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। एसडीएम प्रभात कुमार सिंह, सीओ रामकृष्ण चतुवेर्दी और तहसीलदार मयंक मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर जांच पड़ताल की है। बुधवार को ही मृतका की विदाई थी। मायके पक्ष के लोग तैयारी में जुटे थे।

थानाक्षेत्र वैदहा गांव निवासी रीता(27) पुत्री सीताराम वैदहा गांव की पंचायत सहायिका थी। उसकी शादी बीते नवम्बर माह में कूरेभार थानाक्षेत्र शिवनगर निवासी रविन्द्र कुमार से हुई थी। वह जनवरी माह से ही अपने मायके में रह रही थी। बुधवार सुबह करीब दस बजे घर पंचायत भवन आई थी। दोपहर करीब दो बजे मृतका का भाई शेषराम पंचायत भवन पहुँचा तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गया। रीता का शव दुप्पटे के सहारे छत में लगे पंखे से लटक रहा था। जिसकी सूचना परिजनों की ओर से पुलिस को दी गई। सूचना पर एसडीएम प्रभात सिंह,सीओ आरके चतुवेर्दी, जयसिंहपुर कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा,उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य इकट्ठा किया है।


### विदाई के दिन ही रीता ने मौत को गले लगाया

बीते वर्ष 12 नवम्बर को रीता की शादी कूरेभार के शिवनगर निवासी रविन्द्र कुमार के साथ हुई थी। वह दो बार में कुल 15 दिन ससुराल रही। ससुरालीजनों से संबंध खराब होने के बाद वह ससुराल जाने को तैयार नही हुई। बीते रविवार को ससुराल और मायके पक्ष के लोगों में वैदहा गांव में पंचायत हुई, जिसमें यह सहमति बनी की बुधवार को रीता की विदाई कर दी जाएगी। सुसराल पक्ष के लोग रीता को परेशान नही करेगें। बुधवार सुबह रीता पंचायत भवन ड्यूटी पर आई थी। जब दोपहर तक वह नही लौटी तो उसको परिजनों ने फोन किया तो फोन रिसीव नही हुआ। जिसके बाद मृतका का भाई शेषराम पंचायत भवन पर पहुँचा। जहाँ पर रीता का शव कपड़े के सहारे पंखे से लटक रहा था। मृतका छह भाई बहनों में सबसे छोटी थी। उसकी मौत से मां बिमला, भाई शेषराम, मुकेश, उमेश और बहन रेखा, शिखा का रो रोकर बुरा हाल है। विदाई के दिन ही रीता की मौत कैसे हुई, यह सब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही पता चल पाएगा। पुलिस सभी विदुओं पर जांच कर रही है।

## अराजक तत्वों ने किया विद्यालय में चोरी का प्रयास

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के भदैया ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर में आईसीटी लैब के अंतर्गत विद्यालय में कंप्यूटर इनवर्टर बैटरी से संबंधित कई सामानों की सप्लाई विद्यालय में हुई विद्यालयों में हुए अच्छे कार्यों का नतीजा यही रहा कि आज यह विद्यालय जिले में अपना एक नाम रखता है। उसे भी चोरों ने नहीं छोड़ा और विद्यालयों में चोरी का प्रयास किया गया हालांकि कोई सामान गायब नहीं हुआ, लेकिन प्रयास किया गया और दीवाल तोड़कर सेंध मारने की कोशिश की गई जिस संबंध में इंचार्ज प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह ने बताया की विद्यालयों में पठन-पाठन के संबंध में अच्छे प्रयास किया जा रहे हैं अगर इस तरह के कार्य अराजक तत्वों के द्वारा किया जाएगा तो छात्रों का नुकसान ही होगा और विद्यालय का मनोबल टूटेगा इसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग मेरे द्वारा की जा रही है।

# खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास का आधार: एमके द्विवेदी



रायबरेली। केन्द्रीय विद्यालय आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज के तत्वावधान में 55वीं केवीएस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का अत्यंत गरिमामय शुभारंभ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एथलीट ग्राउंड पर किया गया। इस खेल महाकुंभ में लखनऊ संभाग के 59 विद्यालयों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि एमके द्विवेदी (डिप्टी सी.एम.ई./एमपी एम.सी.एफ. एवं नामित अध्यक्ष (वि.प्र.स.) द्वारा मशाल प्रज्वलित कर एवं ध्वजारोहण के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. के. वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्रों को अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की शपथ दिलाई। उद्घाटन समारोह में भव्य मार्च पास्ट और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया।

यह खेल प्रतियोगिता दो मुख्य चरणों में आयोजित की जा रही है। उद्घाटन सत्र के तुरंत बाद अंडर 19 बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड आयोजित की गयी। इस एथलेटिक्स स्पर्धा में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें प्रथम स्थान (स्वर्ण) सेजल (के.वि. एम.सी.एफ. लालगंज), द्वितीय स्थान (रजत), आकृति (के.वि.अलीगंज प्रथम पाली), तृतीय स्थान (कांस्य) पलक (के.वि. आर.आर.सी. फतेहगढ़) रहे।

मुख्य अतिथि एम. के. द्विवेदी ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास का आधार हैं। प्राचार्य डॉ. बी. के. वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-14, 17 और 19 आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं हिस्सा ले रहे हैं, जिसका उद्देश्य भविष्य के राष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार करना है।

# शिव विवाह प्रसंग से गूंजा बनखंडी धाम, कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव-विभोर



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। सिद्धपीठ श्री बाबा बनखंडी धाम में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन ह्यशिव विवाह का दिव्य प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कथा व्यास आचार्य सत्यानंद जी महाराज ने भगवान शिव और माता पार्वती के अलौकिक विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया, जिससे पूरा धाम परिसर भक्ति भाव में डूब गया। कथा के दौरान आचार्य ने शिव बारात की भव्यता का सजीव चित्रण करते हुए बताया कि भगवान शिव की बारात में देवताओं के साथ भूत-प्रेत और पिशाच भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि महादेव की यह बारात समाज को समरसता और समानता का संदेश देती है, जहां ईश्वर की दृष्टि में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता। प्रवचन के दौरान आचार्य सत्यानंद जी ने कहा कि शिव विवाह केवल धार्मिक प्रसंग नहीं, बल्कि आदर्श गृहस्थ जीवन की सीख देता है। भगवान शिव का वैराग्य और माता पार्वती का त्याग हमें प्रेम, समर्पण और विश्वास का महत्व सिखाता है। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए।

संक्षेप

## गौ हत्या बंदी के लिए घर घर चल रहा हस्ताक्षर अभियान

मथुरा। भारत को गौ हत्या के कलंक से मुक्त कराने के लिए देश के अनेक वरिष्ठ संतों ने भारत की जनता से आह्वान किया है कि सभी नागरिक भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा अपने अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल से प्रार्थना करें कि वो गौ हत्या बंदी के लिए केंद्रीय कानून लाएं एवं गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित कर गोचर भूमि को मुक्त करें।

साथ ही गोवंश के कल्याण के लिए अलग से गौ मंत्रालय बनाकर नीति निर्देश तय करें।

संकल्प को लेकर वृंदावन के गौ भक्तों ने माता जी गोशाला के महासचिव एवं गौ सम्मान आह्वान अभियान के मथुरा जिला प्रभारी ब्रजदास महाराज के नेतृत्व में वृंदावन की परिक्रमा की।

गौ सम्मान आह्वान अभियान कई चरणों में पूर्ण होगा जिसमें प्रथम चरण 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

# होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा के दृष्टिगत ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया ब्रीफ

जिला संवाददाता



फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगे के निर्देशन में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा के दृष्टिगत ड्यूटी में तैनात समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया। ब्रीफिंग के दौरान परीक्षा को सकुशल निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण को अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर समय से उपस्थित रहकर पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग सुनिश्चित करने,किसी भी प्रकार की नकल अथवा अवांछनीय गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विशेष निर्देश दिए गए।

साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। ब्रीफिंग के दौरान परीक्षा ड्यूटी में लगे क्षेत्राधिकारीगण सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टैटिक मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी थाना प्रभारीगण केन्द्र व्यवस्थापक कक्ष निरीक्षक परीक्षा संचालन समिति एवं सुरक्षा समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था बनाए रखने अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही यातायात प्रबंधन, तथा परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बीए की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मथुरा। थाना गोविंद नगर क्षेत्र स्थित अर्जुनपुर में एक बीए की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान अर्जुनपुर निवासी रामनलाल की बेटी तनु के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

तनु ने अपने घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही गोविंद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों के अनुसार, घटना से करीब आधा घंटा पहले तनु ने घर के सभी सदस्यों को चाय बनाकर पिलाई थी।

इसके बाद वह मकान की ऊपरी मंजिल पर चली गई, जहां बाद में उसका शव फंदे से लटका मिला। छात्रा के पिता रामनलाल ने बताया कि परिवार में सब कुछ सामान्य था और किसी प्रकार का विवाद या तनाव नहीं था। उन्होंने कहा कि बेटी द्वारा इतना बड़ा कदम उठाने का कारण समझ से परे है।

## डीएम ने किया प्रस्तावित बाईपास मार्ग का स्थलीय निरीक्षण



टूंडला। जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ टूण्डला कस्बे के लिए प्रस्तावित 7.80 कि0मी0 लम्बे बाईपास मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया, यह बाईपास क्षेत्रीय विकास और यातायात सुगमीकरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह मार्ग एन0एच0-19 के टोल प्लाजा से शुरू होगा तथा टूण्डला-एटा राजमार्ग निहाल सिंह की पुलिया से होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के कि0मी0 220 पर एफ0एच0 मेडिकल कॉलेज के समीप जाकर मिलेगा। इस मार्ग के बनने से टूण्डला शहर के भीतर विशेषकर उपरगामी सेतु के नीचे सुभाष चौराहे पर लगने वाले भारी जाम से जनता को स्थायी राहत मिलेगी, साथ ही साथ फिरोजाबाद से एटा और आगरा से एटा के बीच चलने वाले वाहनों को एक भीड़-भाड़ रहित और वैकल्पिक सुगम मार्ग उपलब्ध होगा, मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढीकरण से औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को परियोजना की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी टूण्डला अंकित वर्मा और अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी आदि उपस्थित रहे।

## बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ चलाया अभियान

टूंडला। रेल प्रशासन ने अप्रैल माह के शुरूआती 20 दिनों में टूंडला स्टेशन और ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान एक करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूला गया। कुल 13,136 यात्री पकड़े गए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग हरिमोहन के निर्देश पर यह विशेष चेकिंग अभियान 1 अप्रैल से 20 अप्रैल तक टूंडला स्टेशन पर चलाया गया।

अभियान के तहत बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, बिना बुक किए सामान ( अनबुक्ड लगेज ) और धूम्रपान, गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कुल 13,136 यात्रियों से 1 करोड़ 10 लाख 74 हजार 749 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। जिसमें बिना टिकट यात्रा करने वाले 7,208 यात्रियों से 71 लाख 75 हजार 768 रुपये; अनियमित यात्रा करने वाले 5,871 यात्रियों से 38 लाख 81 हजार 20 रुपये; बिना बुक किए सामान के लिए 2 यात्रियों से 1,716 रुपये; और धूम्रपान, गंदगी फैलाने वाले 57 यात्रियों से 16,245 रुपये वसूले गए। इस दौरान सीएमआई मनोज कुमार ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने रेल यात्रियों से नियमों का पालन करने और वैध टिकट के साथ ही यात्रा करने की अपील की है।

## त्रिपुरा डिप्टी स्पीकर ने शंकराचार्य से लिया आशीर्वाद लिया



मथुरा। त्रिपुरा विधानसभा के उपाध्यक्ष राम प्रसाद पॉल ने अपनी गोवर्धन यात्रा के दौरान आदि शंकराचार्य आश्रम में गोवर्धन पुरी जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देव तीर्थ महाराज से भेंट की। उन्होंने शंकराचार्य जयंती महोत्सव में भाग लिया और त्रिपुरा राज्य में स्थायी सुख-शांति बनाए रखने के लिए मार्गदर्शन मांगा।

इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर राम प्रसाद पॉल ने भगवान आद्य शंकराचार्य के चित्रपट पर माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजन किया। इसके बाद उन्होंने शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देव तीर्थ महाराज का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान राम प्रसाद पॉल और शंकराचार्य के बीच महत्वपूर्ण धार्मिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा हुई। डिप्टी स्पीकर ने विशेष रूप से त्रिपुरा राज्य में स्थायी सुख-शांति और सौहार्द बनाए रखने के विषय में महाराज श्री से मार्गदर्शन मांगा। उल्लेखनीय है कि शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देव तीर्थ इन दिनों ह्नभारत यात्राह्न पर हैं, जिसका उद्देश्य सनातनी धार्मिक स्थलों के दर्शन और सनातन धर्म की परंपराओं का प्रचार-प्रसार करना है। शंकराचार्य जी ने डिप्टी स्पीकर को आशीर्वाद देते हुए त्रिपुरा सहित पूरे राष्ट्र में अमन-चैन और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने समाज में एकता और सद्भावना के महत्व पर भी बल दिया।

# एक्सप्रेस वे पर मिली महिला की लाश का पुलिस ने किया खुलासा



जिला संवाददाता

मथुरा। थाना बलदेव क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे पर पिछले दिनों मिली अज्ञात महिला की लाश की गुत्थी को थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने सुलझा लिया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ के बाद मृतका के प्रेमी और उसके साथी को गिरफ्तार किया है।

महावन क्षेत्राधिकारी श्वेता सिंह ने बताया कि ब्रजेश कुमार पुत्र सूरज सिंह निवासी नंगला रमी थाना अछलदा औरेया का मृतका के साथ लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतका गर्भवती थी और ब्रजेश पर शादी करने के लिए लगातार दबाव बना रही थी। रास्ते का कांटा बनी प्रेमिका को हटाने के लिए ब्रजेश ने अपने साथी विकास पुत्र रामदास निवासी ग्राम गपचिया पोस्ट समतर थाना उसराहार जनपद इटावा के साथ मिलकर खौफनाक साजिश रची। बीती 13 अप्रैल की रात दोनों ने महिला की गला दबाकर हत्या की और क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए पाना और पेचकस से प्रहार कर उसे लहूलुहान कर दिया। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को यमुना एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 130 थाना बलदेव क्षेत्र के पास नाली में फेंक कर फरार हो गए। घटना के खुलासे में लगी थाना पुलिस और स्वाट टीम को बीतीरात सूचना मिली कि हत्यारे कंजौलीघाट पुल अंडरपास के पास किसी गतिविधि में शामिल हैं। घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लग गयी। पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। घायल बदमाशों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से हत्या में प्रयुक्त सामान, अवैध तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की हुंडई ओरा गाड़ी संख्या यूपी 14 आरटी 4857 बरामद की है। वहीं गाड़ी से मृतका का पर्स, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड और आधार, बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तीन माह की गर्भवती थी मृतका, शादीशुदा था प्रेमी

13 अप्रैल को मृतका की लाश यमुना एक्सप्रेस पर मिली थी। पुलिस जांच में मृतका की पहचान निकिता चंद उर्फ वृन्दा ( 26 ) निवासी देवरिया के रूप में हुई। इस मामले में बलदेव थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस की तफ्तीश में पता चला कि निकिता 12 अप्रैल को वृंदावन घूमने आई थी। यहां से वह नोएडा जाने की बात कहकर अपनी सहेली से अलग हो गई। बताते हैं कि इसी दौरान प्रेमी ब्रजेश अपने साथी विकास को साथ लेकर वहां पहुंच गया। बलदेव क्षेत्र में शादी करने को लेकर दोनों के बीच वाद-विवाद हुआ।

चूंकि बृजेश पहले से ही शादीशुदा था इसीलिये उसने निकिसा से पीछा छुड़ाने की सोची और अपने दोस्त के साथ मिलकर निकिता की गला दबाकर हत्या कर दी। मामले को उलझाने के लिये उस पर वार कर लहुलुहान कर दिया और शव को एक्सप्रेसवे किनारे फेंककर फरार हो गए। घटना के समय मृतका तीन माह की गर्भवती थी।

## महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका



टूंडला ।.महिला आरक्षण बिल को लेकर सुभाष चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान भाजपाइयों ने कहा कि लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पारित न होने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। कांग्रेस ने बिल पर कई सवाल खड़े कर उसे रोकने का प्रयास किया, जिससे महिलाओं को उनका अधिकार मिलने में बाधा आई। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है, जबकि कांग्रेस महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर राजनीति कर रही है। महिला आरक्षण बिल देश की आधी आबादी को राजनीतिक भागीदारी देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा ऐसे मुद्दों पर भ्रम फैलाने और विरोध करने का काम किया है। इस प्रदर्शन में पूर्व विधायक शिव सिंह चक, नगर अध्यक्ष आजाद जैन, नीलम दिवाकर,शिव शंकर शर्मा, रामवती चौधरी,हनी जादौन और दीपक ठेनुआ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

जिला संवाददाता



टूंडला। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ टूण्डला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को मिल रही सुविधाओ की गहनता से पडताल की, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में उपचार के लिए आए मरीजो से वार्ता की और उन्हे मिल रही चिकित्सीय सुविधाओं के विषय में फीडबैक लिया, अस्पताल प्रशासन द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि इस केन्द्र पर वर्तमान में 130 प्रकार की आवश्यक दवाऐं उपलब्ध है, जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को बाहर से दवा लिखने की शिकायत नही मिलनी चाहिए।जिलाधिकारी ने इमरजेन्सी वार्ड का निरीक्षण किया जहां एक मरीज भर्ती पाई गयी, उन्होने वार्ड की साफ-सफाई और बेहतर करने के निर्देश दिए, इसके पश्चात उन्होने आईसोलेशन वार्ड का जायजा लिया, जहां कोई भी मरीज भर्ती नही था, वार्ड की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाऐं मानक के अनुरूप न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कडी नाराजगी व्यक्त की और सम्बन्धितों को तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी पैथोलोजी पहुंचे वहां पर स्वंय की डाईबिटीज की जांच कराई, जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि यहां पर लगभग सभी प्रकार की जांचे सुलभ है, केवल विटामिन डी की जांच की सुविधा वर्तमान में नही है, जिसे जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा, डायबिटीज के बडते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने चिकित्सको से कहा कि आपका कार्य केवल रोग का इलाज करना नही है, बल्कि मरीजों को इससे बचाव के प्रति जागरूक करना भी है। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों को उनके खान-पान और उनके जीवन शैली में सुधार के विषय में विस्तार से बताए, ताकि वह इस बीमारी को नियंत्रित कर सके, जिलाधिकारी ने स्त्री रोग विभाग का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्हे बताया गया कि एक माह के भीतर 120 सफल सिजेरियन किए गए, जो क्षेत्र की महिलाओं के लिए बडी राहत है, इस दौरान उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा उपस्थित रहें।

## मथुरा में भीषण गर्मी से लोग हुए परेशान, लू हीट स्ट्रोक का बढ़ा खतरा

मथुरा। मथुरा में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। पिछले कुछ दिनों से तापमान 38 ( डिग्री सेल्सियस ) से 43 ( डिग्री सेल्सियस ) के बीच दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में पारा 45ट ( डिग्री सेल्सियस ) से 47ट ( डिग्री सेल्सियस ) तक पहुंचने की संभावना जताई है, जिससे लू ( हीट स्ट्रोक ) का खतरा बढ़ गया है।इस स्थिति को देखते हुए, जय वंश हेल्थ केयर के डॉ. मेजर अजीत सिकरवार ने लोगों से हीट वेव से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि तेज गर्मी में शरीर में पानी और नमक की कमी होने से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। डॉ. सिकरवार के अनुसार, लू लगने पर त्वचा गर्म, लाल और शुष्क हो जाती है, साथ ही पसीना आना बंद हो जाता है। इसके अन्य लक्षणों में तेज नाड़ी चलना, सांसों की गति बढ़ना, व्यवहार में बदलाव, भ्रम, सिरदर्द, मितली, थकान, कमजोरी और चक्कर आना शामिल हैं। गंभीर मामलों में पेशाब कम या बंद भी हो सकता है।

लू से बचाव के लिए डॉ. सिकरवार ने कई उपाय सुझाए हैं। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, भले ही प्यास न लगी हो। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें और धूप में निकलते समय छाता, टोपी या गमछे का प्रयोग करें। यात्रा के दौरान पानी साथ रखें और व्é, लस्सी, छाछ, नींबू पानी जैसे पेय पदार्थों का सेवन करें। दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घर में ही रहने की सलाह दी गई है, तथा घर को ठंडा रखने के लिए पंखे और गीले कपड़ों का उपयोग करें।इसके अतिरिक्त, गहरे रंग और तंग कपड़े पहनने से बचें। खाली पेट बाहर न निकलें और शराब, चाय व कॉफी का सेवन कम करें। बच्चों और बुजुर्गों को धूप या बंद स्थान में अकेला न छोड़ें। दोपहर में भारी काम करने से बचें और वाहनों को धूप में खड़ा न करें। डॉ. सिकरवार ने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का ध्यान रखने की सलाह दी है।

## युवती ने प्रेमी पर लगाया शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में शिकायती पत्र देकर मामले में दोषी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

एक युवती निजी विद्यालय में शिक्षण कार्य करती है। पीड़िता का आरोप है कि उसके दूर के रिश्तेदार से हाथरस से मुलाकात हुई थी। इस दौरान युवती के युवक से दोस्ती हो गई। दोस्ती के दौरान युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर युवक ने जबरन अवैध सम्बंध बनाने शुरू कर दिए। इस दौरान पीड़िता ने कई बार युवक से शादी के लिए कहा लेकिन हर बार वह विभिन्न बहाना बनाकर टाल देता। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान युवक ने संबध बनाने के दौरान फोटो, वीडियो बना लिए। क्योंकि उसे शादी की उम्मीद थी। उसके बाद कई बार वह होटल भी ले जाकर अवैध सम्बंध बनाता रहा। आरोपी ने पीड़िता को फोटो वायरल करने धमकी देकर मारपीट करने लगा। जिसके चलते उसे कई स्कूल से नौकरी भी छोड़नी पड़ी। युवती ने अपने दोस्त के माता पिता से बात की। उन्होंने शादी का आश्वासन दिया।आरोपी ने स्कूल में आकर मेरे फोटो भी वायरल कर दिए। जिससे पीड़ित को मानसिक, सामाजिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। 21 मार्च को आरोपी एटा रोड के एक होटल में ले गया। वहा उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। इस दौरान युवती के रिश्तेदार ने भी शादी का प्रयास कराया लेकिन शादी से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि युवती लिव इन रिलेशनशिप में दो साल से थी। शिकायत की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

मथुरा। अधिवक्ता कल्याण एसोसिएशन छाता के तत्वावधान में आयोजित ह्ननव निर्वाचित अधिवक्ता शपथ ग्रहण समारोहह्न तहसील सभागार में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य जिला जज विकास कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत जिला जज के द्वारा श्री बांके बिहारी की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अधिवक्ता कल्याण एसोसियेशन पूर्व अध्यक्ष पूरन सिंह चैधरी ने जिला जज का तस्वीर, दुपट्टा माला पहनाकर स्वागत किया। वही कार्यक्रम में मथुरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह,सचिव मनोज शर्मा का भी अधिवक्ता गणों ने तस्वीर दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया, पूर्व सचिव बच्चू सिंह और नव निर्वाचित सचिव अर्जुन सिंह ने नवागत सीनियर डिवीजन जज, गौरव द्विवेदी, नवागत जूनियर डिवीजन जज मीनाक्षी बंसल अन्य तस्वीर माला दुपट्टा पहन कर जोरदार स्वागत किया। सीनियर डिवीजन जज गौरव द्विवेदी ने बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। पूरन सिंह एडवोकेट ने कहा कि सभी लोगों के द्वारा लगभग 6-7 वर्ष पहले एक छोटा सा पौधा लगाया गया था वह एहसान कभी भी मैं नहीं भूलूंगा, यह सेवक हर समय सेवा में तैयार रहेगा। जब पीड़ित की कहानी सुनते हैं तो बड़ी ही दया आती है। मैं आशा करता हूं नवागत आए हुए न्यायिक अधिकारी जनता को न्याय दिलाने का कार्य करेंगे।

समारोह में समस्त न्यायिक अधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता, सुरेंद्र कुमार वर्मा, भगवान दास रोहिल्ला ,मनोज चैधरी किशन सिंह,सत्यवीर सिंह , विजयपाल सिंह, हितेश कुमार ,महेंद्र कुमार, शशि वाला सैनी, यशपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, मोहन श्याम ,प्रीति गुप्ता ,जितेंद्र भारती ,किशोरी खंडेलवाल, प्रियंका चैधरी, शिखा रानी , मोहरपाल सिंह, तेजपाल सिंह, संजू शर्मा और बड़ी संख्या में अधिवक्तागढ़ मौजूद रहे।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर दिया पर्यावरण संरक्षण,स्वच्छता का संदेश

जिला संवाददाता



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की मंशा के अनुसार विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महिला कल्याण विभाग के जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन एवं सखी वन स्टॉप सेंटर स्वास्थ्य विभाग आयुष टीम और जन आधार कल्याण समिति द्वारा संयुक्त रूप से एसएमजी पब्लिक स्कूल में विभिन्न गतिविधियों के साथ जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें, 9 मई को आयोजित होने जा रही आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत व विधिक सेवाओं के साथ साथ साइबर अपराध गुड टच बैड टच, वन स्टॉप सेंटर, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और राष्ट्रीय कृत टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों के विषय में बताते हुए पंपलेट वितरण किए गए।

● बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दिलायी शपथ

इस दौरान, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई और पौधरोपण व वृक्ष पर रेड टेप मूवमेंट करते हुए पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी ज़िला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा अकाउंट अस्सिटेंट मोहिनी शर्मा काउंसलर व प्रभारी सखी वन स्टॉप सेंटर शिक्षा सारस्वत ने मिशन शक्ति फेस 5 एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के साथ साथ महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन गुड टच बैड टच आदि के विषय में बताते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, विधिक सेवाओं और टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1076, 1098, 1090, 181, 112 और आयुष टीम से डॉक्टर पूनम शर्मा ने माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, किशोरी स्वास्थ्य, एनीमिया के प्रति जागरूक जागरूक किया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलवी प्रवीन कुमार शर्मा ने आगामी 9 मई को आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत और विधिक सेवाओं के साथ साथ बाल अधिकार एवं महिला उत्पीड़न संबंधी विषयों पर जानकारी प्रदान की और और नालसा के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 व 18004190324 के विषय में बताया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित हृदेश शमा, प्रबंधक पंकज प्रकाश पाठक ,एवं उत्कर्ष पाठक जतिन पूजा रानू सविता हीरा, सिमरन सहित समस्त स्टॉफ और सान्या कीवी अभी आयुषी,एंगल शिवांगी व अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप–मुख्य अभियंता/नि0–अयोध्या/उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बंद ई–निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर उप–मुख्य अभियंता/नि0–अयोध्या/के अधीन, बी.एस.बी.–पी.बी.एल.–एल.के.ओ. खंड पर एल.सी. संख्या 118/C (954.447), 129/C (970.635), 136/C (979.702) तथा 140/C (948.670) के स्थान पर आर.यू.बी का प्रावधान। |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2407.64 लाख |
| धरोहर राशि | रु. 48,15,300.00 |
| ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 15.05.2026 को 15.00 बजे तक आईआरईपीएस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती हैं। तथा दिनांक 15.05.2026 को समय 15:00 बजे खोली जाएगी। |
| विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 24.04.2026 से आईआरईपीएस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनांक 01.05.2026 से 15.05.2026 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 255–टेण्डर/उप–मुख्य अभियंता/नि0–अयोध्या/लखनऊ
दिनांक: 22.04.2026 1341/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# युद्ध खत्म करे अमरीका

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की बातों पर अब शायद ही कोई गंभीर व्यक्ति भरोसा करता हो। जिस तरह उन्होंने झूठ और बयानों की अति के जरिए अपनी छवि बनायी है, उससे विद्वान यह आशंका भी जताने लगे हैं कि जब ट्रंप चार साल का कार्यकाल पूरा करके हटेंगे, तब तक वे अमरीका का बहुत नुकसान कर चुके होंगे। ट्रंप की अस्थिर मनःस्थिति, साथी देशों और उनके प्रमुखों को अपमानित करने की हरकतें, अमरीकी राष्ट्रपति की गरिमा के अनुकूल कदापि नहीं है। दरअसल ट्रंप पेशे से प्रापर्टी डीलर रहे हैं और राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनका बर्ताव अपने पुराने पेशे के अनुकूल ही है। दूसरे देशों के संसाधनों पर, तेल और मिनिरल्स पर ट्रंप की नजरें लगी रहती हैं। तेल पर कब्जा करने के लिए ही उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति को उठवा लिया। ट्रंप को वेनेजुएला जैसा आसान टास्क ईरान भी लगा होगा, लेकिन जिस तरह ईरानियों ने युद्ध के मैदान में ट्रंप का मुकाबला किया, उससे ट्रंप को अब कुछ



सूझ नहीं रहा है। अगर वे युद्ध आगे बढ़ाते हैं, तो लंबा खिंचने का डर है। युद्ध लंबा खिंचने पर इसकी सियासी कीमत ट्रंप को चुकानी पड़ सकती है। दूसरी तरफ अगर खाली हाथ मिडिल ईस्ट से लौटते हैं, तो भी उनकी कम छीछालेदर नहीं होगी। ऐसे में ट्रंप किसी तरह ईरान से कुछ हासिल कर अमरीका को जीता हुआ बताकर युद्ध से भागना चाहते हैं। युद्ध कोई भी हो, उसे ठीक नहीं कहा जा सकता है क्योंकि युद्ध में जो भयानक मानवीय त्रासदी होती है, उसकी कोई भरपाई नहीं है। इसलिए ट्रंप को बार-बार धमकी देने, बडके मारने और झूठे बयानों की अति करने के बजाय ईमानदारी से युद्ध समाप्त करने की पहल करनी चाहिए। ट्रंप जबसे आये हैं, तबसे दुनिया भर में युद्ध रुकवाने का श्रेय स्वयं ही खुद को दे रहे हैं। उनको दलाल और बिकाऊ देश पाकिस्तान को छोड़कर दुनिया का कोई भी देश गंभीरता से नहीं लेता है। ट्रंप को समझना चाहिए कि जो खुद अपना युद्ध नहीं रोक पाया वह दूसरों का कैसे रुकवा सकता है। इसलिए झूठे शान और उधार के क्रेडिट में पड़ने के बजाय अपनी गलितियां सुधारते हुए युद्ध से निकलना चाहिए। ट्रंप की कूटनीतिक समझ, प्रशासनिक क्षमता और उनके बातों की क्या वैल्यू है, इसे दुनिया पूरी तरह समझ गयी है। उन्होंने इतिहास में सबसे खराब स्थान पहले ही अपने लिए पक्का कर लिया है। अगर अब भी उन्होंने अपने रवैये में सुधार न किया तो संभव है उन्हें अमरीका में ही महाभियोग का सामना करना पड़े और समय से पहले ही पदच्युत होकर कोर्ट-कचेहरी के चक्कर लगाते मिलें। ट्रंप कभी भी शांति के मसीहा नहीं हो सकते और न ही उन्हें कोई नोबेल मिलने वाला है। हां, अगर वे अपनी शक्तियों का दुरुपयोग बंद कर दें, तो अमरीका के पराभव की गति थोड़ी कम जरूर हो सकती है। इसालिए अब ईरान युद्ध तत्काल खत्म कर देना चाहिए। बहुत विनाश और विध्वंस हो चुका है। बेशक ईरान सार्वजनिक तौर पर कबूल न करे, लेकिन इससे सच नहीं बदलने वाला है। वहां घोर आर्थिक संकट की स्थिति है। दूसरी तरफ अमरीकी कांग्रेस का एक मजबूत पक्ष और अमरीका की ही बहुतायत जनता राष्ट्रपति ट्रंप पर युद्ध खत्म करने का चौतरफा दबाव डाल रहे हैं। ईरान का परिष्कृत यूरेनियम कब्जाने की उनकी नाकामी की कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ रही है। गौरतलब है कि बीते साल वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास-दर 3.4 फीसदी थी। ट्रंप के टैरिफवाद के बावजूद यह बढ़ोत्तरी हुई। जनवरी में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ( आईएमएफ ) ने आकलन दिया था कि 2026 में भी कमोबेश विकास-दर 3.4 फीसदी ही रहेगी। लेकिन युद्ध के कारण अब उसने अपना आकलन संशोधित कर कहा है कि अर्थव्यवस्था घट कर 3.1 फीसदी हो सकती है, लेकिन आईएमएफ के ही मुख्य अर्थशास्त्री का आकलन 2.5 फीसदी तक लुढकने का है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में यह गिरावट युद्ध के कारण है और इसके लिए ट्रंप जिम्मेदार हैं।

### विचार

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

–टॉलस्टॉय.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

–महावीर स्वामी.

# तेल और गैस की तरह गहरा रहा खाद संकट



संजय श्रीवास्तव

होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अनिश्चितता ने तेल बाजार से भी ज्यादा खतरा वैश्विक खाद्य और उर्वरक आपूर्ति पर मंडरा रहा है। भारत के लिए यह संकट बड़ा है। लेकिन इस आपदा में अवसर भी है। यह भारत को उर्वरक आत्मनिर्भरता की दिशा में गंभीरता से सोचने को बाध्य करेगा। यदि नीतिगत और निवेश संबंधी निर्णय तेजी से लिए जाएं, तो अगले 5-7 वर्षों में भारत फॉस्फेट और पोटाश में आंशिक आत्म निर्भरता हासिल कर सकता है।

होर्मुज पूरी तरह कब खुलेगा, पता नहीं। दुनिया ऊर्जा और तेल संकट का दुखड़ा रो रही है जबकि संयुक्त राष्ट्र के 'विश्व खाद्य कार्यक्रम' ने चेतावनी दी है कि अगर दो महीने में होर्मुज जलडमरूमध्य नहीं खुला, तो 30 करोड़ लोग जो पहले से ही दाने-दाने को मोहताज हैं, उनमें साढे.चार करोड़ लोग और जुड़ जाएंगे। पश्चिम एशिया का यह संघर्ष युद्ध क्षेत्र से बाहर एक धीमी रफ्तार वाली तबाही का खतरा निर्मित कर रहा है। एक थिंक टैंक, काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के माइकल वेर्ज के अनुसार यह 'धीमी गति से चलने वाली अकाल मशीन' है। उस पारंपरिक अकाल के विपरीत, जिसमें भूख किसी एक देश या खास जगह तक ही सीमित रहती है, इस बार यह तकरीबन पूरी दुनिया को चपेट में लेगी। जर्मनी के एक थिंक-टैंक कील इंस्टीट्यूट के जूलियन हिंज के मुताबिक भले ही युद्ध कल समाप्त हो जाए, होर्मुज खुल जाए तब भी बहुत ज्यादा नुकसान पहले ही हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र के ह्य'विश्व खाद्य कार्यक्रम'ह्न का अनुमान है कि होर्मुज के रास्ते में इतनी खाद्य सामग्री फंसी हुई है, जिससे 40 लाख लोगों का एक महीने तक पेट भरा जा सकता है। पर चिंता इस खाद्य सामग्री से कही ज्यादा बड़ी और आगे की है।

दुनिया के उर्वरक व्यापार का तकरीबन 30 फीसद होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। डेटा उपलब्ध कराने वाली कंपनी केप्लर कहती है कि होर्मुज में जो लगभग 20 लाख टन उर्वरक फंसा हुआ है, वह 2024 में इस रास्ते भेजे गए कुल उर्वरक का 12 फीसदी है। यूरिया के अंतरराष्ट्रीय व्यापार का 30-35 प्रतिशत और अमोनिया का लगभग 20-30 प्रतिशत हिस्सा यहीं से आता है। ये दोनों ही बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने वाले उर्वरक हैं। यही नहीं कतर की सरकारी फर्टिलाइजर कंपनी जो अकेले दुनिया का 14 प्रतिशत यूरिया बनाती है, एक महीने से ज्यादा समय से बंद पड़ी है। दूसरे आपूर्तिकर्ता इस कमी को पूरा करने की स्थिति में नहीं हैं। संसार का दूसरा सबसे बड़ा खाद निर्यातक देश चीन अपनी घरेलू आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए निर्यात में कटौती कर चुका है। नेचुरल गैस की कमी के चलते कई देशों में उर्वरक उत्पादकों को अपना




उत्पादन कम करना पड़ रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से यूरिया और अमोनिया की कीमतें वैश्विक स्तर पर क्रमशः 40 से 65 फीसद तक बढ़ गई हैं। उत्तरी गोलार्ध और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में इस समय बुवाई का मौसम चल रहा है। वहां त्राहिमाम मचा हुआ है। अफगानिस्तान में यूरिया के बैग की बढ़ती कीमत के चलते उसका इस्तेमाल ही छोड़ दिया। अमेरिका में तमाम किसान ज्यादा खाद की जरूरत वाले मक्का को छोड़कर कम उर्वरक की आवश्यकता वाले सोयाबीन उपजाने की सोच रहे हैं। यूरोप की खेती में भी इसी तरह का बदलाव दिख रहा है। जाहिर है होर्मुज में फंसी 20 लाख टन खाद जल्द बाहर नहीं निकली, तो फसलों को सही वक्त पर पोषण नहीं मिल पाएगा। पैदावार गिर जाएगी, कीमतें बढ़ेंगी और शहरों में रहने वाले गरीब खाली पेट रह जाएंगे। हमारे देश के अधिकतर किसान मानसून के बाद अगली फसल की बुवाई करेंगे, तो उर्वरक की मांग चरम पर होगी। किल्लत और कालाबाजारी दोनों का खतरा है। सो फास्फेट, यूरिया, अमोनिया इत्यादि की आपूर्ति बाधित होना तय है। किसान खाद का इस्तेमाल एक नियत समय में करता है, उस समय वह उपलब्ध न हुई तो मामला बिगड़ जायेगा। तेल की तरह, उर्वरक के भंडार की कोई वैश्विक व्यवस्था मौजूद नहीं है। हम आम तौरपर 2 महीने का उर्वरक स्टॉक रखते हैं, पर आपात स्थिति में कालाबाजारी इस राहत को सांसत में बदल देगी। फिर लंबे संकट के लिए यह सुरक्षा कवच बहुत कमजोर है। असल में हमारी निर्भरता इस क्षेत्र पर चिंताजनक रूप से अधिक है। हम सालाना लगभग 20 करोड़ टन उर्वरक का इस्तेमाल करते है, जिसमें यूरिया, डीएपी, एनपीके आदि शामिल हैं। हम यूरिया उत्पादन ठीकठाक मात्रा में करते हैं फिर भी अपनी जरूरत के उर्वरक का 40 फीसद बाहर से ही मंगाते हैं। फॉस्फेट और पोटाश के मामले में हमारी आयात निर्भरता 80 से 90 प्रतिशत तक है। इसका बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों जैसे सऊदी अरब, कतर, ओमान द्वारा होर्मुज मार्ग से ही आता है। यहां तक कि 50 से 60 प्रतिशत आयातित उर्वरक या उसका कच्चा माल इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर हैं। देश में बनने वाले उर्वरकों के लिए जो कच्चा माल चाहिये जैसे फॉस्फोरिक एसिड, अमोनिया, एलएनजी वह भी आयातित ही होता है। मतलब उर्वरक और खास तौरपर यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भर दिखने के बावजूद इनपुट स्तर पर हम दूसरों पर निर्भर हैं। यूरिया बनाने के लिए बाहर से एलएनजी न मिले तो सब ठप।

### होर्मुज नाकेबंदी

होर्मुज में व्यवधान से अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और उसके घटकों के दाम ड्योढे हो चुके हैं। जैसे राज्यों के चुनावों के नतीजे तक तेल के दाम को नहीं छेड़ा गया है, उसी तरह सरकार से उम्मीद है कि वह सब्सिडी को जारी रखते हुए इसकी खुदरा कीमतें नियंत्रित रखे, लेकिन वास्तविक लागत को बढ़ने से वह रोक नहीं सकेगी। तिस पर अगर डीजल के दाम बढे.तो यह खेती के लिए और भी दुष्प्रभावी होगा। संकट लंबा खिंचा तो खरीफ सीजन के दौरान खाद की कीमतें सवाया हो सकती हैं या फिर सरकार को भारी सब्सिडी का बोझ उठाना पड़ेगा। सरकार संकट का प्रभाव न्यून करने के लिए अपने आयात में विविधीकरण अपनाते हुए रूस, मोरक्को, जॉर्डन जैसे देशों की ओर जा सकती है। फॉस्फेट और पोटाश के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए निवेश आकर्षित करने के अलावा जैविक और वैकल्पिक उर्वरकों जैसे नैनो-यूरिया, बायो-फर्टिलाइजर को बढ़ावा दे सकती है। संभव है कि उर्वरक महंगे या उनका मिलना मुश्किल हो तो किसान कम उर्वरक वाली फसलों जैसे दालें, मोटे अनाज की बुवाई ज्यादा कर सकते हैं। यह बदलाव दीर्घकाल में सकारात्मक हो सकता है, लेकिन तात्कालिक तौरपर गेहूं, चावल जैसी मुख्य फसलों की उपज 5 से 10 प्रतिशत तक गिरी तो हमें कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और ब्राजील से दालों या तिलहन का आयात बढ़ाना पड़ेगा। संकट केवल भारत तक सीमित नहीं है यूरोप, अफ्रीका और एशिया के कई देश जो खाड़ी क्षेत्र पर निर्भर हैं, समान दबाव झेल रहे हैं तो आयात भी महंगा होने वाला है।

जीवाश्म ईंधन की कमी में बायोफ्यूल के ज्यादा इस्तेमाल की चर्चा है। भारत का प्रमुख बायोफ्यूल स्त्रोत गन्ना और हाल में मक्का बना है। यदि बायोफ्यूल उत्पादन बढ़ता है, तो कृषि भूमि का एक हिस्सा खाद्यान्न से हटकर ईंधन फसलों की ओर जा सकता है। इससे खाद्य उत्पादन पर दबाव बढ़ेगा और उर्वरक की मांग का स्वरूप भी बदलेगा। हालांकि हर आपदा में अवसर भी होता है। यह स्थिति भारत को उर्वरक आत्मनिर्भरता की दिशा में गंभीरता से सोचने को बाध्य करेगी। यदि नीतिगत और निवेश संबंधी निर्णय तेजी से लिए जाएं, तो 5-7 वर्षों में भारत फॉस्फेट और पोटाश में आंशिक आत्मनिर्भरता हासिल कर सकता है। इसके लिए हमें तात्कालिक तौरपर आपूर्ति और कीमतों का प्रबंधन, दीर्घकालिक तौरपर आत्मनिर्भरता, विविधीकरण और टिकाऊ कृषि की दिशा में निर्णायक कदम उठाने होंगे। यह समझना होगा कि आसन्न उर्वरक संकट केवल कृषि का मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक और खाद्य सुरक्षा का भी सवाल है।

### सोशल मीडिया



यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी को आये दिन कांग्रेस के वयोवृद्ध अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे 'अपमानित' करते रहते हैं। इसका खामियाजा गांधी परिवार को झेलना पड़ता है। केशव प्र. मौर्य.



क्या है महिला आरक्षण बिल की सचाई, आखिर बीजेपी क्यों नहीं दे रही है महिलाओं को तुरंत आरक्षण! 543 सीटों में आरक्षण देने से भाग क्यों रही भारतीय जनता पार्टी? संजय सिंह.



एक गरीब चायवाले को एल्युमीनियम का बर्तन प्रयोग करने पर सरकार और भाजपाइयों के गुर्गों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है, क्या बड़े ब्रॉड के बर्तन रखने पर छापेमारी होगी। अखिलेश यादव

# योगाभ्यास साधना

### अंतर्दृष्टि

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमे शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

# यह हमारे प्रतिकूल है

### व्यंग्यलोक

अब आत्ममंथन से मन ऊब गया है और सत्ता की मलाई चाटने को जीब लालायित हैं। मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विघ्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था। एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा- आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये। वे बोले-घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है। मैंने कहा- वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछर्रे उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा- यह अनुशासनहीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ। मैं बोला- मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता। वे बोले-तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो। मैं जोरों से चिल्लाया- हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में। इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी। अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा- आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। आत्म-मंथन के दलदल से निकलकर सत्ता की मलाई क्या चाटने लगा मेरी सारी मनोकामना पूरी हो गयी। इति आत्म-चिंतन पुराण।



पूरन सरमा

# सौ द्वीपों के शहर बांसवाड़ा में कुछ दिन जरूर बितायें



पर्यटन

राजस्थान का नाम आते ही मन में रेगिस्तान, किलों और उबड़ खाबड़ मैदानों की तस्वीरें उभरने लगती हैं। लेकिन राज्य के सबसे दक्षिणी हिस्से में इससे एकदम विपरीत तस्वीर सामने आती है, जिसमें हरी भरी पहाड़ियां हैं, बहता हुआ स्वच्छ पानी है और नदी की झील में छोटे छोटे द्वीप हैं। यह जगह है बाँसवाड़ा, जिसे सौ द्वीपों का शहर भी कहते हैं क्योंकि माही नदी के बैकवाटर्स में द्वीपों का एक गजब का पैटर्न दिखायी देता है। यह द्वीप माही बांध और उसके रिजर्वायर के निकट बनते हैं। इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, पेड़ों से भरी पहाड़ियां और नदियां इतना सुंदर नजारा पेश करती हैं कि एक पल को यह लगता ही नहीं कि आप राजस्थान में हैं। दरअसल, अधिकतर लोग अपने मन में राजस्थान की एक ऐसी छवि बनाये हुए हैं जैसे वह अफ्रीका के सहारा रेगिस्तान में हों। बांसवाड़ा इस छवि पर विराम लगाता है।

माही बजाज सागर प्रोजेक्ट के निर्माण के बाद जिस तरह से माही नदी का पानी बहा व फैला उससे बांसवाड़ा का नाम सौ द्वीपों का शहर पड़ गया। जब पानी नदी के बेसिन को भर देता है तो वह अनेक छोटे छोटे द्वीपों में टूट जाता है और वह लैंडस्केप को ऐसे भर देते हैं जैसे पानी पर जगह-जगह बड़े बड़े हरे बिंदु बन गये हों। यह फीचर अपने आप में इतना अनोखा है कि प्राचीन साहित्य में भी इस क्षेत्र के नदी द्वीपों का उल्लेख मिलता है, जिससे बांसवाड़ा की द्वीप शहर छवि बन जाती है। यह पैटर्न मानसून के महीनों में विशेषरूप से मुखर हो जाता है, जब बारिश बहुत अधिक बरसती है और नदी का विस्तार हो जाता है। राजस्थान में सबसे ज्यादा बारिश बांसवाड़ा में ही पड़ती है और पानी की अधिकता बैकवाटर्स में वृद्धि करने लगती है, जहां यह द्वीप बनते हैं। पर्यटकों के लिए यह नजारा मंत्रमुग्ध करने वाला होता है कि शांत पानियों के बीच में, हरी पहाड़ियों के फ्रेम में जड़े हुए यह द्वीप न सिर्फ. ताजगी का एहसास कराते हैं बल्कि बल्कि ऐसा नजारा पेश करते हैं जिसकी कम से कम राजस्थान के अन्य भागों में कल्पना करना कठिन है। बांसवाड़ा दक्षिण राजस्थान के वागड़ क्षेत्र में है, गुजरात व मध्य प्रदेश की सीमाओं के करीब। यह एक ऐसी जगह है जहां संस्कृतियों का संगम होता है और प्रकृति अपने यौवन को पहुंचती है। यह जिला उपजाऊ जमीन, जंगलों और पहाड़ियों का मिश्रण है। इस जगह का नाम बांसवाड़ा इसलिए पड़ा क्योंकि एक दौर था जब यहां बांस बहुत बड़ी संख्या में उगते थे। राजस्थान के अन्यों हिस्सों के विपरीत बांसवाड़ा पानी की नदियां, तालाब, झीलें हैं और हरियाली भी है। यही वजह है कि इसे अक्सर 'राजस्थान का चेरापूंजी' भी कह दिया जाता है, स्थानीय संदर्भों में- आमतौर से सूखे राज्य के बीच असामान्य वर्षा पैटर्न।

माही नदी के बैकवाटर्स में अनेक द्वीप बांसवाड़ा को एक अलग पहचान प्रदान करते हैं। बहरहाल, बांसवाड़ा में पर्यटकों को नदी नजारों से अलग भी बहुत कुछ देखने को मिलता है। इस क्षेत्र में ऐतिहासिक मंदिर हैं, प्राचीन खंडहर हैं और प्राकृतिक स्थल हैं, जो आकर्षण का केंद्र बनते हैं। मसलन, आनंद सागर झील, जो सदियों पहले बनी, वह बगीचों व प्रतीकात्मक समाधियों से घिरी हुई है। पवित्र स्थल भी हैं जैसे अब्दुल्लाह पीर की दरगाह जहां देश विदेश से श्रद्धालु आते हैं और पहाड़ियों में प्राचीन मंदिर व आध्यात्मिक स्थल हैं। अंदेश्वर पार्श्वनाथजी का विख्यात जैन मंदिर कुशालगढ़ तहसील में एक छोटी सी पहाड़ी पर स्थित है, जिसके दर्शन करने के लिए धर्मभीरु पर्यटक आते हैं। एक अन्य दिलचस्प साईट राम कुंड है, जोकि एक पहाड़ी के नीचे एक गहरी गुफा है। एक अन्य ऐतिहासिक स्थल राज मंदिर है, जिसे सिटी पैलेस भी कहते हैं। इसका निर्माण 16वीं शताब्दी की राजस्थान शैली में किया गया है। एक प्राकृतिक गुफा में पहाड़ी के ऊपर विख्यात शिव मंदिर, मदारेश्वर मंदिर, है, जो दोनों दर्शन व देखने योग्य है। बांसवाड़ा से मात्र 10 किमी के फासले पर एक अजीबो-गरीब गांव सिंगपुरा है जो ताजगी भरी ऑफबीट छुट्टियों का अनुभव प्रदान करता है। यह गांव सुंदर झील, प्रभावी पहाड़ियों, हरे भरे जंगलों और दूर तक फैली हरियाली से घिरा हुआ है। यह एकदम लीक से हटकर पर्यटन स्थल है। दरअसल, बांसवाड़ा इतना सुंदर पर्यटन स्थल है कि यह स्थानीय जीविकापार्जन का आधार बन गया है। प्राकृतिक जल सुंदरता, हरी भरी पहाड़ियों, ऐतिहासिक स्थलों और सांस्कृतिक विरासत के कारण बांसवाड़ा राजस्थान के विशिष्ट शहरों में शामिल हो गया है। **इमेज.**

## आप की बात

### उर्वरकों पर सब्सिडी

देश में खाद सब्सिडी को न सिर्फ जारी रखने की जरूरत है बल्कि इसे इतना बढ़ाने की जरूरत है जिससे किसान आसानी से खाद खरीदकर खेती कर सकें। दरअसल खाद महंगी होने से कृषि लागत बढ़ जाती है और किसान कम खाद का प्रयोग करते हैं जिससे उत्पादन भी कम होता है। इसलिए सरकार को उर्वरकों पर सब्सिडी बढ़ानी चाहिए। किसानों को प्रायः खेती में नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों को महंगाई से बचाने और उर्वरकों की संतुलित आपूर्ति के लिए केन्द्र सरकार ने सब्सिडी बढ़ा दिया है। इससे रबी की बुआई में किसानों को निश्चय ही सुविधा मिलेगी। चूंकि उर्वरकों के खरीददार किसान होते हैं और दूर दराज के गांवों में किसानों से ब्रिकेता क्या रेट वसूलेंगे इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। ऐसे में सरकार को उर्वरक की सब्सिडी तय करने के साथ ही अधिकतम खुदरा मूल्य भी तय कर देनी चाहिए। खुदरा मूल्य सरकार अपनी तरफ से तभी तय कर सकती है अगर कंपनी को बिक्री दर और वास्तविक लागत के बीच जो डिफिसिट है उसकी भरपायी सरकार सब्सिडी के जरिए करती है। हाल के कुछ महीनों में उर्वरकों के दामों में भारी वृद्धि देखने को मिली है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद तो उर्वरकों के दाम बेतहासा बढ़े हुए हैं। अगर इन बढ़ी हुई कीमतों को सब्सिडी के जरिए सरकार बाजार में कम नहीं करती है तो इससे किसानों पर बड़ा आर्थिक बोझ आयेगा और संभव है कि किसान बहुत महंगी खाद का प्रयोग कर ही न पायें। दरअसल किसानों की आय नहीं बढ़ रही है और लागत बढ़ती जा रही है, ऐसे में जरूरी है कि खाद के दाम को कम रखा जाये ताकि किसानों की लागत न बढ़े।

**महेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

### गरीबों को मिलें सुविधाएं

केन्द्र सरकार ने गरीबों को बड़ी राहत देकर एक तरह संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह हमारी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय शक्ति, किसानों की मदद और गरीबों को भूखा न रहने देने का राष्ट्रीय संकल्प है कि केन्द्र सरकार ने निःशुल्क राशन योजना को आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन को आगे बढ़ाया गया है या फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले राशन पर जो दो-तीन रुपये प्रति किलो उपभोक्ताओं को भुगतान करना पड़ता है, उसे खत्म किया गया है। लेकिन जो भी हो और जैसे भी हो, अगर सरकार 81 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन देने का संकल्प दिखाती है, तो इसकी तारीफ करनी पड़ेगी। यह मानना पड़ेगा कि यह कोई सियासी चाल नहीं है बल्कि गरीबों के प्रति कल्याणकारी नीति का हिस्सा है। इससे गरीबों का सशक्तीकरण हुआ है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं मिलता है और इस अनाज के लिए कार्ड धारकों को प्रति किलो गेहूं दो रुपये और प्रति किलो चावल तीन रुपये का भुगतान करना पड़ता है। 2020 में जब कोरोना आया और सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की जिसमें राशन कार्ड धारकों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले पांच किलो राशन के अतिरिक्त पांच किलो राशन और मुफ्त देने का फैसला किया था। उस समय एक किलो चना या दाल भी योजना के तहत दिया जाता था। इस तरह प्रत्येक व्यक्ति को जिसके पास राशन कार्ड था, उसे महीने में दस किलो राशन फ्री मिलता रहा और फ्री राशन से कोरोना के दौरान गरीबों का चूल्हा जलता रहा। अगर यह योजना नहीं आयी होती तो संभव था कि कोरोना के दौरान जो आत्महत्या की घटनाओं की लगातार खतरें आ रही थीं, उसकी बाढ़ आ जाती। निःशुल्क राशन ने करोड़ों गरीबों के जीवन की रक्षा की है, इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। फिलहाल सरकार ने दोनों योजनाओं को मिला दिया है।

**प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## नाले पर अतिक्रमण हटाने को नोटिस जारी,

अयोध्या। विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम सभा भदोखरा में जल निकासी के लिए बन रहे नाले पर अतिक्रमण का मामला तूल पकड़ने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। पहले जहां अतिक्रमण के चलते नाले का निर्माण कार्य ठप पड़ा था,वहीं अब राजस्व विभाग ने संबंधित व्यक्ति की दीवार पर नोटिस चस्पा कर 10 दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि गांव के करीब 25 घरों की जल निकासी के लिए क्षेत्र पंचायत निधि से पीडब्ल्यूडी सड़क किनारे लगभग 180 मीटर लंबे नाले का निर्माण कराया जा रहा था। नाले का करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका था,लेकिन बीच में एक व्यक्ति द्वारा जमीन पर कब्जा कर ईंट का चट्टा लगा लेने से निर्माण रुक गया था। इससे ग्रामीणों को जलभराव की समस्या झेलनी पड़ रही थी। मामले में ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद राजस्व निरीक्षक की ओर से 20 अप्रैल 2026 को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि सार्वजनिक रास्ते/नाले की जमीन पर किया गया अतिक्रमण अवैध है और इसे 10 दिनों के भीतर स्वयं हटाया जाए।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा सकुशल सम्पन्न करायें अधिकारीः डीएम

जिला संवाददाता



बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रतिदिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि समय से पूर्व सभी परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले लें।

डीएम ने निर्देश दिया कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, स्टाफ की उपलब्धता, परीक्षार्थियों के बैठने, प्रसाधन, पेयजल के साथ-साथ कक्ष-कक्षों में प्रकाश तथा सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता के बारे में अनिवार्य रूप से जानकारी प्राप्त की जाय। डीएम ने बताया कि आर्य कन्या इण्टर कालेज व जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर 240-240, आजाद इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, राजकीय बालक इण्टर कालेज, महाराज सिंह इण्टर कालेज व वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384-384, चैधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर व सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया में 480-480 इस प्रकार 10 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होने वाली परीक्षा में कुल 3600 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

डीएम श्री त्रिपाठी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि सेक्टर मजिस्ट्रेटों की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा केन्द्रों पर यदि कोई कमी पायी जाती है तो उसे दुरूस्त

- 10 परीक्षा केन्द्रों पर सम्मिलित होंगे 3600 परीक्षार्थी

कराएं। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया गया कि होमगार्डस भर्ती परीक्षा हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का भली प्रकार से अध्ययन कर शासन की मंशानुसार सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रथम पाली अन्तर्गत पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक सम्पन्न होने वाली लिखित परीक्षा को शुचिता पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है ।डीएम ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को नकल को लेकर सचेत करते हुए कहा कि शासन द्वारा नकल कराने पर रू. 01 करोड़ का जुमार्ना तथा आजीवन कारावास की सजा का प्राविधान किया गया है। इसलिए सभी केन्द्र व्यवस्थापक नकल को लेकर पूरी तरह से संवेदनशील रहेंगे। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया गया कि सभी परीक्षा कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर उन्हें परीक्षा संचालन के सम्बन्ध में दिशा निदेर्शों की जानकारी प्रदान कर दी जाय। कालेज में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को संचालित करके देख लें सभी कैमरे फोकस्ड हों। डीएम ने कहा कि परीक्षा की सुचिता प्रभावित न हो इसके लिए किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के अन्दर कोई भी पेपर, पेन्सिल बाक्स, कैलकूलेटर, सनग्लास, वायलेट, कैप, ज्वैलरी, खाद्य सामग्री, मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाभी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थबैण्ड सहित अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

डीएम ने निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल, प्रकाश एवं स्वच्छ शौचालय इत्यादि के बेहतर प्रबन्ध किये जायें। डीएम ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल के बेहतर से बेहतर प्रबन्ध के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि किसी परीक्षार्थी को धूप में खडे होकर इन्तजार न करना पड़े। डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि लगातार भ्रमणशील रहकर शान्ति व्यवस्था बनाये रखते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करायेंगे। यदि कोई विशेष परिस्थिति उत्पन्न होती है तो उसका त्वरित निस्तारण करते हुए डीएम व एडीएम को अवगत करायेंगे। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि होमगार्डस परीक्षा के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, ग्रामीण के दुर्गा प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला बेसिक शिक्षा आषीष कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

## पूर्व अध्यक्षो के साथ कार्यकारिणी ने की बैठक आमसभा बुलाये जाने का हुआ निर्णय



बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन सभागार में वरिष्ठ अधिवक्ताओ, पूर्व अध्यक्षो, विधि संवाददाताओ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे गम्भीर मुद्दो पर चर्चा करते हुये आमसभा की बैठक को शीघ्र बुलाये जाने का निर्णय लिया गया। कार्यकारिणी द्वारा पूर्व मे दो तिहाई सदस्यो के मत के बाद पारित किये गये अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पूर्व अध्यक्षो सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओ से राय भी ली गई। बैठक मे मुख्य रुप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह, बृजेश दीक्षित, रामगोपाल शुक्ला, महेन्द्र प्रताप सिंह, हरीश अग्निहोत्री, हिसाल बारी किदवाई, रमन लाल द्विवेदी, कौशल किशोर त्रिपाठी, दिलीप गुप्ता, सी0बी सिंह, सुनीत अवस्थी, अनूप अवस्थी, देवराम यादव, पवन मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, अनुराग शुक्ला, सुषमा शर्मा, नवीन रस्तोगी, सतीश सोनी, राहुल कुमार वर्मा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अमरीश श्रीवास्तव, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

## शिकायत का निस्तारण न होने पर पर्यावरण सेवक ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

बाराबंकी। मुकेश अम्बानी की देवां रोड स्थित रिलायंस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के बायोगैस संयत्र से निकले अपशिष्ठ कचरा के कारण जल, जंगल, जमीन, जीवन को बचाने की गयी शिकायत का निस्तारण न होने को लेकर पर्यावरण सेवक मनीष मेहरोत्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्बोधित ज्ञापन भेजा। ज्ञापन मे कहा गया है कि बीती 4 अप्रैल को महत्वपूर्ण प्रक्रण से पत्र के माध्यम से अवगत कराया था। तथा आपके कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री सचिवालय उ0प्र0 में तैनात संयुक्त सचिव अरविन्द मोहन को जाँच करने हेतु निर्देशित किया गया था। लेकिन संयुक्त सचिव द्वारा शिकायत को न पढ़ते हुये उक्त शिकायत को यू0पी0 सिड़ा मे भेज दिया गया। जिसके बाद 17 अप्रैल 2026 को यू0पी0 सिड़ा द्वारा उक्त शिकायत का विभाग से सम्बन्धित न होने की बात कहकर पत्र भेजा गया। इससे पूर्व भी जल जीवन मिशन ग्रामीण बाराबंकी योजना में करोड़ो रूपयों के भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में पत्र दिया गया था। जिसकी जाँच भी संयुक्त सचिव अरविन्द मोहन को मिली थी। तथा उक्त प्रकरण मे भी कोई कार्यवाही नही की गई। जबकि आईएएस अधिकारी होने के नाते इनको यह तक नही पता की शिकायत का निस्तारण कहाँ से होना है। जबकि मेरी शिकायत का निस्तारण जिलाधिकारी के माध्यम से हो सकता था। पर्यावरण सेवक श्री मेहरोत्रा मे शिकायत के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित किये जाने की मांग की है।

## अवैध 69 लाख नेपाली रुपये एवं 16.50 लाख भारतीय मुद्रा बरामद

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा श्री पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा श्री रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में थाना रूपईडीहा पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

दिनांक 21.04.2026 को चेकिंग के दौरान कुछ व्यक्तियों के कब्जे से अवैध रूप से भारतीय एवं नेपाली मुद्रा बरामद की गई । पूछताछ के दौरान संबंधित व्यक्तियों द्वारा अन्य लोगों से भारतीय मुद्रा लेकर उसे नेपाली मुद्रा में परिवर्तित कर सीमा पार कराने की बात सामने आयी । कार्यवाही के क्रम में दिनांक 22.04.2026 तक अतिरिक्त नेपाली मुद्रा भी बरामद की गई । इस प्रकार कुल ?16,50,000/- भारतीय मुद्रा एवं ?69,00,000/- नेपाली मुद्रा बरामद हुई है । बरामद धनराशि के संबंध में संबंधित व्यक्तियों द्वारा कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जा सके हैं । प्रकरण के संबंध में विस्तृत पूछताछ समस्त जांच इकाइयों, एसएसबी एवं एलआईयू द्वारा की जा रही है । उपरोक्त बरामद धनराशि संदिग्ध पाये जाने पर नियमानुसार आयकर विभाग को आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु सूचित किया गया । अग्रिम कार्यवाही आयकर विभाग द्वारा की जा रही है ।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में युवतियों ने किया प्रदर्शन



बाराबंकी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में रामनगर के बरौलिया चैराहे पर युवतियो ने प्रदर्शन करने हुये अखिलेश यादव और राहुल

- अखिलेश यादव और राहुल गांधी का फूंका पुतला

गांधी का पुतला फूंका। इस मौके पर युवतियों ने महिला आरक्षण लागू करो, नारी शक्ति का सम्मान करो के नारे लगाते हुये कहा कि कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर सशक्त बनाता है। इसका विरोध करना महिलाओं के अधिकारों का विरोध है। प्रदर्शन करने वालो मे शिल्पा श्रीवास्तव, दीप्ति मिश्रा, अल्का सैनी, पुष्पा वर्मा, लक्ष्मी देवी, सुरभि यादव, रिया वर्मा, कुंवारी काजल, सोनाली शुक्ला, माला देवी, रोहित सिंह, सर्वेश अवस्थी, अभिनव शुक्ला, इंद्रमणि उपाध्याय, तुषार निगम, दिनेश रावत, सुलेहव अंसारी आदि मौजूद रहे।

## गोवंशों की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष

अयोध्या। भीषण गर्मी के बीच गोवंशों की स्थिति का जायजा लेने उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ला रामनगरी अयोध्या पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद की गौशालाओं की व्यवस्थाओं की समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। महेश कुमार शुक्ला ने कहा कि भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए गौशालाओं में पानी, छाया और अन्य जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर गौशाला में पर्याप्त पेयजल और बचाव के उपाय किए जाएं ताकि गोवंशों को गर्मी से राहत मिल सके। उन्होंने स्थानीय लोगों और किसानों की सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि जन सहयोग से ही गौशालाओं को बेहतर और समृद्ध बनाया जा सकता है। इसके लिए आसपास के किसानों को जोड़कर जनजागरूकता अभियान



चलाने की जरूरत है। उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि कई जगहों पर गौशालाओं के केयरटेकर, ग्राम प्रधान और सचिवों में अनुभव की कमी देखी गई है, इसलिए उन्हें प्रशिक्षण और जागरूक करना बेहद जरूरी है, ताकि व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से संचालित हो सकें। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में गौशालाओं का निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है और हर जिले में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के बयान पर मुसलमान को गाय का मांस खाना चाहिए, प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं वाला देश है, जहां अलग-अलग समाजों की अलग मान्यताएं हैं।

कुछ लोग गाय को गौ माता मानते हैं कुछ लोग पशु मानते हैं और कुछ लोग भोजन मानते हैं, उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग का कार्य केवल प्रदेश में गोवंशों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करना है, अन्य राज्यों के मामलों से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उपाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जहाँ निराश्रित गौवंश के भरण-पोषण के लिए सरकार द्वारा 50 रुपये की दर से भरण-पोषण की धनराशि उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश सरकार की महत्त्वाकांक्षी गौ-संरक्षण नीति के अन्तर्गत वर्तमान में राज्य के विभिन्न जनपदों में 7,700 से अधिक गौ-आश्रय स्थल सक्रिय रूप से संचालित हो रहे है। इन आश्रय स्थलों में 16 लाख से अधिक निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आवास, नियमित आहार, स्वच्छ पेयजल तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यह व्यवस्था न केवल गौवंश के संरक्षण को सुनिश्चित कर रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था एंव सामाजिक संतुलन को भी सुदृढ़ कर रही है। इस योजना के अन्तर्गत अब तक 1,67,065 गौवंश इच्छुक एव जिम्मेदार गौपालकों को सुपुर्द किए गये है। सरकार द्वारा प्रत्येक गौवंश के लिए 50 रुपये प्रतिदिन की दर से पोषण भत्ता सीधे गौपालकों के बैंक खातों में डीवीटी के माध्यम से प्रेषित किया जा रहा है।

## डीजल/पेट्रोल की कालाबाजारी करने वाले 04 व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज हुई एफ.आई.आर.

बहराइच । जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि पिछले दिनों बिना लाइसेंस अवैध रूप से डीजल/पेट्रोल की कालाबाजारी करते हुए पाये जाने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर 03 मामलों में 04 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना रामगांव में आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा-3/7 के अर्न्तगत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। श्री तिवारी ने बताया कि तहसील व ब्लाक महसी अन्तर्गत नौतला निवासी इसराइल पुत्र भग्गू जान के पास से प्लास्टिक के 02 जेरीकेन (नीले रंग व सफेद) में लगभग 50-50 (पचास-पचास) लीटर एवं एक काले प्लास्टिक के जरीकेन में लगभग 30 लीटर पेट्रोल, कीप एवं आधा लीटर मापकीय मापन यंत्र बरामद किया गया था।

इसी प्रकार तहसील व ब्लाक महसी अन्तर्गत मुध्धाचक निवासी बृजेश कुमार पुत्र राजदेव व नकाही निवासी अमित गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता के पास से नेवादा मोड़ पर चार जरीकेन में लगभग 200 लीटर (दो सौ लीटर) डीजल/पेट्रोल के साथ एक कीप और आधा लीटर व एक लीटर का एक-एक नपना यंत्र बरामद किया गया था।

इसके अतिरिक्त थाना रामगांव अन्तर्गत नौतला निवासी धीरेन्द्र जायसवाल पुत्र दुःखहरन जायसवाल को चार जरीकेन में लगभग 200 लीटर (दो सौ लीटर) डीजल/पेट्रोल के साथ कीप और आधा व एक लीटर के 01-01 मापन यंत्र सहित घटना स्थल नौतला बाजार से बरामद किया गया था। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के समस्त डीजल/पेट्रोल पम्पों के प्रोपराईटर्स, पार्टनर्स एवं प्रबन्धकों को निर्देशित किया है डीजल एवं पेट्रोल के वितरण में जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित करें। सभी पम्पों को निर्देशित किया गया है कि ईधंन की आपूर्ति वाहनों में ही की जाये। जरिकेन, पिपिया, डब्बा, बोतल आदि में पेट्रोल किसी भी दशा में निर्गत नहीं किया जायेगा।

# पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत जिलाधिकारी ने की प्रेस वार्ता

जिला संवाददाता



बाराबंकी। जनपद मे जिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण करने के बाद कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी ने मीडिया कर्मियो से परिचय प्राप्त करने के उपरान्त अपनी प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद में सुशासन एवं पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंचाने, जनपद मे कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, विकास कार्यों की गति तेज करने तथा शिकायतों के प्रभावी समाधान पर विशेष ध्यान दिये जाने की बात कही।

- जनपद में सुशासन एवं पारदर्शिता के साथ किया जायेगा कार्य: डीएम
- शिकायतों के प्रभावी समाधान पर दिया जायेगा विशेष ध्यान: ईशान प्रताप सिंह
- प्रशासन और मीडिया के बीच सकारात्मक समन्वय जनहित में निभाता महत्वपूर्ण भूमिका: डीएम

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में उदासीनता अथवा ढिलाई पाये जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर क्षेत्र में बढ़ती यातायात समस्या के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की समस्या कम करने तथा यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने पत्रकारों से नियमित संवाद बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक एक-दो माह में संवाद स्थापित कर जनपद की समस्याओं, विकास कार्यों एवं समाधान की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और मीडिया के बीच सकारात्मक समन्वय जनहित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी मयंक तिवारी आदि मौजूद रहे।

## नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने संभाला पदभार



अयोध्या। जनपद में बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिलाधिकारी के रूप में कलेक्ट्रेट के कोषागार के डबल लॉक में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के कलेक्ट्रेट आगमन पर गॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मुख्य कोषाधिकारी, अपर जिलाधिकारी गण सहित अन्य अधिकारियों से पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा अन्य आवश्यक जानकारी ली। नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनपद के मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुये कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनकेंद्रित प्रशासन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने विशेष रूप से कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, राजस्व कार्यों में तेजी लाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की प्रगति, स्वच्छता अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों में गति लाने पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद अयोध्या की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए आगंतुकों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अमित कुमार भट्ट, अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशा. अनिरूद्ध प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## बहराइच के 40 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प

बहराइच 22 अप्रैल। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले के 40 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों की तस्वीर बदल गई है। सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट और मैरिको लिमिटेड की कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत श्निहार शांति पाठशाला फनवालाश और श्सीखो, खेलो और बढ़ोश पहल के माध्यम से यह कायाकल्प किया गया है। विशेष रूप से हुजूरपुर विकास खंड के 10 केंद्रों का नवीनीकरण कर उन्हें सुरक्षित, आकर्षक और बाल-अनुकूल बनाया गया है ।बुनियादी ढांचे और शिक्षा के तरीके में बड़ा बदलाव-इस पहल के तहत केंद्रों में निर्माण-मरम्मत, फर्श, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। बच्चों के लिए विशेष चटाई, मेज और कुर्सियां उपलब्ध कराई गई हैं। कक्षाओं को अधिक रोचक बनाने के लिए श्भवन को सीखने के माध्यम के रूप मेंश (बाला डिजाइन) विकसित किया गया है, जिससे परिसर की दीवारें भी बच्चों को सिखाने का काम करेंगी। इसके साथ ही बाहरी खेल मैदान और श्कहानी का तालाबश जैसी नई खेल-आधारित शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) शामिल की गई है, ताकि बच्चों का मानसिक, सामाजिक और शारीरिक विकास हो सके। इसके अलावा ह्लसीखो खेलों बढ़ोह्व पहल के तहत बच्चों के पूरे इकोसिस्टम पर काम किया जा रहा है। इसमें अभिभावकों और देखभाल करने वालों को भी जोड़ा गया है, ताकि घर पर भी सीखने का माहौल मजबूत हो सके। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे बच्चों की स्कूल तैयारी और शिक्षा में निरंतरता सुनिश्चित हो सके ।अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने की सराहना-आईसीडीएस कअनुकरणीय प्रयास बताते हुए कहा कि यह पहल शुरूआती शिक्षा में सुधार का एक बेहतरीन और विस्तार योग्य मॉडल पेश करती है।

## लोधेश्वर महादेव में जिलाधिकारी ने पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद



बाराबंकी। नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद आज बुधवार को तहसील रामनगर स्थित पौराणिक लोधेश्वर महादेव धाम में पूजा-अर्चना एवं दर्शन-पूजन के साथ की। उन्होंने भगवान लोधेश्वर महादेव से जनपद की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं विकास की कामना की। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने लोधेश्वर कॉरिडोर से संबंधित निमार्णाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लेते हुये

- लोधेश्वर कॉरिडोर से संबंधित निमार्णाधीन कार्यों का किया निरीक्षण
- सभी कार्य गुणवत्ता व समयबद्धता से पूर्ण कराने के दिए निर्देश

सभी कार्य गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के अनुरूप पूर्ण कराए जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में पंडित आदित्य तिवारी से लोधेश्वर धाम के धार्मिक महत्व तथा कॉरिडोर निर्माण से संबंधित बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगमता एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिगत विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि लोधेश्वर धाम जनपद की आस्था का प्रमुख केंद्र है तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान उपजिलाधिकारी रामनगर आनंद तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मॉडिफाइड साइलेन्सर, प्रैशर हार्न की बिक्री और फिटिंग को लेकर एआरटीओ कार्यालय पर बैठक



बाराबंकी। मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रैशर हार्न की बिक्री और फिटिंग को पूरी तरह से बंद करने के लिए परिवहन विभाग व यातायात विभाग ने उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय के सभागार में वाहन डीलरों, वर्कशॉप संचालकों व मैकेनिकों के साथ बैठक की।

बैठक में ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने और मोटरयान अधिनियम के सख्त प्रावधानों को लागू करने को लेकर सख्त निर्देश दिये गये। बैठक में डीलर और मैकेनिको को किसी भी वाहन विशेषकर बुलेट में पटाखे जैसी आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न या हूटर न बेचने और न ही फिट करने को लेकर निर्देशित किया। तथा कोई डीलर या गैराज संचालक प्रतिबंधित साइलेंसर बेचते या लगाते मिलने पर मोटरयान अधिनियम के जुमार्ना लगाये जाने की चेतावनी दी गई। बैठक मे सभी डीलरों व मैकेनिको से स्टॉक में मौजूद अवैध साइलेंसर को हटाने या नष्ट करने के निर्देश भी दिये गये। बैठक मे एआरटीओ अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव, यातायात प्रभारी रामयतन यादव मौजूद रहे।

- वाहन डीलरों, वर्कशॉप संचालकों, मैकेनिकों को साइलेंसर की बिक्री न करने को लेकर दिये सख्त निर्देश
- वाहन डीलरो के वर्कशाप का निरीक्षण करने पहुंची प्रवर्तन टीम, 12 चालान

तो वही एआरटीओ, पीटीओ व टीआई की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रो मे वाहन डीलरो के वर्कशाप का निरीक्षण भी किया। तथा संचालको को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान प्रवर्तन टीमो ने 12 वाहनो के चालान कर भारी जुर्माना भी लगाया।

# सेंसेक्स में 757 अंकों की गिरावट




मुंबई। पश्चिम एशिया संकट जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी बुधवार को थम गई। सेंसेक्स में करीब 757 अंकों की गिरावट रही जबकि निफ्टी 198 अंक टूट गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और पश्चिम एशिया में लंबे समय तक अस्थिरता की आशंका से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 756.84 अंक यानी 0.95 प्रतिशत टूटकर 78,516.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 831.03 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 198.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 24,378.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर में 10.85 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को प्रभावित नहीं कर सके और बिकवाली तेज हो गई। इसके अलावा इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी और ट्रेंट में बढ़त दर्ज की गई। अमेरिका-ईरान वार्ता ठप होने से पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक अस्थिरता की आशंका बढ़ने से निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतें उंच्चे स्तर पर बनी रहने से मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर दबाव बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.26 प्रतिशत बढ़कर 99.72 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को I,918.99 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.76 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.04 प्रतिशत की गिरावट रही।

क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड में सर्वाधिक 3.66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि फोकस आईटी खंड में 3.54 प्रतिशत, वित्तीय सेवा खंड में 0.64 प्रतिशत और निजी बैंक सूचकांक में 0.64 प्रतिशत की गिरावट रही। पूरे कारोबारी सत्र के दौरान भारतीय शेयर बाजारों में स्पष्ट रूप से नकारात्मक रुख बना रहा।

# रुपया 39 पैसे टूटकर 93.83 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपये में बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और यह 39 पैसे टूटकर 93.83 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

अमेरिका-ईरान शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता से पश्चिम एशिया में संघर्ष कम होने की उम्मीदें कमजोर हुई हैं। इसके साथ कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने भी भारतीय मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.69 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 93.87 के निचले स्तर तक पहुंचा। अंत में घरेलू मुद्रा डॉलर के मुकाबले 93.83 (अस्थायी) पर रही जो पिछले बंद भाव से 39 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को 28 पैसे की गिरावट के साथ 93.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी और अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता के कारण रुपये में गिरावट आई है। विदेशी पूंजी की निकासी के दबाव के कारण रुपये में नकारात्मक रुझान रहने का अनुमान है। हालांकि, अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से रुपये में तेज गिरावट को रोका जा सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 93.60 से 94.20 रुपये के दायरे में रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.15 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 756.84 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,516.49 अंक पर जबकि निफ्टी 198.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत टूटकर 24,378.10 अंक पर बंद हुआ। अंतराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.75 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने I,918.99 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## संक्षेप

### टेक एंड काउंटर टेक का दूसरा संस्करण लॉन्च

मुंबई। विशेषज्ञों ने कोटक प्राइवेट बैंकिंग के 'टेक एंड काउंटर टेक' के दूसरे संस्करण में कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल हर एक-दो साल में फिर से होने की संभावना है, जो बड़ी ताकतों के बीच चल रही होड़ का हिस्सा है वहीं दूसरी ओर, भारत आज अपने इतिहास में किसी भी समय की तुलना में ऐसी उथल-पुथल का सामना करने के लिए कहीं ज्यादा तैयार है। वही भारत के वृहद-आर्थिक बुनियादी सिद्धांत आज बाहरी झटकों का सामना करने के लिए कहीं ज्यादा मजबूती प्रदान करते हैं। हमारे इतिहास के किसी भी अन्य समय की तुलना में, मुझे लगता है कि हम जितना सोच सकते हैं, उससे कहीं ज्यादा तैयार हैं। भू-राजनीतिक अस्थिरता अब निवेशकों के लिए महज एक बार होने वाला जोखिम नहीं, बल्कि एक ढांचागत विशेषता बन गई है।

### स्प्राइट लेमन मिंट फ्लेवर लॉन्च

नई दिल्ली। स्प्राइट ने अपने पहले स्प्राइट लेमन मिंट फ्लेवर को लॉन्च किया। स्प्राइट लेमन मिंट इसी की जीती-जागती मिसाल है कि स्प्राइट कैसे लोगों की असली आदतों को एक नए और सार्थक इनोवेशन में बदल देता है। स्प्राइट लेमन मिंट की असली खासियत यह है कि यह जाने-पहचाने और नएपन का बिल्कुल सटीक संतुलन बनाता है। इसे जीवंत करने के लिए स्टूडियोएक्स डब्लूपीपी ने एक नई कैंपेन तैयार की है जिसमें सुनील ग्रोवर हैं। सुनील ब्रांड की 'ठंड रख' फिलॉसफी को पूरी तरह जीते हैं और उन रोजमर्रा के उन पलों को पकड़ते हैं हम सब बचपन से गर्मियों के पेय में पुदीना डालते आए हैं, इसलिए यह पहली नजर में ही जाना-पहचाना लगा। स्प्राइट लेमन मिंट उसी आइडिया को बिना किसी झंझट के सामने रखता है।

### आईएचसीएल ने पृथ्वी दिवस पर अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी

बंगलुरु। अर्थ डे (पृथ्वी दिवस) के मौके पर, इंडियन होटल्स कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो में जिम्मेदारी के साथ रिसोर्स मैनेजमेंट हेतु अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। अपने ईएसजी प्लस फ्रेमवर्क पथ्य के मार्गदर्शन में आईएचसीएल अपने परिचालन की मूल में संवहनीयता को शामिल करना जारी रखे हुए है, जिससे पर्यावरण प्रबंधन पुख्ता होगा और दीर्घकालिक मजबूती को सहयोग मिलेगा। आज सस्टेनेबिलिटी महज चंद पहलकदमियों का समूह भर नहीं रह गई है बल्कि उससे बढ़कर कारोबार चलाने का एक मुख्य अनुशासन बन गई है जो यह तय करती है कि वक्त साथ आगे बढ़ते हुए कोई उद्योग किस प्रकार मूल्य रचना करता है। जिस तरह से विभिन्न स्थानों पर हमारे पोर्टफोलियो का विस्तार हो रहा है उसे देखते हुए हमारे दैनिक परिचालन में संवहनीय विधियों को शामिल करना दायित्वपूर्ण वृद्धि के लिए आवश्यक हो गया है।

### मोटोरोला ने बाजार में उतारा मोटोरोला एज 70 प्रो स्मार्टफोन

नई दिल्ली। मोटोरोला ने आज मोटोरोला एज 70 प्रो लॉन्च किया, जिसे उन्नत लो-लाइट फोटोग्राफी, शानदर विजुअल्स और अगली पीढ़ी के ऑन-डिवाइस एआई के माध्यम से उपयोगकताओं को सीज द नाइट में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस डिवाइस में मोटो एआई के साथ एडवांस्ड सोनी-लिटिया 710 कैमरा द्वारा संचालित ट्रिपल 50एमपी प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम है, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 8500 एक्सट्रीम द्वारा संचालित, यह उन्नत ऑन-डिवाइस एआई प्रोसेसिंग के साथ लो-लाइट इमेजिंग को और बेहतर बनाता है। मोटोरोला एज 70 प्रो में मोटोरोला द्वारा बिल्कुल नया कलेक्शंस डिजाइन भी पेश किया गया है, जिसमें पैंटोन क्यूरेटेड रंगों में शानदार सैटिन-लक्स, टेलर्ड फैब्रिक और मार्बल फिनिश शामिल हैं। 90वॉट टर्बोपावर चार्जिंग और आईपी68 प्लस आईपी69 ड्यूरेबिलिटी के साथ विशाल 6500एमएएच सिलिकॉन-कार्बन बैटरी द्वारा समर्थित, यह डिवाइस एक वास्तविक फ्लैगशिप-ग्रेड स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है।

### फीवर एफएम 93.7 का आठवां शहर बना मुरादाबाद

कानपुर। फीवर एफएम 93.7 का आठवां शहर बना मुरादाबाद बना है। यह शहर का पहला निजी एफएम रेडियो स्टेशन है फीवर एफएम अब तक उत्तर प्रदेश के सात शहरों में लोगो का मनोरंजन करता आ रहा था। यह रेडियो स्टेशन मनोरंजन के साथ-साथ जन-जागरण के एक सशक्त माध्यम के रूप में भी काम करेगा। समाज के अहम मुद्दों पर जनता को जागरूक करना और उन्हें संवेदनशील बनाना यह भी एक रेडियो स्टेशन की बड़ी ज़िम्मेदारी होती है। इससे लोगों को एक ऐसा मंच मिलेगा जिससे वे अपने पूरे क्षेत्र के बारे में और अधिक जान सकेंगे।

## इंडक्शन चूल्हे के महत्वपूर्ण उपकरणों पर सीमा शुल्क कटौती पर विचार

नयी दिल्ली। सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और पश्चिम एशिया संकट के बीच कीमतों में वृद्धि से निपटने के लिए इंडक्शन चूल्हे के महत्वपूर्ण उपकरणों पर सीमा शुल्क में कटौती करने पर विचार कर रही है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने इन चूल्हे को और अधिक किफायती बनाने के लिए इन पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की सिफारिश भी की है। पश्चिम एशिया संकट ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही को बाधित कर दिया है, जिससे रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसके चलते लोग इंडक्शन यानी इलेक्ट्रिक चूल्हे और इसके अनुकूल बर्तन खरीद रहे हैं। बिजली मंत्रालय के साथ मिलकर हितधारकों के साथ परामर्श किया है।

## टोइंग ने अपने लॉन्च की घोषणा की

नई दिल्ली। किफायती फूड डिलीवरी ऐप टोइंग ने अपने लॉन्च की घोषणा की। पिछले 7+ महीनों में, टोइंग ने अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए भारत के 28 शहरों में अपनी मौजूदगी दर्ज की है जिसमें लखनऊ शामिल हो गया और यह अपने ऐप पर खाने-पीने की सभी चीजों पर सबसे कम कीमत की गारंटी देता है, जो रेस्टोरेंट के टेबल मेन्यू की कीमत के बराबर या उससे कम होती है। इसके अलावा, टोइंग पर किए गए किसी भी ऑर्डर पर न तो पैकेजिंग चार्ज लिया जाता है और न ही कोई प्लेटफॉर्म फीस।

## एफडीआई निकसी सहित उतार-चढ़ाव पर करीबी नजर



न्यूयॉर्क। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) निकासी और विनिमय दर में बदलाव जैसे अल्पकालिक उतार-चढ़ाव चक्रीय प्रकृति के होते हैं और इन पर करीबी नजर रखी जा रही है। गवर्नर ने न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा सोमवार को आयोजित एक गोलमेज बैठक में यह बात कही।

इस संबंध में अगले दिन एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। मल्होत्रा ने नियामकीय ढांचे को सरल बनाने, कारोबार सुगमता बढ़ाने, विदेशी निवेशकों के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने और घरेलू व विदेशी बाजारों के एकीकरण को मजबूत करने के लिए जारी सुधारों का उल्लेख किया। इस गोलमेज बैठक में वित्तीय संस्थानों, निवेश कंपनियों और नीतिगत क्षेत्र से जुड़े 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिनमें बैंक, परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां, फैमिली ऑफिस, कैपिटल मैनेजमेंट कंपनी, संस्थागत निवेशक, धन प्रबंधक और अन्य उद्योग पेशेवर शामिल हुए। सत्र के दौरान आरबीआई की मुख्य महाप्रबंधक डिंपल भांडिया ने प्रस्तुति दी। इसमें देश की मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद, मजबूत वित्तीय क्षेत्र एवं सुसंगत नीतिगत ढांचे को रेखांकित किया गया। साथ ही भारत को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बताया गया और आने वाले वर्ष में वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में उसकी प्रगति को दर्शाया गया। विज्ञप्ति के अनुसार, चर्चा में निर्धारित सीमा के भीतर कम मुद्रास्फीति, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 1.1 प्रतिशत का प्रबंधनीय चालू खाता घाटा और 700 अरब अमेरिकी डॉलर का मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख संकेतकों पर प्रकाश डाला गया।

## अटल पेंशन योजना के सदस्यों की संख्या बढ़कर हुई नौ करोड़ के पार

नयी दिल्ली। पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) संचालित केंद्र सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना... अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंशधारकों की संख्या नौ करोड़ से अधिक हो गई है।

योजना की बढ़ती पहुंच और प्रभाव के चलते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सकल नामांकन 1.35 करोड़ सदस्यों से अधिक हो गया है, जो योजना की शुरुआत के बाद से किसी एक वित्त वर्ष में दर्ज किया गया अब तक का सबसे अधिक नामांकन है। पीएफआरडीए ने एक बयान में कहा कि सभी भारतीयों के लिए एक सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली स्थापित करने के लक्ष्य के साथ नौ मई, 2015 को शुरू की गई एपीवाई एक स्वैच्छिक, अंशदायी पेंशन योजना है जो मुख्य रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है। इसमें कहा गया कि पिछले एक दशक में सार्वजनिक और निजी बैंकों तथा डाक विभाग के निरंतर प्रयासों और सरकार के निरंतर सहयोग से इस योजना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पीएफआरडीए ने व्यापक जनसंपर्क पहल, क्षमता निर्माण कार्यक्रम, बहुभाषी जागरूकता सामग्री, मीडिया अभियान और नियमित प्रदर्शन समीक्षा के माध्यम से देश के सभी राज्यों और जिलों में योजना का विस्तार करने में सक्रिय भूमिका निभाई है।


## निर्यातक शुल्क वापसी में हिस्सेदारी के लिए अमेरिकी खरीदारों से करें बात




नयी दिल्ली। निर्यातकों का शीर्ष निकाय फियो ने अपने सदस्यों को अमेरिकी खरीदारों के साथ बातचीत करने की सलाह दी है ताकि वे शुल्क वापसी में हिस्सेदारी हासिल कर सकें। अमेरिका ने 20 अप्रैल से जवाबी शुल्क की वापसी की प्रक्रिया शुरू की है। इन शुल्क वापसी पर भारतीय निर्यातकों का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, क्योंकि यह केवल अमेरिकी कंपनियों को मिल रहा है। लेकिन यदि किसी भारतीय निर्यातक के अपने अमेरिकी खरीदार से अच्छे संबंध हैं, तो उसे कुछ हिस्सा मिल सकता है।

चमड़ा क्षेत्र के एक उद्योग अधिकारी ने कहा कि व्यवसाय इस मुद्दे पर अमेरिकी आयातकों के साथ चर्चा करेंगे। हम इस बारे में अपने खरीदारों से बात कर रहे हैं। जवाबी शुल्क व्यवस्था दो अप्रैल 2025 को 10 प्रतिशत से शुरू हुई थी जिसे लगातार तेजी से बढ़ाया गया। भारत के लिए दरें सात अगस्त 2025 तक 25 प्रतिशत और 28 अगस्त तक 50 प्रतिशत तक पहुंच गईं और फरवरी 2026 की शुरुआत तक इसी स्तर पर बनी रहीं। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने 20 फरवरी को दिए फैसले में ट्रंप के शुल्क के पूरे ढांचे को अमान्य कर दिया, जिससे ये शुल्क कानूनी रूप से शून्य हो गए और इसकी वापसी की प्रक्रिया शुरू हुई। भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा इन उच्च शुल्कों से प्रभावित हुआ है। शोध संस्थान जीटीआरआई के अनुसार, कुल शुल्क वापसी की राशि करीब 166 अरब डॉलर है, जिसमें से करीब 12 अरब डॉलर भारतीय वस्तुओं से संबंधित हैं। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, भारत से जुड़े अनुमानित 12 अरब अमेरिकी डॉलर में से, वस्त्र एवं परिधान का हिस्सा करीब चार अरब डॉलर, इंजीनियरिंग सामान का हिस्सा लगभग चार अरब डॉलर और रसायन का हिस्सा करीब दो अरब डॉलर हो सकता है जबकि अन्य क्षेत्रों का हिस्सा कम होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्यातकों को ये शुल्क स्वतः वापस नहीं मिलेगा और यह राशि केवल अमेरिकी आयातकों को जाती है इसलिए निर्यातकों का इस पर कोई कानूनी अधिकार नहीं है। निर्यातकों को अनुबंधों को पर गौर करना चाहिए और इनवॉइस एवं शुल्क आंकड़े के आधार पर यह देखना चाहिए कि लागतों को कैसे समायोजित किया गया था।

## एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने किया डिजिट्रैक सीरीज का विस्तार



लखनऊ। एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने अपने पॉवरट्रैक ब्रांड के अंतर्गत डिजीट्रैक सीरीज लॉन्च की है। इसके साथ ही कंपनी की डिजीट्रैक रेंज, जिसमें पहले दो मॉडल हुआ करते थे, वो अब बढ़कर पाँच मॉडलों की एक विस्तृत सीरीज में तब्दील हो गए हैं, जिनमें 45 हॉर्सपॉवर से 55 हॉर्सपॉवर के ट्रैक्टर शामिल हैं।

पूरे भारत में लॉन्च की गई यह सीरीज आधुनिक कृषि और भारी ढुलाई के कामों के लिए बनाई गई है। नीरज मेहरा, चीफ ऑफिसर, ट्रैक्टर बिजनेस डिवीजन ने कहा, कि डिजिट्रैक अब नए जमाने के किसानों के लिए एक पूर्ण ट्रैक्टर सीरीज बन चुकी है। नई डिजीट्रैक सीरीज में ज्यादा शक्तिशाली इंजन, 12$3 गियरबॉक्स, स्वतंत्र पीटीओ और 39.9 किलोमीटर प्रतिघंटा तक की टॉप स्पीड के साथ 5 मॉडल हैं, जो स्टाईल टू किल, परफॉर्मेंस टू थ्रिल (जबरदस्त स्टाईल, शानदार परफॉर्मेंस) की पोजिशनिंग के साथ आते हैं। पहले ये खूबियाँ केवल ज्यादा हॉर्सपॉवर के ट्रैक्टर में मिला करती थीं। लेकिन डिजीट्रैक सीरीज ने ये आधुनिक क्षमताएं 45 हॉर्सपॉवर से 55 हॉर्सपॉवर के सेगमेंट में उपलब्ध करा दी हैं।

एस्कॉर्ट्स कुबोटा द्वारा भारत में तीन ट्रैक्टर ब्रांड, कुबोटा, फार्मट्रैक और पॉवरट्रैक पेश किए जाते हैं, जो क्रमशः प्रीमियम, एंट्री-प्रीमियम और वैल्यू सेगमेंट को सेवाएं देते हैं। डिजीट्रैक सीरीज पॉवरट्रैक ब्रांड के अंतर्गत आती है। यह फरवरी 2025 के बाद कंपनी का चौथा सबसे बड़ा ट्रैक्टर लॉन्च है, जिससे पहले फार्मट्रैक प्रोमैक्स सीरीज, कुबोटा एमयू4201 और पॉवरट्रैक शौर्य धान सीरीज पेश की जा चुकी है।

## पेज एक का शेष

### वैदिक मंत्रों

सरकार यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन और यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि देवभूमि आने वाले यात्रियों का सेवा भाव और आत्मीयता से स्वागत करें। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ से पारंपरिक यात्रा करते हुए गुप्तकाशी, फाटा और गौरीकुंड मार्ग से पूर्व संध्या पर धाम पहुंची थी। इसके बाद आज प्रातः पांच बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया आरंभ हुई।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे

इसी तरह का अभ्यास पहले भी किया जा चुका है, जिसमें जून 2023 का अभ्यास भी शामिल है जब सुखोई और मिराज विमानों ने 3.2 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी पर टच-एंड-गो ऑपरेशन किया था। नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन के दौरान इसका का उपयोग ऐसे अभ्यास के लिए भी किया गया था, जब लड़ाकू जेट और एक हरक्यूलिस विमान इस खंड पर उतरे थे। इस बीच, बुधवार (22 अप्रैल) को पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी भी है, जिसमें 26 लोगों की मृत्यु हो गई थी।

### भाजपा ही

उगेगा, कमल खिलेगा। कश्मीर में जैसे धारा-370 हमेशा के लिए समाप्त की गई, वैसे ही बंगाल को गुंडागर्दी व माफियागिरी का अड्डा बनाने वाली तृणमूल, कांग्रेस व कम्युनिस्टों का सफाया करना है। सीएम योगी ने कहा कि भारत निर्माण में बंगाल की धरा पर जन्मे महापुरुषों के तप, त्याग, बलिदान व पुरुषार्थ का भी अतुलनीय योगदान रहा। बंगाल ने हर सम-विषम परिस्थितियों में भारत को संबल दिया। साहित्य के लिए पहले भारतीय के रूप में गुरुदेव रवींद्र नाथ ठाकुर की गीतांजलि को नोबल पुरस्कार मिला। गुरुदेव के हैरिटेज परिसर में उनकी व भारत माता की प्रतिमा-फोटो लगनी चाहिए थी, वहां टीएमसी के गुंडों ने जबरन कब्जा कर ममता दीदी का फोटो लगा दिया। यह भारतीयता व बंगाल की अस्मिता का अपमान है। सीएम योगी ने कहा, बंगाल की भूमि उर्वर व प्रचुर जल-संसाधनों वाली है। यहां के नौजवान प्रतिभाशाली, किसान मेहनतकश और उद्यमी-व्यापारी परिश्रमी-पुरुषार्थी हैं।

### होमगार्ड भर्ती

की शुचिता एवं गोपनीयता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। परीक्षा की निष्पक्षता भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाए तथा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश के 74 जनपदों में 41,424 होमगार्ड स्वयंसेवक पदों के लिए परीक्षा तीन दिनों में, दो पालियों में आयोजित की जाएगी। भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी परीक्षा केंद्रों पर शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा परीक्षार्थियों को अनावश्यक रूप से धूप में प्रतीक्षा न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाए। जिला प्रशासन सभी परीक्षा केंद्रों का पूर्व भ्रमण कर व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करे। कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ जनपदों से ऐसे संकेत प्राप्त हुए हैं, जहां अराजक तत्वों द्वारा जातीय तनाव/संघर्ष भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। सभी अधिकारी अत्यंत सतर्क रहें और किसी भी स्थिति के उत्पन्न होने से पूर्व ही प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### अयोध्या में

अधिवक्ताओं ने बुधवार को बहस शुरू करने में असमर्थता जताई। इस पर कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई गुरूवार को होगी और अगर यदि फिर भी सरकार व आवास विकास की ओर से कोई अधिवक्ता बहस नहीं करता है, तो उसे लिखित बहस दाखिल करने की अनुमति दी जाएगी, क्योंकि मामले की सुनवाई लंबे समय से लंबित है और अनावश्यक स्थगन उचित नहीं है। इन याचिकाओं में कहा गया है कि अयोध्या में आवास विकास परिषद अधिनियम 1965 के तहत भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है जिसमें स्पष्ट लिखा है कि भूमि अधिग्रहण के संबध में सारे प्रावधान भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के प्रावधानों के ही अनुरूप होगें और यदि अधिग्रहण के समय जमीन मालिक को किसी और प्रावधान के तहत अधिक लाभ मिल रहा हो तो उसी प्रावधान के तहत भूमि अधिग्रहित की जायेगी ताकि जमीन मालिकों व किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। याचियों की ओर से तर्क दिया गया कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 को हटा कर जमीन मालिकों व किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा व अन्य लाभ प्रदान करने के लिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 बना दिया गया है।

### राष्ट्रपति ट्रंप

उसके चालक दल को बंधक बनाना इससे भी बड़ा उल्लंघन है। ईरान जानता है कि प्रतिबंधों को कैसे निष्प्रभावी करना है, अपने हितों की रक्षा कैसे करनी है और दबाव व धमकी का मुकाबला कैसे करना है। अमेरिका ने मंगलवार को कहा था कि उसकी सेना ने एशिया में ईरानी कच्चे तेल की तस्करी के आरोप में पहले से प्रतिबंधित एक तेल टैंकर पर कब्जा किया है। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने बताया कि अमेरिकी बलों ने एमाटी टिफानी जहाज पर बिना किसी प्रतिरोध के चढ़ाई की।

### एआई, चिप्स

साइबर शिक्षा और सुरक्षा को तुरंत क्वांटम आधारित बनाना जरूरी है। भारत की नेशनल क्वांटम मिशन (एनक्यूएम) में तेज प्रगति क्वांटम कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन और सेंसिंग, आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वदेशी तकनीक ही भविष्य में भारत को वैश्विक नेतृत्व दिला सकती है। इस दौरान उत्तर प्रदेश के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अलोक कुमार ने क्वांटम एवं डीप टेक के लिए कई अहम घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कहा कि डेटा सेंटरों से आगे हर तकनीक में स्वावलंबन जरूरी है। यही राष्ट्रीय क्वांटम मिशन का मूल मंत्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनक्यूएम ने प्रारंभिक सफलताएं हासिल की हैं। अगले 2-3 वर्षों में 1000 क्यूबिट का लक्ष्य हासिल हो सकता है। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के इस क्षेत्र में प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में क्वांटम कंप्यूटर भारत लाने के लिए आईआईटी कानपुर से साझेदारी हुई है। नोएडा-एनसीआर में डीप टेक हब स्थापित होगा। डीप टेक स्टार्टअप्स को 30-40 करोड़ फंडिंग दी जाएगी। डेटा सेंटर नीति में नई प्रोत्साहन योजना बनाई जा रही है। साथ ही इस वर्ष एआई मिशन के लिए 225 करोड़ और उभरती तकनीकों से जुड़ी रिसर्च के लिए 100 करोड़ के फंड का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के सदस्य प्रो. अजय सिंह ने कहा कि फार्मा, बैंकिंग, फॉरेंसिक में क्वांटम क्रांति शुरू हो चुकी है। जापान के यूरो बैंक ने पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी से 2.2 अरब दस्तावेज सुरक्षित किए है। रोश, नोवार्टिस फार्मास्युटिकल कंपनियां क्वांटम कम्प्यूटिंग से दवा की खोज 10-15 साल से घटाकर 3-4 साल में कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्रालय ने बैंकों को निर्देशित किया है कि एटीएम नेटवर्क, पेमेंट सिस्टम को क्वांटम सुरक्षित किया जाए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के हेड स्पेशल प्रोजेक्ट्स राजन लूथरा ने सुझाव दिया कि यूपीएसआईएफएस क्वांटम सेफ्टी लिटरेसी स्थायी करें, क्वांटम टेक लैब वीडियो हब बनाएं। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने कहा कि डेटा सबसे मूल्यवान वस्तु है। अमेरिका की शक्ति डेटा प्रभुत्व से है और भारत का डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (डीपीडीपी एक्ट 2023) इसी कारण बना है। बिना लीगल कंप्लायंस के प्रौद्योगिकी अविश्वसनीय है। साइबर सिक्योरिटी डेटा प्रोटेक्शन का मात्र एक डोमेन है। यह संस्थान विधि लैब टेक्नोलॉजी एकीकरण का एकमात्र व्यवस्थित संस्थान है। आईआईआईटी हैदराबाद के निदेशक डॉ. संदीप शुक्ला ने कहा कि बैंक और सरकारों को क्रिप्टो इन्वेंटरी, रिस्क असेसमेंट और क्रिप्टो-एजाइल सिस्टम अपनाने की सलाह दी। कार्यशाला में आयोजित पैनल चर्चा में अतिथि वक्ता प्रो. अजय सिंह (राष्ट्रीय क्वांटम मिशन सदस्य) के संचालन में शीर्ष उद्यमियों ने अपनी यात्रा साझा की। डॉ. सुनील गुप्ता ने छात्रों को जुनून और प्रयोग की प्रेरणा दी। नीलेश धांडे ने 53 पेटेंट्स और पूर्वोत्तर राज्यों में डेटा सेंटर्स की उपलब्धि साझा की। मयंक वर्मा ने पैशन और पर्सिस्टेंस को सफलता का सूत्र बताया तथा डीप टेक को विज्ञान आधारित समाधान बताया। इस अवसर पर संस्थान के महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। पैनल में सम्मलित होने वाले समस्त अतिथि वक्तागणों को पुलिस उपमहानिरीक्षक हेमराज मीना सहित उपनिदेशक जीतेन्द्र श्रीवास्तव, चिरंजीव मुखर्जी और अतुल यादव ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्थान के फैकल्टी मेंबर डॉ. सपना शर्मा, डॉ. प्रीती मालिक, डॉ. शाश्य मिश्र, डॉ. हबीब-उर-रहमान, डॉ. मिमंषा जैशल, डॉ केके दुबे, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. नेहा माथुर, डॉ. स्नेह तिवारी, डॉ. अभिषेक उपाध्याय सहित जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार तिवारी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में संसथान के छात्रों सहित एसएमएस कॉलेज, अंबालिका इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, टीएस मिश्र विश्वविद्यालय सहित चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।

### शिक्षा सुधारों

सुदृढ़ीकरण और कायाकल्प अभियानों ने जमीनी मजबूती दी। 2019 से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का दायरा व्यापक हुआ, जबकि 2020 में कोविड काल ने डिजिटल शिक्षा की आवश्यकता और उसकी भूमिका को निर्णायक बना दिया। इसके बाद 2021 से 2024 तक यूपीएससी, पीसीएस, बैंकिंग, रक्षा तथा एनईईटी-जेईई जैसी परीक्षाओं में उत्तर प्रदेश की निरंतर और मजबूत उपस्थिति ने इस बदलाव को परिणामों के रूप में स्थापित किया। 2025 में छात्रवृत्ति, कोचिंग सहायता और उच्च शिक्षा सुधारों का प्रभाव और स्पष्ट हुआ, जबकि 2026 तक इन सभी प्रयासों का संचयी प्रभाव एक ऐसी नई शैक्षिक संस्कृति के रूप में सामने आया, जिसमें अवसरों का विस्तार, गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा तीनों का संतुलित विकास दिखाई देता है। ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, बिजली, फर्नीचर और पुस्तकालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया, जिससे प्रारंभिक शिक्षा का स्तर बेहतर हुआ और छात्रों की उपस्थिति तथा सीखने की गुणवत्ता में सुधार आया।

### गाजीपुर : ग्रामीणों ने सपाइयों को पीटा

गाजीपुर। जिले के करंडा क्षेत्र के कटारिया गांव में स्थानीय लोगों और समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ताओं के बीच पथराव और झड़प होने के बाद 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सत्ता-संरक्षित दबंग तत्वों और गांव के प्रधान ने पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमला किया। उन्होंने इस घटना को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पर हमला करार देते हुए तत्काल कार्वाई की मांग की।




# खेलों को बढ़ावा देने दंतेवाड़ा पहुंचे तेंदुलकर



दंतेवाड़ा। पूर्व महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर बुधवार को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए जो जमीनी स्तर की खेल पहल का हिस्सा है और इसका मकसद कभी माओवाद से प्रभावित रहे इस इलाके को एक फलता-फूलता खेल केंद्र बनाना है।

तेंदुलकर जगदलपुर हवाई अड्डे पर पहुंचे और बाद में दंतेवाड़ा के छिंदनार गांव गए जहां मैदान कप हल के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जगदलपुर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि हमने (मैदान कप पहल के तहत) लगभग 50 स्कूल में खेल के मैदान विकसित किए हैं। तेंदुलकर ने बताया कि दंतेवाड़ा में मैदान कप प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसे मान देसी और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। इससे पांच हजार से अधिक बच्चों को फायदा हो रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार पिछले साल इस इलाके की हिंसाग्रस्त छवि को बदलने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत मान देसी और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के सहयोग से मैदान कप पहल शुरू की गई थी।

तेंदुलकर ने कहा यह बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि हमारा फाउंडेशन मान देसी टीम के साथ मिलकर यहां बहुत अच्छा काम कर रहा है। हो सकता है कि मैं बच्चों के साथ खेलूं क्योंकि यह खेल कार्यक्रम चल रहा है जिसमें कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल जैसे खेल शामिल हैं।

# कमिंस की वापसी के बाद भी किशन ही करें सनराइजर्स की कप्तानी : बांगड़



हैदराबाद। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगड़ ने कहा कि पैट कमिंस की चोट से उबरकर वापसी करने के बाद भी ईशान किशन को ही सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करनी चाहिए। कमिंस अपनी पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाए थे और उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र के शुरुआती मैचों से भी बाहर रहना पड़ा था। वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार को जयपुर में होने वाले मैच में वापसी कर सकते हैं। भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, एक कप्तान के तौर पर ईशान किशन ने दिखाया कि वह अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करने के मामले में रणनीतिक रूप से बहुत कुशल हैं। उन्हें पता है कि किस बल्लेबाज के खिलाफ किस गेंदबाज का इस्तेमाल करना है। इससे स्पष्ट होता है वह खेल की कितनी अच्छी समझ रखते हैं। वह दबाव में नहीं आते, जल्दबाजी नहीं करते और मैदान पर सही फैसले ले रहे हैं। उन्होंने कहा, दिल्ली के खिलाफ जिस तरह से उन्होंने अपने स्पिनरों का इस्तेमाल किया, वह प्रभावशाली था।

इसलिए मेरा मानना है कि भले ही पैट कमिंस वापसी कर लें, ईशान किशन को ही सनराइजर्स की कप्तानी करनी चाहिए। बांगड़ ने कहा, अमूमन देखा गया है कि भारतीय कप्तान होने से टीम को स्थिरता मिलती है। पैट कमिंस जैसे काबिल गेंदबाज की हाल की चोटों को देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि वह आईपीएल के बाकी मैचों में कितने फिट रहेंगे।

## संक्षेप

### यूटीटी : तमिलनाडु बना लड़कों का अंडर19 चैंपियन

देहरादून। शीर्ष वरीयता प्राप्त तमिलनाडु ने बुधवार को यहां यूटीटी अंतरराज्यीय जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महाराष्ट्र को 3-1 से हराकर लड़कों के अंडर19 वर्ग का टीम खिताब जीता। पीबी अभिनंद तमिलनाडु की जीत के नायक रहे। उन्होंने पहले नीलमुल्ये को 11-5, 11-3, 7-11, 11-6 से हराया और फिर उल्ट एकल में कुशल चोपड़ा पर 11-6, 11-6, 11-8 से शानदार जीत दर्ज करके अपनी टीम को खिताब दिलाया। महाराष्ट्र की टीम चोपड़ा पर काफी निर्भर थी क्योंकि उन्होंने इससे पहले टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने पहले एकल मैच में एमआर बालामुरुगन को पांच गेम के कड़े मुकाबले में हराया लेकिन वह आगे अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। इससे पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु ने असम को, जबकि महाराष्ट्र ने पश्चिम बंगाल को हराया।

### अक्षय व ध्रुव संयुक्त रूप से शीर्ष पर

नूंह (हरियाणा)। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा और गुरुग्राम के ध्रुव श्योराण ने बुधवार को यहां दूसरे दौर के बाद नौ अंडर 135 के स्कोर के साथ एक करोड़ रुपये की डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से बढ़त हासिल कर ली। दो बार के डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई विजेता 35 वर्षीय अक्षय (70-65) ने दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात अंडर 65 का स्कोर बनाया और संयुक्त 14वें स्थान से शीर्ष पर पहुंच गए। उन्होंने इस दौर में नौ बर्डी और दो बोगी लगाए। साल 2024 में टूर के विजेता 31 वर्षीय ध्रुव (69-66) ने छह अंडर 66 का स्कोर बनाया। वह इस दौरान पार-पांच शॉट वाले 14वें होल में ईगल लगाने में सफल रहे। जापान के ताइगा तनाका (68-68), कोलकाता के सुनीत चौरसिया (70-66) और नेपाल के सुकरा बहादुर राय (70-66) आठ अंडर 136 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। कट-ऑफ स्कोर 144 (इवन-पार) रहा, जिसमें 132 खिलाड़ियों में से 50 खिलाड़ी अंतिम दो राउंड में पहुंचे।

### एकदश से बाहर बैठने का आदी नहीं : वेंकटेश अय्यर

बेंगलुरु। वेंकटेश अय्यर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की एकादश में नियमित तौर पर जगह बनाना चाहते हैं, लेकिन यह हरफनमौला खिलाड़ी टीम की उन परिस्थितियों को भली-भांति समझता है जिनकी वजह से उन्हें बेंच पर बैठना पड़ रहा है। वह टीम मैनेजमेंट द्वारा दी गई भूमिका की स्पष्टता से संतुष्ट हैं। आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स के विजयी अभियान का हिस्सा रहे वेंकटेश आईपीएल 2026 से पहले आरसीबी से जुड़े, लेकिन अब तक उन्हें केवल एक ही मैच खेलने का मौका मिला है, क्योंकि बेंगलुरु टीम के शीर्ष और मध्यक्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा है। वेंकटेश ने यहां चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, मुझे बाहर बैठने की आदत नहीं है, लेकिन यह एक टीम का माहौल है। एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में जो टीम को सबसे ऊपर रखता है, मेरा कर्तव्य है कि मैं इस माहौल का पालन करूं। वेंकटेश इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि आरसीबी उस संयोजन में बदलाव करने से हिचकेगी जिसने एक साल पहले उन्हें उनका पहला आईपीएल खिताब दिलाया था। उन्होंने कहा, हम गत चैंपियन हैं। खिताब दिलाने वाले संयोजन में बदलाव करना मुश्किल होता है। यह समझदारी भरा कदम नहीं होता। ऐसे में टीम से जुडे नये खिलाड़ी के तौर पर मेरा कर्तव्य है यह समझना कि मैं किस भूमिका में योगदान दे सकता हूं।

# राजस्थान ने लखनऊ को 40 रन से हराया

## जडेजा ने 43 रन बनाये, सूर्यवंशी 8 रन पर आउट, शमी, मोहसिन और प्रिंस यादव को 2-2 विकेट

एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ सुपर जॉयंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल 2026 का 32वां मुकाबला बुधवार को खेला गया. जिसमें राजस्थान ने 40 रनों से जीत हासिल की और अंक तालिका में दूसरे पायदान पर कब्जा जमा लिया। ये मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हुआ. जहां टॉस जीतकर लखनऊ ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. राजस्थान की टीम ने जडेजा के नाबाद 43 रनों के दम पर 159 रन बनाए थे. इसके जवाब में लखनऊ की टीम 119 के स्कोर पर सिमट गई. 160 के जवाब में उतरी लखनऊ की शुरूआत बेहद खराब रही. पहले ही ओवर में आयुष बदोनी रन आउट हो गए. इसके बाद ऋषभ पंत बल्लेबाजी के लिए आए और बिना खाता खोले ही आउट हो गए. इसके बाद एडन मारक्रम भी खाता नहीं खोल सके. यानी लखनऊ के टॉप ऑर्डर के 3 बैटर खाता भी नहीं खोल सके. इसके बाद मिचेल मार्श ने फिफ्टी लगाई. लेकिन उनका विकेट गिरते ही लखनऊ बैकफुट पर आ गई.पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान के लिए पारी का आगाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने किया. दोनों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग शुरू की. तीसरे ओवर में शमी ने यशस्वी का विकेट झटका. ऋषभ पंत ने विकेट के पीछे हैरतअंगेज कैच लपका. यशस्वी ने 22 रन बनाए. इसी ओवर में शमी ने जुरेल का भी विकेट झटका. जुरेल खाता भी नहीं खोल सके. चौथे ओवर में मोहसिन ने राजस्थान को उस वक्त बड़ा झटका दिया जब उन्होंने वैभव सूर्यवंशी का विकेट लिया. वैभव ने इस मैच में केवल 8 रन बनाए. लेकिन इसके बाद रियान पराग ने पारी को संभाला और 7 ओवर के बाद टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचाया.लेकिन 9वें ओवर में प्रिंस यादव ने राजस्थान को चौथा झटका दिया जब रियान पराग 20 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद जडेजा ने 43 रनों की नाबाद पारी खेली और फरेरा ने भी पारी को संभालने की कोशिश जरूर की. जिसके दम पर राजस्थान की टीम 159 रन बना सकी. लखनऊ की ओर से शमी ने 4 ओवर में दो विकेट झटके. वगीं, प्रिंस यादव, मोहसिन खान को भी 2-2 विकेट मिले।

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स को 160 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में बुधवार को लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। राजस्थान ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन बनाए। राजस्थान के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 43 रन रवींद्र जडेजा ने बनाए। 15 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी बड़ी पारी नहीं खेल सके और सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मोहसिन खान ने दिग्वेश राठी के हाथों कैच कराया। वहीं, गेंदबाजी में मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट झटके। इससे पहले वैभव ने चौका लगाकर आईपीएल में 227 गेंदों पर 500 रन पूरे किए। वे लीग में सबसे कम गेंदों पर यह कारनामा करने वाले बैटर बने। उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकॉर्ड तोड़ा। रसेल ने 244 गेंदों पर अपने पहले 500 रन बनाए थे। रवींद्र जडेजा ने अंतिम ओवर में 3 बाउंड्री लगाई।

मयंक यादव के ओवर में जडेजा ने 4, 2, 4, 2, 2 और आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर कुल 20 रन बटोर लिए। आखिरी गेंद पर जडेजा ने फाइन लेग के ऊपर पुल शॉट खेलकर छक्का जड़ा और टीम का स्कोर 159/6 तक पहुंचा दिया। 19वें ओवर में प्रिंस यादव की बॉल पर इम्पैक्ट प्लेयर शुभम दुबे ने दो चौका लगाया। इस ओवर में कुल 12 रन बने। प्रिंस यादव ने 16 वें ओवर में डोनोवन फरेरा को पवेलियन भेजा। ऑफ साइड के बाहर धीमी और शॉर्ट गेंद पर फरेरा ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर हवा में चली गई। थर्ड मैन पर खड़े मोहसिन खान ने पीछे की ओर कदम लेते हुए शानदार कैच लपका। अंपायर्स ने कैच की जांच भी की, लेकिन रिप्ले में साफ हुआ कि उनका पैर बाउंड्री रोप से नहीं लगा था। इस तरह फरेरा 19 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। मयंक यादव की धीमी गेंद पर जडेजा ने स्क्वेयर लेग की ओर खेलकर एक रन लिया। इसके बाद दूसरे रन के लिए बड़ी गलतफहमी देखने को मिली। जडेजा ने पहले रन के लिए कॉल किया, फिर अपने साथी डोनोवन फरेरा को वापस भेज दिया, जो आधे रास्ते तक पहुंच चुके थे। डीप से निकोलस पूरन का थ्रो काफी खराब रहा, जिसके बाद ऋषभ पंत ने गेंद पकड़कर बेल्स उड़ाईं, लेकिन वह भी संतुलन खो बैठे। इस बीच फरेरा ने डाइव लगाकर क्रीज में वापसी कर ली। 15वें ओवर में मयंक यादव की धीमी गेंद पर जडेजा ने लॉन्ग-ऑन की बाईं ओर शॉट लगाकर 2 रन पूरे किए। इसी के साथ राजस्थान की टीम ने अपने 100 रन भी पूरे कर लिए। 13वें ओवर में मोहम्मद शमी की गेंद पर डोनोवन फरेरा को जीवनदान मिला। लेग साइड पर फुल गेंद को फरेरा ने डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग की ओर खेला, जहां मयंक यादव ने कैच का गलत अंदाजा लगा लिया।

# निरंतरता बनाये रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे आज मुंबई और चेन्नई



मुंबई। अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम गुरुवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आमने-सामने होंगी तो वे अपने पूर्व कप्तानों रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की संभावित वापसी पर नजर रखकर अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगी। रोहित (हैमस्ट्रिंग) और धोनी (पिंडली में खिंचाव) वापसी की राह पर हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इनमें से कोई भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरेगा। रोहित ने मंगलवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले धोनी ने जमकर अभ्यास किया। इससे उनकी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में वापसी की संभावना बन गई है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि अब तक पांच-पांच खिताब जीतने वाली यह दोनों टीम कई समस्याओं से जूझ रही हैं। सीएसके ने प्रत्येक टीम की तरह टूर्नामेंट की शुरुआत फॉर्म और सही संयोजन की तलाश में की लेकिन जैसे ही वे लय में आने लगे, उसके युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए जो सीएसके के लिए बड़ा झटका है।

इससे सीएसके को बल्लेबाजी में नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ रही है। गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल को म्हात्रे की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है। सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों मिली हार के बाद सीएसके अपने सभी बल्लेबाजों से अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेगी। पिछले मैच में उसके मध्यक्रम के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। सरफराज खान ने अब तक 147 रन बनाए हैं लेकिन वह अभी तक अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए हैं, विशेषकर तब जबकि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने सिर्फ 82 रन बनाकर निराशाजनक प्रदर्शन किया है। इसी तरह संजू सैमसन (192 रन) पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा। उन्होंने इसी मैदान पर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। सीएसके लगातार दो मैचों में हार के सिलसिले को तोड़ने के लिए बेताब होगा।

वह मुंबई के खिलाफ हाल के अपनी रिकॉर्ड से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। उसने इन दोनों टीम के बीच पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल की है। दोनों टीम के अभी चार-चार अंक हैं। मुंबई बेहतर नेट रन रेट के कारण सीएसके से आगे है। अहमदाबाद में तिलक वर्मा के शानदार प्रदर्शन ने मुंबई इंडियंस को लगातार चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने में मदद की, लेकिन उसके लिए अब भी राह आसान नहीं है। मुंबई के लिए सबसे बड़ी चिंता भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और इस फ्रेंचाइजी टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या के फॉर्म को लेकर बनी हुई है। सूर्यकुमार अभी तक केवल एक अर्धशतक ही बना पाए हैं जबकि हार्दिक जरूरत पड़ने पर पारी को संभालने या आखिर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने में नाकाम रहे हैं।



# टेनिस जगत में धूम मचाने को तैयार है स्पेन का एक और राफा

एजेंसी



मैड्रिड। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ की उम्र केवल 22 वर्ष है, लेकिन उनके देश स्पेन में प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी के बारे में पहले से ही चर्चा हो रही है। इनमें से सबसे चर्चित नाम उस खिलाड़ी का है जिनका पहला नाम सर्वकालिक महान खिलाड़ी राफेल नडाल के समान है। यह खिलाड़ी है 19 वर्षीय राफेल जोडर, जो रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाने से स्पेन और पूरे टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहे हैं।

जोडर को नडाल की तरह राफा उपनाम से भी जाना जाता है। वह मैड्रिड ओपन में अपने पदार्पण से ठीक पहले शीर्ष 50 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। एक और होनहार खिलाड़ी 20 वर्षीय मार्टिन लैंडालुस हैं, जिन्होंने हाल में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई है। अल्काराज़ के कलाई में चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद मैड्रिड ओपन में यह दोनों दर्शकों के पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक होंगे।

अल्काराज इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह स्पेन में टेनिस को नए मुकाम तक पहुंचाने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा, ये दोनों एक-दूसरे की मदद से लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर पहुंचेंगे। उनका भविष्य उज्ज्वल है। जोडर एक साल पहले तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 600 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं थे। मार्च में उन्होंने शीर्ष 100 में प्रवेश किया और सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

जोडर ने कहा, मैं बचपन से ही दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करता रहा हूं। मैं शुरू से ही कोर्ट के अंदर और बाहर बहुत शांत स्वभाव का रहा हूं। मैं जानता हूं कि ऐसा समय भी आएगा जबकि परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं होंगी और ऐसे समय में आपकी मानसिक मजबूती की परीक्षा होती है। इस तरह का दौर मुझे और मजबूत बनाएगा। जोडर ने बार्सिलोना ओपन में तीन सीधे सेटों में जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में उन्हें आर्थर फिल्स से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

# बांग्लादेश टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

ढाका। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे पुरुष एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को बांग्लादेश टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया। आईसीसी मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने यह जुर्माना लगाया है क्योंकि मेहदी हसन मिराज की टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंके थे। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित नियम 2.22 के अनुसार किसी टीम के निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए उसके खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। मेहदी ने इस अपराध को स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित जुर्माने को मान लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी।

# भारत में एफवन रेस होगी शानदार : एलेक्स एल्बोन

नयी दिल्ली। भारत में फॉर्मूला वन (एफवन) की वापसी के प्रयासों के बीच विलियम्स के ड्राइवर एलेक्स एल्बोन ने बुधवार को कहा कि इसकी वापसी शानदार होगी और वह इसका हिस्सा बनने के लिए उत्साहित होंगे। इंडियन ग्रांप्री 2011 से 2013 तक आयोजित की गई थी, लेकिन कर और नौकरशाही संबंधी बाधाओं के कारण इसे बंद कर दिया गया था। खेल मंत्री मनसुख मांडविया अब 2027 सत्र से एफवन को भारत में वापस लाने के लिए प्रयासरत हैं। एल्बोन ने फैनकोड द्वारा आयोजित चुनिंदा संवाददाताओं से बातचीत में पीटीआई के प्रश्न के जवाब में कहा भारत में रेस होना शानदार होगा। मैं वहां ड्राइव करने के लिए उत्साहित रहूंगा।

# रोहित की सलाह, बिना कुछ सोचे 15 गेंद खेलो : तिलक

मुंबई। तिलक वर्मा ने बुधवार को बताया कि रोहित शर्मा ने उन्हें आईपीएल में शतक लगाकर फॉर्म में लौटने में मदद की जब उन्होंने सलाह दी कि मैच की स्थिति के बारे में अधिक सोचे बिना शुरुआती 15 से 20 गेंद खेलो।

तिलक ने नाबाद 101 रन बनाए जिससे मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस को 99 रन से हराकर लगातार चार मैच में हार का सिलसिला तोड़ दिया।

# भारत फीफा महिला विकास कार्यक्रम के 12 देशों में शामिल

एजेंसी



नयी दिल्ली। फुटबॉल के वैश्विक शासी निकाय फीफा द्वारा अपने महिला विकास कार्यक्रम के लिए बुधवार को चयनित 12 देशों में भारत को भी शामिल किया गया। इस सूची में जर्मनी, नीदरलैंड, स्वीडन, स्कॉटलैंड, कनाडा, मैक्सिको, फिनलैंड, घाना, जॉर्डन, लिथुआनिया और पैराग्वे भी शामिल हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के प्रारंभिक आवेदन के बाद फीफा ने भारत को इस कार्यक्रम में शामिल किए जाने की पुष्टि की।

एआईएफएफ ने वाणिज्यिक रणनीति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी थी। एआईएफएफ ने बताया कि यह कार्यक्रम मई से अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम फीफा द्वारा देश भर में महिला फुटबॉल से जुड़े विभिन्न हितधारकों के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाएगा। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा अब एआईएफएफ को एक वाणिज्यिक भागीदार का समर्थन प्राप्त है, जिससे यह कार्यक्रम क्लबों को स्थायी मॉडल बनाने के लिए आवश्यक उपकरण और जानकारी प्रदान करने के साथ ही उन्हें एएफसी (एशियाई फुटबॉल महासंघ) द्वारा शुरू की जाने वाली आगामी महिला क्लब लाइसेंसिंग प्रणाली के लिए भी तैयार करेगा।

एआईएफएफ के उप महासचिव एम. सत्यनारायण ने कहा, भारत में महिला फुटबॉल के व्यावसायिक पहलू को समग्र रूप से विकसित करने का यह बिल्कुल सही समय है। हमारी तीन महिला टीमों (सीनियर, अंडर-20 और अंडर-17) का एएफसी एशियाई कप के लिए अपने-अपने आयु वर्ग में क्वालीफाई करना हमारी क्षमता को दर्शाता है।


इसके साथ ही, अस्मिता अंडर-13 महिला फुटबॉल लीग ने हमें युवा स्तर पर आधार बनाने में मदद की है। उन्होंने कहा, अब जब क्लबों को व्यावसायिक रणनीतियां विकसित करने, प्रायोजन हासिल करने, प्रशंसकों को जोड़ने और अन्य कई चीजों पर इस तरह का क्षमता-निर्माण प्रशिक्षण मिलेगा, तो पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ होगा। मुझे लगता है कि फीफा की यह पहल उत्कृष्ट है और हमें इसके लिए चुने जाने की खुशी है। हमें उम्मीद है कि महिला फुटबॉल से जुड़े क्लबों और हितधारकों को इससे लाभ होगा।

# अभिषेक शतक को आसान बना देते हैं : पुजारा

एजेंसी

हैदराबाद। भारत के पूर्व क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने अभिषेक शर्मा की तारीफ करते हुए उन्हें एक खास प्रतिभा बताया है। सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज के आईपीएल मैच में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाकर अपनी टीम को आसान जीत दिलाने के बाद पुजारा ने उनकी तारीफ की। अभिषेक ने तूफानी पारी खेलते हुए 68 गेंद में नाबाद 135 रन बनाए जिससे सनराइजर्स ने दो विकेट पर 242 रन बनाए और फिर 47 रन से जीत दर्ज की। पुजारा ने कहा, अभिषेक शर्मा ने शानदार पारी खेली और अपना दूसरा आईपीएल शतक (इस सत्र का पहला) बनाया।


वह शतक बनाना बहुत आसान कर देते हैं। उन्होंने आगे कहा, उनके रन सनराइजर्स के लिए बहुत अहम होते हैं क्योंकि अक्सर उन्हीं की वजह से टीम जीतती है। वह एक खास प्रतिभा हैं। जब वह इस तरह का प्रदर्शन करते हैं तो उनका स्तर हर किसी को साफ दिखाई देता है। बहुत कम बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा जैसी प्रतिभा और स्तर होता है। दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज अभिषेक मंगलवार को पूरी लय में थे। उन्होंने इस एकतरफा मुकाबले में 10 छक्के और उतने ही चौके जड़े। अभिषेक का भाग्य ने भी साथ दिया जब 50 रन के निजी स्कोर पर विकेट के पीछे लोकेश राहुल ने उन्हें जीवनदान दिया। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह के लिए यही मैच का टर्निंग प्वाइंट (मैच का रुख बदलने वाला लम्हा) था। हरभजन ने कहा वह छूटा हुआ रन आउट मैच का सबसे अहम पल था। अगर अभिषेक शर्मा आउट हो गए होते तो मैच का नतीजा कुछ और हो सकता था।



हरभजन ने भारतीय गेंदबाजों को चेतावनी दी कि वे अपनी लाइन और लेंथ को और बेहतर करें और अनुशासन बनाए रखें जिससे कि अधिक स्कोर वाले मुकाबलों में बल्लेबाज उनके खिलाफ अधिक रन नहीं बना पाएं। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच वरुण आरोन ने कहा कि अभिषेक शर्मा जैसे ज्यादा जोखिम, ज्यादा इनाम की रणनीति पर चलने वाले खिलाड़ी का बीच में खराब प्रदर्शन करना अपरिपक्वता का संकेत नहीं है। आरोन ने कहा कि परिपक्व हुए बिना कोई भी दुनिया का नंबर एक टी20 बल्लेबाज नहीं बन सकता और उनके जैसे असाधारण खिलाड़ी को कुछ छूट मिलनी चाहिए। अभिषेक ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शुरू से लेकर आखिर तक बल्लेबाजी करते हुए 68 गेंद पर नाबाद 135 रन बनाए जिससे उनकी टीम ने यह मैच 47 रन से जीता। इस सलामी बल्लेबाज की टी20 विश्व कप में शुरुआत निराशाजनक रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लय हासिल कर ली थी।

# असम में कांग्रेस को मिलेगी सबसे बड़ी हार

## कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पायेगी: शाह



कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पायेगी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस पार्टी से जुड़ाव उन्हें राजनीतिक रूप से और कमजोर करेगा।

शाह ने न्यू बैरकपुर के निकट दमदम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि कांग्रेस कई राज्यों में करारी हार की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि तमिलनाडु और पुडुचेरी में कांग्रेस दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पायेगी। पश्चिम बंगाल में तो आप अपना खाता भी नहीं खोल पाएंगे और असम में कांग्रेस को अब तक की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ेगा। बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि ममता दीदी, आप इसी कांग्रेस के साथ बैठी हैं। आपकी स्थिति भी बदतर होने वाली है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर राहुल गांधी की संगति में आकर राजनीतिक संवाद का स्तर गिराने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, आप मोदी जी को जितने अधिक अपशब्द कहेंगे, कमल उतना ही अधिक खिलेगा... राहुल गांधी के साथ रहकर खरगे जी की भी भाषा बिगड़ने लगी है। कांग्रेस बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। घुसपैठ को चुनाव का मुख्य मुद्दा बनाने की कोशिश करते हुए, शाह ने मतदाताओं से न केवल विधायकों को चुनने या सरकार बनाने के लिए, बल्कि पश्चिम बंगाल को बदलने के लिए भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया। शाह ने कहा, किसी विधायक को चुनने या केवल भाजपा सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठियों से मुक्त बंगाल बनाने के लिए अपना मत डालें। केंद्रीय मंत्री ने कानून-व्यवस्था, औद्योगिक गिरावट और राज्य में अवैध घुसपैठियों की कथित मौजूदगी को लेकर भी ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि ममता दीदी की वजह से औद्योगिक इकाइयां बंगाल से बाहर जा रही हैं, लेकिन भाजपा की वजह से गुंडे बंगाल से भाग जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में महिलाएं तृणमूल कांग्रेस के शासन के तहत अब सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं। पश्चिम बंगाल की बेटियां पूरी तरह असुरक्षित हो गई हैं। मैं वादा करता हूं कि पांच मई के बाद हम राज्य की माताओं, बहनों और बेटियों को भय से मुक्त कराने के लिए काम करेंगे। उत्तर 24 परगना के हाबरा में एक और रैली को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने एक बार फिर खरगे की आलोचना की और दावा किया कि राहुल गांधी की संगति में रहने के कारण कांग्रेस अध्यक्ष सही ढंग से सोच नहीं पा रहे हैं।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ा है इजराइल

यरूशलम। इजराइल ने बुधवार को आतंकवाद के हर रूप से दृढ़तापूर्वक लड़ने का संकल्प लेते हुए पहलगाम हमले की पहली बरसी पर भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त की।

पिछले साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर, हम जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद करते हुए इजराइल की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ अपनी लड़ाई में दृढ़ और अडिग बना हुआ है। विदेश मंत्री ने कहा, भारत के साथ मिलकर, हम इस खतरे का दृढ़ संकल्प से सामना करने तथा शांति, सुरक्षा और स्थिरता को आगे बढ़ाने के लिए अपने सहयोग को मजबूत करना जारी रखेंगे। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने पिछले वर्ष इसी दिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हमला किया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इनमें अधिकतर पर्यटक थे।

## होर्मुज की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मिशन पर काम कर रहे ब्रिटेन-फ्रांस

लंदन। ब्रिटेन और फ्रांस करीब 30 देशों के सैन्य योजनाकारों को एक मंच पर लाने की कोशिश में जुटे हुए हैं ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित मिशन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा सके। यह मिशन तब लागू होगा जब प्रमुख समुद्री मार्ग फिर से खुल जाएगा। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लंदन स्थित एक कमांड एवं नियंत्रण केंद्र में आयोजित दो दिवसीय बैठक का उद्देश्यै कूटनीतिक सहमति को विस्तृत सैन्य योजना में बदलनौ है। प्रस्तावित योजना के तहत एक अंतरराष्ट्रीय मिशन के जरिए वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा, समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों को हटाने और क्षेत्र में आपसी विश्वास बहाल करने का काम किया जाएगा। हालांकि, यह मिशन अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच स्थायी युद्धविराम पर निर्भर करेगा। फ्रांस और ब्रिटेन समेत कई देशों ने इस मिशन के लिए युद्धपोत और माइन-क्लियरिंग ड्रोन भेजने का आश्वासन दिया है। उन्हें विश्वास है कि अगले दो दिनों में इस दिशा में वास्तविक प्रगति हो सकती है।

### संक्षेप

## होमस्टे में अमेरिकी महिला का यौन उत्पीड़न, दो गिरफ्तार

कर्नाटक। एक होमस्टे के एक कर्मचारी ने अमेरिकी महिला का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना एक सप्ताह पहले कुट्टा गांव स्थित एक होमस्टे में हुई थी। पुलिस ने बताया कि झारखंड के मूल निवासी एक कर्मचारी को इस घटना के संबंध में गिरफ्तार किया गया है। वह होमस्टे के आतिथ्य विभाग में काम करता था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि होमस्टे के मालिक को भी इस घटना के संबंध में गिरफ्तार किया गया है क्योंकि महिला द्वारा कथित यौन उत्पीड़न की शिकायत किए जाने पर उसने पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी। पुलिस के अनुसार बाद में, जब उसने इस घटना के बारे में होमस्टे के मालिक को बताया तो उसने मामले को कथित तौर पर दबाने की कोशिश की और तीन दिनों के लिए वाई-फाई सेवा बंद कर दी, ताकि वह उस दौरान किसी से संपर्क नहीं कर सके। पुलिस के अनुसार बाद में इंटरनेट पहुंच प्राप्त होने पर महिला ने कथित तौर पर मैसूरु जाने का बहाना बनाकर परिसर छोड़ा और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों से सम्पर्क किया, जिन्होंने पुलिस से संपर्क में मदद की। महिला की शिकायत के आधार पर यौन उत्पीड़न का एक मामला दर्ज किया गया है।

# आतंकवाद को पराजित करने के लिए भारत दृढ़ संकल्पित: राष्ट्रपति



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले की बरसी पर पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि देश हर जगह आतंकवाद को उसके सभी रूपों में हराने के अपने दृढ़ संकल्प पर कायम है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, उस जघन्य कृत्य में निर्दोष लोगों की दुखद मौत हमारी सामूहिक स्मृति में अंकित है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।

पूरा देश उनके साथ खड़ा है। आतंक के ऐसे कृत्य शांति और एकता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को नहीं रोक सकते। मुर्मू ने कहा कि हम हर जगह आतंकवाद को उसके सभी स्वरूपों में पराजित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

# दोष मुक्त नहीं हो सकते यासीन मलिक



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि वरिष्ठ नेताओं और नौकरशाहों के नाम लेने से अलगाववादी नेता यासीन मलिक को दोषमुक्त नहीं किया जा सकता है और न ही हाफिज सईद जैसे आतंकवादियों के साथ उसके संबंधों को नकारा जा सकता है।

आतंकी वित्तपोषण मामले में मलिक की आजीवन कारावास की सजा को मृत्युदंड में बदलने की याचिका पर एनआईए ने मलिक के जवाब में एक प्रत्युत्तर (रिज्वाइंडर) दाखिल किया। एजेंसी ने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) का प्रमुख कई आतंकवादी संगठनों और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के समर्थकों के साथ पूरी तरह से जुड़ा हुआ है और उसने लोकप्रियता तथा जनता की सहानुभूति हासिल करने के लिए वरिष्ठ नेताओं, मीडियाकर्मियों, विदेशी प्रतिनिधियों और नौकरशाहों के नाम लिये। एनआईए ने कहा कि मलिक को इस मामले को फिर से उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि उसके खिलाफ लगे आरोपों के परिणामस्वरूप उसे दोषी ठहराया जा चुका है और उसे आपत्तियां दर्ज कराने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया था। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रवींद्र दुदेजा की पीठ ने एनआईए के प्रत्युत्तर को रिकॉर्ड में दर्ज किया और एजेंसी की अपील पर सुनवाई की तिथि 21 जुलाई तय की। मलिक तिहाड़ जेल से ऑनलाइन ढंग से मामले की सुनवाई में पेश हुए। पीठ ने मलिक को बताया कि जेल अधिकारियों के माध्यम से उन्हें जवाब की एक प्रति उपलब्ध कराई जायेगी। दोषी ने स्वयं स्वीकार किया है कि वह जेकेएलएफ का कमांडर-इन-चीफ था। (जवाब में) वरिष्ठ नेताओं, मीडियाकर्मियों, विदेशी प्रतिनिधियों और नौकरशाहों के नाम लेने से संबंधित बाकी बातें केवल लोकप्रियता हासिल करने और जनता की सहानुभूति बटोरने के लिए हैं और इनका इस मामले से कोई संबंध नहीं है। बहुत विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया जाता है कि वरिष्ठ नेताओं और वरिष्ठ नौकरशाहों के नामों का मात्र उल्लेख करने से दोषी ठहराए गए लोगों के आतंकवादी हाफिज सईद और अन्य आतंकवादियों के साथ संबंधों को नकारा नहीं जा सकता है।

यासीन मलिक ने स्वीकार किया है कि वह जेकेएलएफ का कमांडर-इन-चीफ था और उसने खुद यह बात मानी है कि उसके हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के प्रमुख सईद सलाउद्दीन से संबंध थे। एनआईए ने अपने जवाब में मलिक द्वारा खुद को बलि का बकरा बताये जाने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि ऐसे बयान न्यायिक प्रक्रिया के लिए अनुचित हैं। एनआईए ने कहा कि मलिक के खिलाफ मामला सबूतों पर आधारित है, न कि सुनी-सुनाई बातों या भावनात्मक बयानों पर।

# राहुल गांधी की कोलकाता में होने वाली रैलियां पुनर्निर्धारित



कोलकाता। कांग्रेस ने पुलिस से अनुमति न मिलने के कारण राहुल गांधी की 23 अप्रैल को कोलकाता और श्रीरामपुर में होने वाली रैलियों को रद्द करने के एक दिन बाद बुधवार को पुलिस अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद उन्हें 25 अप्रैल के लिए पुनर्निर्धारित कर दिया।

पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, राहुल गांधी की पहली रैली कोलकाता के शहीद मीनार मैदान में दोपहर करीब ढाई बजे होगी, और दूसरी रैली 25 अप्रैल को हुगली जिले के श्रीरामपुर में होगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले, कांग्रेस ने कोलकाता के रामलीला पार्क (पार्क सर्कस मैदान) और मटियाबुर्ज में गांधी की दो रैलियां, और श्रीरामपुर स्टेडियम में 23 अप्रैल को होने वाली एक अन्य रैली रद्द कर दी थी, क्योंकि प्रशासन ने इसके लिए ज़रूरी मंजूरी नहीं दी थी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के इशारे पर रैलियों की अनुमति नहीं दी गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभांकर सरकार ने दावा किया कि मालदा और मुर्शिदाबाद में गांधी की हालिया रैलियों को मिली जोरदार प्रतिक्रिया से तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों घबरा गई है।

पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव दो चरणों 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे। मतगणना चार मई को होगी।


# आवास परियोजना धोखाधड़ी मामले में अभिनेत्री नुसरत कोलकाता में ईडी के समक्ष पेश

कोलकाता। अभिनेत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद नुसरत जहां बुधवार को एक आवास परियोजना से जुड़े धोखाधड़ी मामले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सॉल्ट लेक स्थित कार्यालय में पेश हुईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जहां अपने अभिनेता पति यश दासगुप्ता के साथ सुबह सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंचीं लेकिन उन्होंने पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि उन्हें आवास धोखाधड़ी मामले की जारी जांच के सिलसिले में तलब किया गया है क्योंकि पिछले कुछ महीनों में कुछ नई जानकारियां सामने आई हैं, जिसके चलते उनकी पेशी जरूरी थी। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी द्वारा राजारहाट में एक आवास परियोजना से जुड़े धोखाधड़ी के आरोपों की जांच की जा रही है जहां एक कंपनी ने फ्लैट उपलब्ध कराने के वादे पर खरीदारों से कथित तौर पर पैसे लिए लेकिन उन्हें फ्लैट उपलब्ध नहीं कराए। जांच के दायरे में आई कंपनी में नुसरत जहां पहले निदेशक के रूप में जुड़ी थीं। इससे पहले 2023 में इसी मामले के सिलसिले में एजेंसी ने अभिनेत्री से करीब छह घंटे तक पूछताछ की थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता शंकुदेव पांडा द्वारा दर्ज कराई गई इस शिकायत में आरोप लगाया था कि 2014-15 के दौरान इस फर्म ने 400 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को धोखा दिया था, जिन्हें 1,000 वर्ग फुट के फ्लैट देने का वादा किया गया था और इसके बदले में उनसे लगभग 5.5 लाख रुपये प्रति व्यक्ति लिए गए थे। शिकायतकर्ताओं को कथित तौर पर न तो फ्लैट मिले और न ही धन वापस मिला।

### इंटरटेनमेंट...

# मेकिंग ऑफ धुरंधर साल के आखिर में होगी रिलीज



मुंबई। धुरंधर और धुरंधर 2 की कामयाबी के बाद अब डायरेक्टर आदित्य धर फैंस के लिए तीसरी बार धुरंधर को बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि ये कोई फिल्म नहीं होगी, बल्कि धुरंधर बनने की कहानी होगी। मेकिंग ऑफ धुरंधर में फिल्ममेकिंग, शूटिंग के साथ-साथ फिल्म के कलाकारों के इंटरव्यू भी शामिल किए जाएंगे। फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर अक्सर अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्ममेकिंग के विजुअल्स शेयर करते रहते हैं, हालांकि हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अब फैंस बड़े पर्दे पर देख सकेंगे कि फिल्म के सभी किरदार कैसे बनाए गए और कैसे फिल्म के सभी भव्य शॉट शूट किए गए हैं।

**धुरंधर फैंस के लिए गुड न्यूज**

रिपोर्ट के अनुसार, धुरंधर और धुरंधर 2 से जुड़ा क्रैज देखते हुए मेकर्स ने इसकी मेकिंग की कहानी लाने का बड़ा फैसला लिया है। ये फिल्म इसी साल के अंत तक रिलीज की जाएगी, जिसके बाद इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लाने की भी तैयारी है। बता दें कि फिल्म का ओटीटी पार्टनर नेटफ्लिक्स है। धुरंधर 2, 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म का क्लैश पहले केजीएफ स्टार यश की फिल्म टॉक्सिक से होना था, हालांकि रिलीज से पहले ही टॉक्सिक की रिलीज टेड टाल दी गई। अब टॉक्सिक जून में रिलीज होगी। इसके अलावा भी क्लैश से बचने के लिए कई फिल्में टाल दी गईं। धुरंधर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1758 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

# 'राजा शिवाजी' में बाल शिवाजी बने 10 साल के राहिल देशमुख



मुंबई। रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। इस फिल्म के जरिए रितेश और जेनेलिया के छोटे बेटे राहिल देशमुख अपना एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। 10 साल के राहिल फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज के बचपन का किरदार निभा रहे हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, रितेश खुद मुख्य भूमिका यानी छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन भी रितेश ने ही किया है। यह पहली बार है जब देशमुख परिवार की नई पीढ़ी बड़े पर्दे पर कदम रख रही है।

जेनेलिया, जिन्होंने फिल्म को प्रोड्यूस किया है और इसमें सईबाई का किरदार भी निभाया है। 2016 में जन्में राहिल राहिल का जन्म 2016 में हुआ था। अक्सर पैपराजी को हाथ जोड़कर 'नमस्ते' करने वाले राहिल को अपने पहले ही प्रोजेक्ट के लिए एक चुनौतीपूर्ण ऐतिहासिक किरदार के लिए चुना गया है।

फिल्म में राहिल उस दौर को दिखाएंगे जब शिवाजी महाराज 'स्वराज्य' का सपना बुन रहे थे।

# रणवीर सिंह ने डॉन 3 का साइनिंग अमाउंट लौटाया



मुंबई। लंबे विवाद के बाद अब रणवीर सिंह ने डॉन 3 को आधिकारिक तौर पर छोड़ दिया है। मेकर्स से विवाद बढ़ने के बाद अब एक्टर 10 करोड़ रुपए का साइनिंग अमाउंट भी लौटा चुके हैं। देखना होगा कि अब फरहान अख्तर उन्हें रिप्लेस करते हैं या फिल्म को टालते हैं। हाल ही में आई फ्री प्रेस जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर सिंह ने साइनिंग अमाउंट लौटाने के साथ-साथ अपनी अगली फिल्म में फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट को प्रॉफिट में हिस्सेदारी देने का भी आश्वासन दिया है। लेकिन प्रॉफिट पर्सेंट क्या होंगे, ये तय नहीं है। फिलहाल एक्सेल एंटरटेनमेंट और रणवीर सिंह की तरफ से इन दावों की पुष्टि नहीं की गई है।

**क्रिएटिव डिफरेंस से शुरू हुआ था विवाद आमिर ने की थी मामला सुलझाने की कोशिश**

# सलमान की नयी फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू



मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान और साउथ एक्ट्रेस नयनतारा की नई फिल्म की शूटिंग मुंबई में आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। यह पहली बार है जब ये दोनों बड़े सितारे एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। सलमान इस बार साउथ के फिल्ममेकर वामशी पेडिपल्ली और प्रोड्यूसर दिल राजू के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म को अस्थायी नाम एसबीसी63 दिया गया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। फिल्म का डायरेक्शन वामशी पेडिपल्ली कर रहे हैं। वामशी बड़े स्केल पर फिल्में बनाने के साथ-साथ उनमें मजबूत इमोशनल कहानी पिरोने के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म के जरिए वे सलमान और नयनतारा की अपनी-अपनी खूबियों को एक बड़े विजन के साथ जोड़ने की कोशिश करेंगे। फिल्म में हाई-लेवल एक्शन के साथ-साथ किरदारों के बीच की इमोशनल जर्नी भी दिखाई जाएगी। सूत्रों की मानें तो फिल्म में हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे, जो दर्शकों को एक नया अनुभव देंगे।

**एक्शन थ्रिलर फिल्म में पहली बार साउथ एक्ट्रेस नयनतारा के साथ दिखेंगे**

फिल्म की विजुअल क्वालिटी और कहानी को नेशनल लेवल की ऑडियंस के हिसाब से डिजाइन किया गया है। एसबीसी63 बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर है, जिसे बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। इसमें हिंदी और दक्षिण भारतीय इंडस्ट्री के कलाकार शामिल होंगे। बताया गया है, 'यह फिल्म सलमान खान को पर्दे पर एक ऐसे अवतार में पेश करेगी, जैसा उनके फैंस ने इससे पहले कभी नहीं देखा होगा। इस मेगा प्रोजेक्ट को श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले दिल राजू प्रोड्यूस कर रहे हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com